कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस , राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और वाम दलों समेत 15 विपक्षी दलों के नेता गुरुवार को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू से मिले और विवादास्पद तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की। उपराष्ट्रपति सचिवालय के सूत्रों ने यहां बताया कि विपक्षी नेताओं ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग के अलावा पेगासस जासूसी कांड, डीजल -पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि और महंगाई के मुद्दे पर चर्चा की। विपक्षी नेताओं ने संसद के हाल ही में समाप्त हुए मानसून सत्र के दौरान मार्शलों - सुरक्षाकर्मियों के बर्ताव को लेकर भी उपराष्ट्रपति के साथ बातचीत की। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा , कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इलावरम करीम, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के तिरुचि शिवा और अन्य नेता उपराष्ट्रपति से मुलाकात करने वाले नेताओं में शामिल थे। सूत्रों के अनुसार इन नेताओं ने विपक्षी नेताओं ने

राज्यसभा के बैठक के के दौरान सदन में अत्याधिक मार्शलों की तैनाती और सदस्यों के प्रति उनके बर्ताव का मामला उठाया।

विपक्षी नेताओं ने कहा कि मानसून सत्र को निर्धारित समय से पहले समाप्त करने पर सरकार के साथ सहमति बनी थी। इस दौरान केवल अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन 127 वां विधेयक 2021% पारित करने पर सहमति बनी थी। सदन में सरकार ने साधारण बीमा से संबंधित विधायक भी विपक्ष पर थोपने का प्रयास किया। इस कारण विपक्षी नेताओं को विरोध करने पर उतरना पड़ा। इसलिये सदन में अव्यवस्था और शोर-शराबे की स्थिति बनने का जिम्मेदार विपक्षी नेताओं को नहीं ठहराया जा सकता। गौरतलब है कि संसद का सत्र 13 अगस्त तक था लेकिन राज्यसभा और लोकसभा में पक्ष और विपक्ष के बीच बने गतिरोध के कारण इसे 11 अगस्त को ही समाप्त करना पड़ा।

सत्र के दौरान राज्यसभा में विपक्ष ने भारी हंगामा किया और सदन में महासचिव की मेज पर विपक्षी दल के सदस्य चढ़कर बैठ गए। हंगामे के दौरान ही संसद की एक महिला सुरक्षा कर्मी को चोट आई। खबरों के अनुसार सदस्यों और मार्शल के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि राज्यसभा में मार्शलों ने उसकी सदस्य छाया वर्मा के साथ मारपीट की।

विपक्षी सदस्यों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो : सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)

सरकार ने विपक्षी दलों के सदस्यों पर मानसून सत्र के दौरान संसदीय गरिमा और परम्पराओं को शर्मसार करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ राज्यसभा के सभापति से कठोर कार्रवाई करने की गुरुवार को मांग की। सरकार के आठ मंत्रियों ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्षी दल के सदस्य कार्रवाई की डर से मार्शल द्वारा हाथापाई किये जाने के झूठे आरोप लगा रहे हैं और वे देश को गुमराह करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले दिन से ही संसद की कार्यवाही नहीं चलने देना चाहता था, खासकर राज्यसभा में वह काफी आक्रामक था और उसने इस दौरान सभापीठ पर बेबुनियाद आरोप लगाये। मंत्रियों ने सभापति से सदन में चार, नौ और 11 अगस्त की हुई घटनाओं की जांच विशेष समिति से कराने तथा दोषी सदस्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। संवाददाता सम्मेलन में राज्यसभा में सदन के नेता और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, सदन में उपनेता और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, श्रम मंत्री



भूपेन्द्र यादव, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन एवं अर्जुनराम मेघवाल उपस्थित थे।

श्री गोयल ने कहा कि इस सत्र के दौरान न केवल नये केंद्रीय मंत्रियों का परिचय कराने से रोका गया, बल्कि मंत्री के हाथ से दस्तावेज छीना गया, एक चेम्बर का कांच तोड़ गया, जिसमें एक महिला मार्शल घायल हो गयी।

निरंकारी कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों को आईसीयू और टेलीमेडिसिन सेंटर की सुविधा

विकास सैनी.ओपन सर्च

नई दिल्ली। दिल्ली के निरंकारी कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों को अब आईसीयू और टेलीमेडिसिन सेंटर की सुविधा मिल सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्री सत्येंद्र जैन ने आज यहां 300 आईसीयू बेड और टेलीमेडिसिन सेंटर का शुभारम्भ किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अब दिल्ली के डॉक्टर यहां भर्ती मरीजों के इलाज के लिए ब्रिटिश डॉक्टरों से विचार-विमर्श कर सकेंगे।

म्हमने ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन के 750 डॉक्टरों के साथ मिलकर आईसीयू व टेलीमेडिसिन सेंटर शुरू किया है। कोविड केयर सेंटर में आईसीयू की सुविधा नहीं होने की वजह से कुछ मरीज भर्ती नहीं होते थे। इसी के मद्देनजर सरकार ने यहां आईसीयू बेड बना दिए हैं। सेंटर में 90 फीसदी से अधिक मरीज ठीक होकर घर गए हैं। केवल 5 से 7 फीसदी मरीजों को रैफर करना पड़ा और एक भी मरीज की मौत नहीं हुई।

दिल्ली सरकार का 800 बेड का कोविड केयर सेंटर दुनिया भर में बने फील्ड अस्पतालों में इकलौता अस्पताल है, जहां आईसीयू बेड और वेंटिलेटर समेत सभी सुविधाएं हैं। पहले किसी को उम्मीद नहीं थी कि मैदान में ऐसा शानदार अस्पताल बनाया जा सकता है, लेकिन केजरीवाल सरकार ने यह करके दिखाया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री श्री सत्येंद्र जैन ने तिमारपुर विधायक श्री दिलीप पांडे के साथ निरंकारी मैदान स्थिति कोविड केयर सेंटर में 300 आईसीयू बेड और आईसीयू टेलीमेडिसिन सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री सतेंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार ने कोविड केयर सेंटर अस्पताल बनाया है। यह देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में बने फील्ड अस्पतालों में ऐसा इकलौता अस्पताल है, जहां पर आईसीयू बेड और वेंटिलेटर सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वातानुकूलित अस्पताल में 308 बेड के आईसीयू के साथ पाइप के जरिए ऑक्सीजन की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पहले किसी को उम्मीद नहीं थी कि मैदान में इस तरह का शानदार अस्पताल बनाना संभव है, लेकिन दिल्ली सरकार ने यह करके दिखाया है। इसके लिए डॉक्टरों के साथ सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीज को सबसे ज्यादा सहानुभूति की जरुरत होती है।

कई अस्पतालों में मरीज को अच्छा इलाज मिलता है, लेकिन प्यार से देखभाल नहीं की जाती। लेकिन यहां कोविड केयर सेंटर में मरीजों की बेहतर देखभाल की जा रही है। कई मरीजों ने बताया कि यहां डॉक्टर और स्टाफ ने उनकी बहुत अच्छी देखभाल की है। स्वास्थ्य मंत्री श्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि इस कोविड केयर सेंटर में भर्ती होने वाले 90 फीसद से अधिक मरीज यहां से ठीक होकर घर गए। सिर्फ 5 से 7 फीसद मरीजों को ही यहां से रैफर करना पड़ा। कोविड केयर सेंटर में एक भी मौत नहीं हुई। यहां से रैफर होने वाले मरीजों को बुराड़ी अस्पताल में भर्ती किया गया। उन्होंने कहा कि कोविड केयर सेंटर में काफी मरीज सिर्फ इस वजह से भर्ती नहीं होते थे, क्योंकि यहां पर आईसीयू नहीं था। मरीजों का

टेलीमेडिसिन सेंटर के माध्यम से दिल्ली के डॉक्टर ब्रिटिश डॉक्टरों से परामर्श लेकर कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों का कर सकेंगे इलाज : सत्येंद्र जैन

केजरीवाल सरकार ने ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन के 750 डॉक्टरों के साथ मिलकर आईसीयू टेलीमेडिसिन सेंटर शुरू किया : सत्येंद्र जैन

कोविड केयर सेंटर में आईसीयू की सुविधा नहीं होने की वजह से कुछ मरीज भर्ती नहीं होते थे, इसलिए केजरीवाल सरकार ने यहां आईसीयू बेड बना दिए हैं : सत्येंद्र जैन

मानना था कि आईसीयू बेड की जरुरत पड़ी, तो वे क्या करेंगे? इसलिए अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने यहां आईसीयू बेड बना दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (बीएपीआईओ) के साथ मिलकर टेलीकंसल्टेशन की सुविधा शुरू की है। दूसरे डॉक्टर के साथ विचार-विमर्श करने से यहां इलाज कर रहे डॉक्टर का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। हमारे डॉक्टरों को काफी जानकारी है, इसके बावजूद एक बीमारी पर किसी दूसरे डॉक्टर के साथ चर्चा कर लेने से उपचार प्रक्रिया को लेकर आत्मविश्वास का स्तर बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे डॉक्टरों को बीएपीआईओ कंसल्टेशन का काफी फायदा मिलेगा।

इसके अलावा हमारे डॉक्टर जो जानकारी साझा करेंगे, उससे वहां के डॉक्टर को भी फायदा जरूर होगा, क्योंकि नए तरीके के मामले देखने को मिलेंगे और नई जानकारियां मिलेंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा कि इस तरह के ज्ञान साझा करने वाले प्लेटफार्म हर स्तर पर बनाए जाएं। 20 साल से उपलब्ध जिस तकनीकि का इस्तेमाल नहीं हो रहा था, कोरोना महामारी के दौर में उसका इस्तेमाल होने लगा है।

किन्नौर हादसा : मरने वालों की संख्या 14 हुई

शिमला (एजेंसी) हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में कल पहाड़ी धसकने की दुर्घटना में आज चार शव और मिलने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। पुलिस व

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि बचाव एवं राहत कार्य आज सुबह फिर शुरू किया गया। पहाड़ से गिरती चट्टानों के मलबे में दबी बस भी मिली है। बस के अलावा कुछ अन्य वाहन भी मलबे में दब गये थे।

बचाव एवं राहत कार्य में एनडीआरएफ, आईटीबीटी, पुलिस व होमगार्ड लगे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने किन्नौर के भावानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की।हादसे में 13 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

यूपी सरकार ने वर्ष 2022 तक 10 हजार मेगावाट से ज्यादा सौर ऊर्जा उत्पादन का तय किया लक्ष्य, होगा निवेश

यूपी में सौर ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश से लोगों को स्थायी रोजगार मिला है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कमी दूर होने के साथ पर्यावरण को भी लाभ हो रहा है। अब सरकार ने वर्ष 2022 तक 10700 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य तय किया है।

लखनऊ (एजेंसी) उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे निवेश से नौकरियों के रास्ते खुल गए हैं। सूबे की नई सौर ऊर्जा नीति 2017 के तहत अब गांव-गांव में सौर ऊर्जा की रोशनी अंधेरे को मिटा रही है। तो दूसरी तरफ सौर ऊर्जा के उत्पादन की दिशा में बड़े निवेशकों ने आगे आ रहे हैं। बीते चार वर्षों में 1370 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं लग चुकी हैं और 417 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा कई सौर ऊर्जा परियोजनाओं के निवेश संबंधी प्रस्ताव प्रदेश सरकार को मिले हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के अनुसार सोलर पार्क और अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क की स्थापना के लिए वर्ष 2022 तक 10700 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। यूपी में सौर ऊर्जा की परियोजनाओं में हुए निवेश से हजारों लोगों को स्थायी रोजगार मिला है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कमी दूर होने के साथ ही पर्यावरण को भी लाभ हो रहा है।

फिलहाल अब राज्य में सोलर पैनल, सोलर लाइट, सोलर बैटरी तथा सोलर कूकर आदि का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लोगों को रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सौर ऊर्जा नीति का परिणाम है कि इस क्षेत्र में निवेश हो रहा है। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निजी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2017 में सौर ऊर्जा नीति तैयार कराई थी, जिसके तहत सोलर पार्क की स्थापना और सौर ऊर्जा को थर्ड पार्टी विक्रय के लिए ओपन एक्सेस दिया गया। इस नीति के प्रोत्साहन प्राविधानों के तहत

ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 100 फीसद स्टाम्प ड्यूटी में छूट और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में 10 वर्ष तक 100 फीसदी छूट का प्रावधान किया गया।

इस नीति का लाभ लेते हुए बुंदेलखंड के सातों जिलों बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में अब तक कुल 11 सौर ऊर्जा प्राइवेट कंपनियां अपने सौर प्रोजेक्ट स्थापित कर चुकी हैं। इनसे साढ़े 500 मेगावाट से ज्यादा बिजली रोजाना मिल रही है। यहीं नहीं अब तक अछूते रहे विश्व प्रसिद्ध धार्मिक क्षेत्र चित्रकूट में भी अब सौर ऊर्जा उत्पादन शुरू हो गया है। चित्रकूट में एक निजी कंपनी ने छीबों गांव में 25 मेगावाट का सौर ऊर्जा यंत्र चालू कर दिया है। चित्रकूट जिले के मऊ छीबों गांव में 50 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्लांट भी लगाया गया है। आरईसी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी 50 मेगावाट का सोलर प्लांट कानपुर देहात में तथा 75 मेगावाट का सोलर प्लांट जालौन में लगाने की पहल की है। कई अन्य निजी कंपनियां भी राज्य के विभिन्न जिलों में सोलर प्लांट लगा रही हैं। सौर ऊर्जा के उत्पादन की दिशा में तेजी से हो रहे निवेश को देखते हुए सरकार ने भी इस सेक्टर पर ध्यान केंद्रित किया हैं।

जिसके चलते प्रदेश में 8,905 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार हुई दो दर्जन से अधिक सौर पावर परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। इसके साथ ही सरकार के प्रयास से प्रदेश में 235 मेगावाट क्षमता के सोलर रूफटॉप स्थापित हो चुके हैं। अब गांवों में बाजारों और सड़कें सोलर स्ट्रीट लाईटों से जगमगाने लगी हैं।

इसी प्रकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की मदद से 25569 बाजारों में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री समग्र ग्राम्य विकास योजना में चयनित राजस्व ग्रामों में 13791 सोलर स्ट्रीट लाइट संयंत्रों को लगाने का काम किया गया है। किसानों को लाभ देने के लिये सिंचाई में उपयोगी 19579 सोलर पम्प लगाए हैं। गांव में घर-घर तक एक लाख 80 हजार सोलर पावर संयंत्रों की स्थापना ने गांव की तस्वीर बदल दी है। उत्तर प्रदेश के लोग जहां पिछली सरकारों में चार घंटे बिजली सप्लाई को तरसते थे, वहीं योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद से सौर ऊर्जा की मदद से बिजली संकट से जन-जन को छुटकारा मिल गया है।

सरकार की पहल का असर है कि वाणिज्यिक भवनों में ऊर्जा की बचत के लिये 'ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता 2018' लागू हो गई है। सरकार ने जैव ऊर्जा उद्यम प्रोत्साहन नीति के तहत 2492 करोड़ रुपये का निजी निवेश आमंत्रित किया। इसकी मदद से 720 करोड़ रुपये की लागत की 180 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा उत्पाद इकाइयां स्थापित की गई। पहली बार प्रदेश में 2937 सोलर आरओ वाटर संयंत्रों की स्थापना प्राथमिक विद्यालयों में करवाई गई। जिसके चलते इन स्कूलों में बच्चों को शुद्ध पानी विद्यालय में ही पीने को मिल रहा है।

एक नज़र

यूपी के प्राथमिक स्कूलों की पुस्तकों का बदला नाम, रंग और रूप, बच्चों में किताबों के प्रति बढ़ेगा रुझान

लखनऊ (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों का ही कायाकल्प नहीं हुआ है, बल्कि बच्चों की किताबों का नाम और रूप भी बदल गया है। नाम भी ऐसा जो बच्चों को रास आए और उसी से किताब का परिचय भी मिल जाए। इसी के अनुरूप आवरण की भी विशेष साजसज्जा की गई है। किताबों का पाठ्क्रम यथावत है, लेकिन सामग्री में छिटपुट बदलाव हुआ है। यह कदम इसलिए उठाया गया, ताकि बच्चों का किताबों के प्रति रुझान बढ़े।

बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल भले ही अभी नहीं खुले हैं, लेकिन आनलाइन व टेलीविजन के माध्यम से कक्षाएं गर्मी की छुट्टियों से चल रही हैं। शैक्षिक सत्र 2021-22 के लिए छात्र-छात्राओं का नामांकन भी शुरू है। बच्चों को वितरित की जाने वाली निश्शुल्क किताबें छपकर आ गई हैं और जिलों के माध्यम से स्कूलों में पहुंचाई जा रही हैं। विभाग ने इसकी जिम्मेदारी शिक्षकों को दी है, ताकि जल्द किताबें मिल जाएं। स्कूलों में पहुंचीं हिंदी और अंग्रेजी दोनों मीडियम की किताबें इस बार नए रूप में हैं।

कक्षा दो से लेकर कक्षा आठ तक की किताबों का आवरण और नाम बदला हुआ है। पहले अलग-अलग कक्षाओं में एक ही नाम की पुस्तकें पढ़ाई जाती थी, लेकिन अब उनके नाम बदलकर ऐसे हो गए हैं कि इसी से कक्षा का भी पता चलता है। मुख पृष्ठ बच्चों को लुभाने वाला है। इसी तरह कार्यपुस्तिका का नाम भी बदला गया है।

हालांकि जिलों में पुस्तकों के वितरण का काम धीमा है। बेसिक शिक्षा निदेशक डा.सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को बच्चों तक जल्द किताबें पहुंचाने का निर्देश दिया है। माह के अंत तक वितरण पूरा करने की तैयारी : परिषदीय प्राथमिक स्कूल भी अगले माह से खोलने की तैयारी है, हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय सरकार करेगी। बेसिक शिक्षा विभाग 31 अगस्त तक पुस्तकों का वितरण पूरा करना चाहता है, ताकि स्कूल खुलने की दशा में बच्चों को परेशानी न हो।

सीतापुर के कलेक्ट्रेट ऑफिस में बुजुर्ग ने किया आत्मदाह का प्रयास, सुरक्षाकर्मियों ने बचाई जान; अधिकारियों ने नहीं ली सुध

सीतापुर (एजेंसी) जमीन पर कब्जा होने की सुनवाई नहीं होने से परेशान बुजुर्ग ने कलेक्ट्रेट में आकर आत्मदाह का प्रयास किया। गनीमत रही सुरक्षाकर्मियों ने उसे जलने से बचा लिया। इसके बाद भी आधे घंटे तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं आया था। परेशान बुजुर्ग ने कहा कि वह कलेक्ट्रेट तहसील के चक्कर लगाते लगाते थक चुका है। बुढ़ापा होने के बाद भी वह अपने गांव से साइकिल पर आता है लेकिन इतनी भागदौड़ के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मामला सदर तहसील क्षेत्र के दारानगर का है।

यहां के रहने वाले बुजुर्ग रामदास कई वर्षों से अपनी जमीन को दबंगों से छुड़वाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इसी क्रम में बुजुर्ग रामदास गुरुवार को भी 12:30 बजे के दौरान कलेक्ट्रेट में आए थे, जहां उनकी मुलाकात किसी अधिकारी से नहीं हुई जिससे वे निराश हो गए। वह अपने ऊपर केरासिन छिड़ककर आग लगाने लगे थे। इसे देखकर मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी स्थिति को भांप गए और दौड़कर बुजुर्ग रामदास के हाथ से माचिस छीन ली। इसी बीच दोपहर के 12.50 बजे कलेक्ट्रेट गेट पर होकर बुजुर्ग के समीप से सिटी मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा अपनी गाड़ी से निकल गई।

उन्होंने बुजुर्ग के पास लगी भीड़ का कारण जानने तक की जहमत नहीं उठाई। फिर दोपहर के 12.55 बजे के दौरान पुलिस की शक्ति मोबाइल टीम मौके पर आई और बुजुर्ग रामदास को समझाया। फिर पुलिसकर्मी रामदास को अपने साथ लेकर चले गए हैं। पुलिस कर्मियों ने बुजुर्ग को समझाया : कलेक्ट्रेट में मौजूद पुलिस कर्मियों ने समय रहते तत्परता दिखाते हुए बुजुर्ग की जान बचा ली। जरा सी भी देर होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। बुजुर्ग को बचाने वाले पुलिस कर्मियों ने एलआइयू के रमेश सिंह और होमगार्ड सुंदर लाल तिवारी शामिल थे। इन सुरक्षाकर्मियों ने बुजुर्ग रामदास को काफी देर तक समझाया और उसे पानी देकर मुंह धुलवाया।

पिता पर दुष्कर्म और पति पर देह व्यापार कराने का आरोप लगाने वाली महिला बयान दर्ज कराने नहीं पहुंची

मुरादाबाद (एजेंसी) पहले पिता पर दुष्कर्म तो बाद में पति पर देह व्यापार कराने का आरोप लगाने वाली विवाहिता दो दिन बाद भी बयान दर्ज कराने पुलिस के सामने नहीं पहुंची है। देहात थाना पुलिस उसे कई बार थाने बुला चुकी है। प्राथमिक जांच में महिला द्वारा लगाए गए आरोपों का संबंध अमरोहा जनपद से प्रकाश में नहीं आया है। मालूम हो कि जनपद बिजनौर के नहटौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने डीआइजी को पत्र भेजा था। उसने पहले पिता पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

जबकि बाद में अपने पति पर देह व्यापार कराने का आरोप लगाया था। महिला का आरोप था कि कांठ रोड पर स्थित पेट्रोल पंप पर उसका निकाह दादरी निवासी युवक से कराया गया था। वह उसे लेकर दादरी चला गया। वहां देह व्यापार कराने लगा था। महिला ने डीआइजी को पत्र भेजकर देहात थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई कराने की मांग की थी। इस मामले की जांच में जुटी पुलिस के सामने कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं जिनसे प्रथम दृष्टया आरोप गलत प्रतीत हो रहे हैं। इस बारे में एसओ देहात सुनील मलिक ने बताया कि दो दिन से पुलिस महिला को बयान दर्ज कराने बुला रही है।

परंतु वह थाने नहीं पहुंची है। बताया कि जिस पेट्रोल पंप पर निकाह कराने का आरोप लगा रही है वह कांठ थाना क्षेत्र में है। जबकि देह व्यापार का आरोप नोएडा जनपद का है। एसओ ने बताया कि महिला द्वारा बयान दर्ज कराए जाने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई होगी।

पहले नाम बदलकर दूसरे संप्रदाय की युवती से की दोस्ती, फिर अपहरण कर बनाई अश्लील वीडियो, अब दे रहा परिवार को जिंदा जलाने की धमकी

बरेली (एजेंसी) खुद को विशाल बताकर दूसरे संप्रदाय की युवती का अपहरण करने वाले आरोपित अकलीम कुरैशी का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। करीबियों के जरिए उसने युवती के स्वजन को जिंदा जलाने का संदेशा भेजा है। यहां तक धमकी दी कि युवती व उसका पीछा करना छोड़ दें। ज्यादा मुस्तैदी दिखाई तो कोई बचाने वाला नहीं मिलेगा। धमकी से डरे सहमे स्वजन बुधवार को एसएसपी के पास पहुंचे। एसएसपी ने आरोपितों को जल्द पकड़कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

शाही कस्बे की रहने वाले बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा का आरोपित अकलीम कुरैशी तीन अगस्त को अपहरण कर ले गया था। उसने युवती को अपना नाम विशाल बताकर उससे परिचय बढ़ाया था। बाद में अश्लील वीडियो तैयार कर उसे धमकाया। वायरल करने की धमकी देकर उसका अपहरण कर ले गया। आरोप है कि उसके इस काम में सभासाद खलीबुल हसन खां ने मदद की।

दोनों के खिलाफ शाही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। आरोपित ने सीबीगंज पोस्ट आफिस से एक पत्र भी पोस्ट किया। जिसमें उसने युवती के मतांतरण की बात कही। आरोपित की अंतिम लोकेशन सीबीगंज ही मिली। उसके बाद से आरोपितों का कोई सुराग हाथ नहीं लग गया है। शाही थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने बताया कि थाना पुलिस युवती की तलाश में जुटी हुई है। आरोपित को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

सोने का ब्रेड बेचने का लालच देकर आरोपितों ने वादी को ठग लिया। स्पेशल जज सत्यदेव गुप्ता ने आरोपित इकबाल की जमानत अर्जी नामंजूर कर दी। वारदात बीते जून माह की है। शास्त्रीनगर निवासी सुभाष ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट लिखाई थी।

गोरखपुर से जुड़े 686 करोड़ की नशीली दवाओं के तार, भालोटिया मार्केट से हुई थी आपूर्ति

21 लाख रुपए की नशीली दवाओं की खरीद की रसीद मिली

गोरखपुर (एजेंसी) महाराजगंज में पकड़ी गई 686 करोड़ की नशीली दवाओं के तार गोरखपुर से जुड़ गए हैं। ड्रग विभाग को इन दवाओं की आपूर्ति गोरखपुर के भालोटिया मार्केट से होने के साक्ष्य मिले हैं। 21 लाख रुपये की दवाओं की खरीद की रसीद विभाग को मिल गई है। इस आधार पर यह तय हो गया है कि नशीली दवाओं की आपूर्ति भालोटिया के एक व्यापारी ने की थी। जल्द ही इस संबंध में व्यापारी से पूछताछ हो सकती है। भालोटिया की एक बड़ी दुकान से नशीली दवाओं के तस्करों का संबंध उजागर होता नजर आ रहा है। इस दुकान से समय-समय पर लाखों रुपए की दवाएं खरीदी गई हैं। कुछ दवाओं की रसीद व्यापारी नहीं दे पा रहा है। विभाग को अब तक 21 लाख रुपए की नशीली दवाओं की खरीद की रसीद मिली है। भालोटिया स्थित दुकान से महाराजगंज के भी दो व्यापारियों ने दवा खरीदी है। इन व्यापारियों की महाराजगंज में दवा की थोक व फुटकर दुकान है।

इसके अलावा उन्होंने गोरखपुर में भी थोक दवा के कारोबार में मोटी रकम का निवेश किया है। इनमें से एक दुकान भालोटिया मार्केट में है। यही दुकान से दवाएं भेजी गई हैं। एक्सपायर हो चुकी दवाओं पर नया स्टीकर चस्पा कर बेचने की भी शिकायत मिली है। नकली और नशीली दवाओं का कारोबार खतरनाक है। यह जानलेवा है। इस मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए। दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। इस जांच के नाम पर किसी निर्दोष व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। - आलोक चौरसिया, महामंत्री। मामले की जांच तेजी से चल रही है। इसमें कुछ सबूत हाथ लगे हैं। कुछ थोक प्रतिष्ठानों की रसीद मिली है। जिनके आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस नेटवर्क को पूरी तरह से ध्वस्त किया जाएगा। - एजाज अहमद, सहायक आयुक्त औषधि। उधर, एडीजी की सख्ती के बाद खजनी पुलिस ने राजघाट क्षेत्र के रहने वाले पूर्व पार्षद रविंद्र निषाद की तलाश तेज कर दी है।

सेवानिवृत्त होने से तीन दिन पहले दारोगा प्रदुम्मन सिंह द्वारा भेजी गई चार्जशीट को सीओ खजनी ने वापस थाने भेज दिया है। विवेचना में हटाई गई गंभीर धारा को बढ़ाया जाएगा। खजनी थाने के दारोगा दुर्गेश शुक्ला को केस की विवेचना सौंपी गई है। जमीन कब्जा करने, हत्या की कोशिश और धमकी देने के आरोपित रविन्द्र निषाद पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित है। एडीजी अखिल कुमार ने उसे सात दिन के भीतर गिरफ्तार करने के निर्देश एसपी साउथ को दिए है। जिसके बाद खजनी पुलिस ने राजघाट क्षेत्र में रहने वाले रविन्द्र की तलाश शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश में 500 से भी कम हुए कोरोना के एक्टिव केस, 43 नए संक्रमित मिले

लखनऊ (एजेंसी) उत्तर प्रदेश में ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के साथ-साथ तेज टीकाकरण की नीति से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। इन्ही कोशिशों क नतीजा है कि प्रदेश में कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। अब राज्य में कुल एक्टिव केस की संख्या 500 से भी कम हो गई है। अलीगढ़, अमेठी, चित्रकूट, एटा, फिरोजाबाद, गोंडा, हाथरस, कासगंज, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली और सोनभद्र कोविड संक्रमण से मुक्त हो गए हैं। राज्य में चौबीस घंटों के दौरान कुल 43 नए संक्रमित पाए गए, जबकि 71 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रदेश में कोरोना की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन औसतन ढाई लाख से अधिक कोरोना टेस्ट हो रहे हैं, जबकि पॉजिटिविटी दर 0.01 बनी हुई है और रिकवरी दर 98.6 फीसद है। यह अतिरिक्त सतर्कता और सावधानी बरतने का समय है। थोड़ी सी लापरवाही बड़ी समस्या का कारक बन सकती है। महराजगंज एक मात्र जिला है, जहां गुरुवार को दोहरे अंक में संक्रमितों की पुष्टि हुई है। यहां 10 नए संक्रमित पाए गए हैं। सभी संक्रमित एक ही क्षेत्र के निवासी हैं। यह क्षेत्र गोरखपुर-महराजगंज की सीमा से लगा हुआ है। प्रारंभिक जांच में गोरखपुर आवागमन के अतिरिक्त इनकी कोई विशेष ट्रैवेल हिस्ट्री भी नहीं पाई गई है। सीएम योगी ने इस क्षेत्र में विशेष टीम भेजकर गहन कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इनके सैम्पल कलेक्ट कर लखनऊ में जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। गोरखपुर और महराजगंज विशेष सतर्कता बरती जाए। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट मोड में रहे। विगत 24 घंटे में हुई दो लाख 48 हजार 631 सैम्पल की टेस्टिंग में 54 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया, जबकि 21 जिलों में इकाई अंक में मरीज पाए गए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 490 रह गई है। 334 लोग होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। अब तक छह करोड़ 83 लाख 86 हजार 372 कोविड सैम्पल की जांच की जा चुकी है और 16 लाख 85 हजार 581 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड से बचाव में टीकाकरण बहुत सहायक सिद्ध हो रहा है।

इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में तेज टीकाकरण की नीति अपनाई गई है। प्रदेश में अब तक पांच करोड़ 55 लाख से अधिक वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी है। चार करोड़ 68 लाख 24 हजार से अधिक लोगों ने वैक्सीन की एक डोज प्राप्त कर ली है, जबकि 87 लाख से अधिक लोग कोविड टीके की दोनों डोज प्राप्त कर चुके हैं।

अलीगढ़ से आगरा आया ब्लैक फंगस का मरीज

आगरा (एजेंसी) आगरा के एसएन मेडिकल कालेज के ब्लैक फंगस वार्ड में एक और मरीज भर्ती हुआ है। यह मरीज अलीगढ़ का है। वार्ड में अब 13 मरीज भर्ती हैं। चिकित्सक लोगों को सचेत रहने की सलाह दे रहे हैं क्योंकि अभी तक ये बात पकड़ में नहीं आई है कि आखिर ये इंफेक्शन कैसे फैल रहा है। वार्ड प्रभारी डा. अखिल प्रताप सिंह ने बताया कि इस मरीज का ब्लैक फंगस का इलाज अलीगढ़ में चल रहा था। वहां सर्जरी भी हो चुकी है।

स्थिति गंभीर होने पर उसे एसएन मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। मरीज का उपचार कर दिया गया है। इससे पहले, पिछले हफ्ते भी एक महीने बाद ब्लैक फंगस वार्ड में आगरा के विजय नगर का एक मरीज भर्ती हुआ था। इस मरीज का भी दो बार आपरेशन किया जा चुका था लेकिन फिर भी मर्ज ठीक नहीं हुआ था। उसका एंटी फंगस इलाज चल रहा है।

वार्ड में अब 13 मरीज भर्ती हैं। एसएन मेडिकल कालेज में आगरा समेत 11 जिलों के ब्लैक फंगस के अब तक 100 मरीज भर्ती हो चुके हैं। इनमें से 15 की मौत हो चुकी है। नौ मरीजों की आंख निकालनी पड़ी है। बाकी के मरीजों के तालू, नाक, गाल में फंगस पहुंचने पर इसे आपरेशन कर निकालना पड़ा था।

योगी ने 2846 चयनित शिक्षकों को दिया नियुक्ति पत्र, कहा- विद्यार्थी भाव ही बनाएगा योग्य शिक्षक

लखनऊ (एजेंसी) मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) से चयनित 2846 प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान सीएम योगी ने खुद शिक्षक के अंदाज में नए शिक्षकों को पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि शिक्षक को हमेशा सीखते रहना चाहिए। विद्यार्थी भाव में रहेंगे तो योग्य शिक्षक बनेंगे। ईमानदारी से कृतित्व करेंगे तो छात्र की कृतज्ञता पाएंगे और विद्यार्थी का भविष्य अपनी लापरवाही से खराब करेंगे तो कोसे जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कहा कि प्रदेश में कई वर्षों के बाद शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी हुई है। सरकार ने चार साल से शिक्षकों के खाली पदों को भरने का पूरा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में डेढ़ लाख शिक्षकों की भर्ती हुई है। यह भर्तियां बिना किसी सिफारिश और भेदभाव के की गई हैं। लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2017 के पहले योग्यता होने के बावजूद अभ्यर्थियों को निराशा मिलती थी। तब पारदर्शी व्यवस्था नहीं थी। ईमानदारी का अभाव था। तब सभी प्रकार की चयन प्रक्रिया में बेईमानी और भ्रष्टाचार का घुन लग जाता था, नव जवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रखा था और अंततः व्यक्ति को हताश और निराश होकर चुपचाप बैठना पड़ता था, लेकिन वर्ष 2017 के बाद भर्तियों में चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। इन 53 महीनों के दौरान सरकार ने अब साढ़े चार लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी विभिन्न विभागों में दी गई है। ये सभी भर्तियां पिछली सरकारों की बेईमानी और गिद्ध दृष्टि के कारण, न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण रुकी हुई थीं। वर्ष 2017 के बाद जब हमारी सरकार बनी तो एक-एक करके सभी समस्याओं का समाधान किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन साढ़े चार वर्षों से प्रदेश साढ़े चार लाग नौजवानों को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। ऐसा किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुआ होगा। जब इस सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल पूरे हो रहे होंगे तब तक पांच लाख नौजवानों को सरकारी नौकरियां दे दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप सभी शासन की योजनाओं की भी जानकारी रखें। आपको जानकारी होगी तो छात्र जानेंगे, तभी वह उनका लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर भर्तियों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि तब वंशवाद और जातिवाद का नंगा तांडव होता था। आपमें से बहुत से ऐसे होंगे जो कई प्रतियोगी परीक्षाएं दे चुके होंगे। योग्य होते हुए भी तब भ्रष्टाचार की वजह से चयनित नहीं हो सके। अब स्थिति यह है कि प्रवेश पत्र से नियुक्ति पत्र लेने तक किसी को सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ी होगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री व माध्यमिक शिक्षा मंत्री दिनेश शर्मा, बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी, राज्यमंत्री गुलाब देवी, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला भी उपस्थित थीं।

मानक पर खरा उतरा ट्रैक, दुनिया के सबसे बड़े प्लेटफार्म को चाहिए राजधानी

गोरखपुर (एजेंसी) गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र धरती गोरखपुर सहित यातायात की दृष्टि से पिछड़े पूर्वांचल के धार्मिक और पर्यटक क्षेत्रों के विकास को रफ्तार देने की कवायद तेज हो गई है।

तीन वर्ष पहले प्रस्ताव के बाद भी राजधानी सहित वंदे भारत, शताब्दी और दूरंतो जैसी देश की प्रमुख ट्रेनों को संचालित करने के लिए रेलवे बोर्ड की हरी झंडी नहीं मिली तो पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने ट्रैक को मजबूत करने की ठान ली। गोरखपुर और बस्ती मंडल के दो करोड़ से अधिक की आबादी सहित जनप्रतिनिधियों, पर्यटकों और बड़े उद्यमियों तथा बिहार और पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को राहत देने के उद्देश्य से बाराबंकी-गोरखपुर-छपरा करीब 425 किमी मुख्य रेलमार्ग का ट्रैक मजबूत कर दिया है। अब इस ट्रैक पर भी 110 से 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से राजधानी जैसी ट्रेनें फर्राटा भर सकती हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य मार्ग का ट्रैक तो राजधानी चलने लायक तैयार हो चुका है। महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी गोरखपुर कैंट से भटनी तक 130 किमी प्रति घंट की रफ्तार से स्पीड ट्रायल भी कर चुके हैं। लेकिन इस रेलमार्ग पर अभी भी राजधानी जैसी ट्रेनों को संचालित करने के सभी मानक पूरे नहीं हो पाए हैं। हालांकि, अपवाद स्वरूप बिना डबल डिस्टेंट सिग्नल के भी राजधानी जैसी ट्रेनें चल सकती हैं लेकिन रेलवे प्रशासन ने संरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग पर डबल डिस्टेंट सिग्नल लगाना शुरू कर दिया है। रेलवे बोर्ड ने गोरखपुर से छपरा ग्रामीण स्टेशन तक 23 करोड़ 52 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया है। कुसम्ही, सरदारनगर और चौरी चौरा रेलवे स्टेशन पर सिग्नल लगाने के कार्य भी शुरू हो चुके हैं। जल्द ही

लखनऊ मंडल के गोरखपुर से गोंडा के रास्ते बाराबंकी रूट पर भी डबल डिस्टेंट सिग्नल लगाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जानकारों के अनुसार वर्ष 2022 तक सिग्नल लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। सिग्नल के कार्य पूरा हो जाने के बाद पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यमार्ग पर भी राजधानी जैसी ट्रेनों को संचालित करने के सभी मानक पूरे कर लिए जाएंगे। वर्ष 2015 से गोरखपुर के रास्ते आनंदविहार से नाहरलागून के बीच अरुणाचल एक्सप्रेस नाम से एक वातानुकूलित ट्रेन सप्ताह में दो दिन चल रही है। भविष्य में इस ट्रेन को ही राजधानी के रूप में दिल्ली से नाहरलागून होते हुए इटानगर के बीच चलाने की योजना है। दरअसल, नाहरलागून से अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर के बीच रेल लाइन निर्माण की योजना है। नाहरलागुन से ईटानगर तक रेल लाइन बिछ जाने से नाहरलागुन एसी एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार कर दिया जाएगा। इसके बाद यही ट्रेन राजधानी के रूप में ईटानगर से नई दिल्ली के बीच चलने लगेगी। नियमतः राजधानी एक्सप्रेस देश की राजधानी से किसी राज्य की राजधानी को जोडने के लिए ही चलाई जाती है। लेकिन आवश्यकता एवम् महत्व के आधार पर इसका अपवाद भी कर दिया जाता है।

जैसे नई दिल्ली- गुवाहाटी के बीच चलने वाली त्रैसाप्ताहिक राजधानी को डिब्रूगढ़ टाउन तक बढ़ा दिया गया, जो असोम राज्य की राजधानी नहीं है। ऐसे में आनंदविहार-नाहरलागुन एसी एक्सप्रेस को भी राजधानी के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। गोरखपुर और लखनऊ होते हुए पटना से दिल्ली के बीच राजधानी एक्सप्रेस का रास्ता तैयार हो चुका है। वैसे भी गोरखपुर और लखनऊ से पाटलीपुत्र के बीच एक्सप्रेस ट्रेनें चलने लगी हैं। इसके अलावा इस रेलमार्ग से होकर गुवाहाटी से दिल्ली के बीच भी राजधानी चल सकती है।

रफ्तार राजधानी की राह में रोड़ा बनती रही है। रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2017 में गोरखपुर के रास्ते आनंदविहार टर्मिनस से त्रिपुरा की राजधानी अगरतला के बीच राजधानी एक्सप्रेस चलाने की योजना तैयार की थी। गोरखपुर में इस ट्रेन का दस मिनट का ठहराव का प्रस्ताव बना। यह ट्रेन उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलाई जानी थी। लेकिन इन रूटों पर ट्रेनों का अधिक दबाव के चलते राजधानी को न राह मिल पाई न रफ्तार। दरअसल, गोरखपुर के रास्ते राजधानी एक्सप्रेस चलाने की योजना कई बार बनीं। प्रस्ताव तैयार हुए, रेल लाइनों का परीक्षण हुआ।

दिल्ली में ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों की जांच करने में केंद्र सरकार करे सहयोग, जांच कमिटी को दे मंजूरी : सिसोदिया

बिना किसी जांच के ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों का आंकड़ा बताना मुश्किल : उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

बिना किसी जांच के ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों को झुठलाना पीड़ितों के साथ होगा क्रूर मज़ाक- मनीष सिसोदिया

धमेंद्र सिंह लोधी.ओपन सर्च

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से कोई मौत हुई या नहीं हुई, बिना कोई जांच करवाए इसकी पुष्टि करने मुश्किल होगा। इस बाबत उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र लिखा और अपील करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली में ऑक्सीजन की कमी हुए मौतों की जांच करना चाहती है इसके लिए दिल्ली सरकार ने हेल्थ-एक्सपर्ट्स की उच्च स्तरीय जांच कमिटी भी बनाई थी जिसे एलजी द्वारा खारिज़ कर दिया गया।

यदि केंद्र सरकार चाहती है कि दिल्ली में ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों के सही आंकड़े सामने आए तो दिल्ली सरकार द्वारा गठित कमिटी को मंजूरी दी जाए। उपमुख्यमंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसकी जानकारी साझा की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, दिल्ली में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से कोई मौत नहीं हुई ये मानना गलत होगा। उन्होंने कहा कि बिना किसी जांच के ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों का आंकड़ा बताना मुश्किल होगा।

हमें ये मानना होगा कि दिल्ली में ऑक्सीजन की कमी से मौतें हुई है। दिल्ली में कोरोना से अबतक लगभग 25 हज़ार लोगों की मौतें हुई है लेकिन उसमें ऑक्सीजन की कमी से कितने मौतें हुई इसकी जानकारी नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पहले केंद्र सरकार बेहद गैर-जिम्मेदार और असंवेदनशील रवैया अपनाते हुए ये मानने से मना कर दिया कि देश में ऑक्सीजन की कमी से मौतें नहीं हुई है। लेकिन कोर्ट की फटकार के बाद अब राज्यों से आंकड़े मांग रही है। वही दूसरी ओर जब दिल्ली सरकार ने ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों की जांच करने के लिए हेल्थ-एक्सपर्ट्स की उच्च स्तरीय जांच कमिटी बनाई जो ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों की जांच करती और पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपयों का मुआवजा देने का काम करती तो केंद्र सरकार ने एलजी के हस्तक्षेप द्वारा उस कमिटी को खारिज करवा दिया। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था।

दिल्ली से ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों की जांच करवाने के लिए तैयार है। और पूरी जिम्मेदारी से ये जांच करवाएगी। इसलिए उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि पिछली बार की तरह इस बार एलजी द्वारा जांच कमिटी को खारिज़ न करे बल्कि ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों की जांच करने में दिल्ली सरकार का सहयोग करे।

चांदनी चौक की सफाई निजी कंपनी के हवाले

नई दिल्ली (एजेंसी) चांदनी चौक की सफाई व्यवस्था निजी कंपनी के हवाले हो गई है। निजी कंपनी की ओर से चांदनी चौक के मुख्य मार्ग को साफ-सुथरा रखने के लिए 40 सफाई कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पहले मुख्य मार्ग के साथ ही कूचों, कटरों व अन्य सड़कों की सफाई व्यवस्था उत्तरी निगम के हाथ में थी, लेकिन शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम (एसआरडीसी) ने मुख्य मार्ग की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए इसे निजी कंपनी को सौंपने का फैसला लिया था। इसके तहत निविदा मंगाई गई और एक कंपनी को यह कार्य सौंप दिया गया। कंपनी ने सोमवार से यह जिम्मा संभाल भी लिया है। मामले से जुड़े लोगों के मुताबिक निजी कंपनी का का मुख्य मार्ग व फुटपाथ के साथ ही शौचालयों को साफ रखना है।

दिल्ली में पहली बार होगा स्किल कम्पटीशन का आयोजन

पंकज तिवारी

नई दिल्ली। 2022 में शंघाई में आयोजित होने वाले वर्ल्ड स्किल्स कम्पटीशन जिसे ओलंपिक ऑफ़ स्किल्स के रूप में भी जाना जाता है की तैयारियों को मद्देनज़र रखते हुए इस साल देश में स्टेट और नेशनल लेवल पर इंडिया स्किल कम्पटीशन का आयोजन किया जाएगा।

इन प्रतियोगिताओं में 20 से अधिक राज्य भाग लेंगे और विजेता टीम शंघाई में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में पहली बार स्टेट लेवल स्किल्स कम्पटीशन का आयोजन किया जाएगा और दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी (डीएसईयू) इसका आयोजन करेगी। उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि, आज के दौर में एक ओर जहां 21st सेंचुरी स्किल्स का बोलबाला है, वहीं दूसरी ओर ट्रेडिशनल स्किल सेक्टर में भी टेक्नोलॉजी की भारी मांग है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार ने फैसला किया है कि दिल्ली के हुनरमंद विद्यार्थी शंघाई में होने वाले स्किल ओलंपिक में हिस्सा लेंगे और भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हमारे युवाओं के स्किल्स को और बेहतर करने के लिए दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी (डीएसईयू) कुछ छात्रों को स्किल्स ओलंपिक के लिए ट्रेनिंग देगा। उन्होंने कहा कि, 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि यह पहली बार होगा जब दिल्ली में स्किल कम्पटीशन होगा और दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी इसका आयोजन करेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, इस बाबत दिल्ली में स्टेट लेवल स्किल्स कॉम्पटिशन्स का आयोजन किया जाएगा और फिर चयनित प्रतिभागी नेशनल लेवल स्किल्स कॉम्पटिशन्स में भाग लेंगे जिसके बाद विजेता छात्र शंघाई जाएंगे। नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर स्किल्स ओलंपिक के लिए चुने जाने वाले बच्चों को दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि , दिल्ली सरकार का ध्यान छात्रों को सही कौशल से लैस करने और ऐसा यूथ फ़ोर्स तैयार करना है जो जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रोवाइडर बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे। साथ ही दूसरों को अपस्किलिंग में मदद करेंगे। दिल्ली स्किल्स एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी यह सुनिश्चित करने में मुख्य भूमिका निभाएगी कि दिल्ली और पूरे देश में छात्रों के पास इन स्किल्स को सीखने, आगे बढ़ने के लिए मंच मिल सके। डीएसईयू प्लंबिंग और हीटिंग से लेकर क्लाउड कंप्यूटिंग और मेक्ट्रोनिक्स जैसे 33 स्किल्स में युवाओं को तैयार करेगी। अबतक दिल्ली में स्टेट लेवल कम्पटीशन के लिए 5000 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए हैं। दिल्ली के युवाओं में इस स्किल कम्पटीशन के प्रति उत्साह को देखते हुए दो स्तरीय चयन प्रक्रिया को अपनाया गया है। पहले स्तर पर उम्मीदवार के बेसिक स्किल नॉलेज को टेस्ट करने के लिए बहुविकल्पीय प्रश्न बेस्ड ऑनलाइन टेस्ट लिया जाएगा।

कैंट एवं मयूर विहार दुष्कर्म मामले में गृह मंत्रालय ने पुलिस को दिया निर्देश, 30 दिन के अंदर दाखिल होगा आरोप पत्र

नई दिल्ली (एजेंसी)

दिल्ली कैंट के नांगल इलाके में छोटी बच्ची से दुष्कर्म मामले में अब गृह मंत्रालय ने सख्त रुख अपनाया है। गृहमंत्रालय ने गुरुवार को इस मामले में दिल्ली पुलिस के साथ इस पूरे मामले के साथ मयूर विहार में एक अन्य बच्ची के दुष्कर्म मामले को लेकर समीक्षा की। पुलिस अब केस दर्ज होने के 30 दिनों के अंदर अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिससे इन मामलों की जल्द से जल्द सुनवाई शुरू हो सके। दोनों की मामलो की दिल्ली की फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों में सुनवाई होगी। इधर, दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र में दुष्कर्म व हत्या मामले में बच्ची के शव के बचे हुए अवशेष का पुराना नांगलराया स्थित श्मशान भूमि पर अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के समय बच्ची के माता-पिता व उनके नजदीकी रिश्तेदार मौजूद थे। दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त इंगित प्रताप सिंह ने बताया कि डीडीयू अस्पताल की मोर्चरी में रखा अवशेष पीड़ित पक्ष को सौंप दिया गया। जब अवशेष का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तब श्मशान भूमि के बाहर करीब 20 लोगों ने वहां विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ये लोग श्मशान भूमि परिसर में प्रवेश करना चाह रहे थे, लेकिन पीड़ित पक्ष ने इसके लिए उन्हें सहमति

नहीं दी। इसके बाद पुलिसकर्मियों को वहां से हटने के लिए कहा। अंत्येष्टि के बाद पुलिसकर्मियों ने बच्ची के माता- पिता को उनके घर पहुंचाया। बता दें कि दिल्ली कैंट निवासी नौ साल की बच्ची के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में अब क्राइम ब्रांच जांच कर रही है।

क्राइम ब्रांच हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। वहीं, फोरेंसिक टीम नमूने एकत्र कर रही है। इसके साथ ही नमूनों को जांच के लिए जल्द ही गुजरात के गांधी नगर स्थित देश की सबसे बेहतर लैब में भेजा जाएगा। क्या है मामले में ताजा अपडेटः बुधवार को क्राइम ब्रांच ने श्मशान भूमि परिसर की ड्रोन से वीडियोग्राफी कराई। दो दिन पहले बच्ची के माता-पिता के भी बयान दर्ज कर लिए गए हैं। सूत्रों की मानें तो बयान में स्वजन ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप नहीं लगाया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों ने बच्ची के जल्द दाह संस्कार कर देने का दबाव बनाया, जिससे उन्होंने ऐसा किया।

इस मामले में गिरफ्तार श्मशान भूमि के मुख्य पुजारी राधे श्याम सहित सलीम, कुलदीप और लक्ष्मी नारायण की मंगलवार को सफ्दरजंग अस्पताल में मेडिकल करवाकर यह पता करने की कोशिश की गई कि उनके शरीर पर कहीं ताजे चोट के निशान तो नहीं हैं? रिपोर्ट में चोट के निशान नहीं पाए गए। करंट लगने की भी हो रही जांचः मनोविज्ञानी व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम चारों से लगातार पूछताछ कर रही है।

क्राइम ब्रांच की टीम पूरे घटनाक्रम को समझने और सच्चाई को सामने लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। क्राइम ब्रांच आरोपितों से अलग-अलग भी पूछताछ कर रही है। श्मशान गृह परिसर में जिस वाटर कूलर से बच्ची को करंट लगने का दावा किया जा रहा है। क्राइम ब्रांच उस वाटर कूलर की भी जांच करा रही है, ताकि बच्ची की मौत करंट लगने से हुई या नहीं इसका पता लगाया जा सके।

दिल्ली में टिल्लू गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी) कराला गांव में बीते महीने गैंगवार के दौरान नितेश नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कंझावला थाना पुलिस ने सुनिल उर्फ टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान हरियाणा के सोनीपत के शास्त्री पार्क निवासी अक्षय व पोस्ट आफिस पार्क निवासी सूरज उर्फ गोलू के रूप में हुई है। आरोपितों के पास से पिस्टल, दो कारतूस, मोबाइल व बाइक बरामद की गई है।

बदमाशों ने युवक की इसलिए हत्या की थी क्योंकि नितेश के बड़े भाई प्रवेश ने पिछले वर्ष साथियों के साथ मिलकर टिल्लू गैंग के सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस फरार तीन आरोपितों की तलाश के लिए छापेमारी कर रही है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त प्रणव तायल के अनुसार, 31 जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे कराला के आनंदपुर धाम में गैंगवार के दौरान नितेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

आप पार्टी और व्यापारियों के विरोध से डर कर भाजपा ने टैक्स बढ़ाने का फ़ैसला वापिस लिया, ये दिल्ली के व्यापारियों की जीत : आतिशी

विकास.ओपन सर्च

नई दिल्ली। आप' विधायक आतिशी ने कहा कि आप पार्टी और व्यापारियों के विरोध से डर कर भाजपा ने टैक्स बढ़ाने का फ़ैसला वापिस लिया, ये दिल्ली के व्यापारियों की जीत है।

आम आदमी पार्टी ने ट्रेड व फ़ैक्टरी लाइसेन्स फीस बढ़ाने के खिलाफ सिगनेचेर कैम्पेन चलाया था। सिगनेचेर कैम्पेन में 5 लाख से अधिक व्यापारियों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी मांग करती है कि नॉर्थ एमसीडी की तरह साउथ एमसीडी और ईस्ट एमसीडी भी इस फैसले को वापस ले। आम आदमी पार्टी यह भी मांग करती है कि जो दुकानदार और व्यापारी बढ़ी हुई फीस जमा कर चुके हैं उनको वह पैसा वापस हो। दिल्ली के साप्ताहिक बाजारों को प्राइवेट ठेकेदारों को देने का फैसला भी भाजपा ने वापस ले लिया है। दिल्ली की जनता, व्यापारियों, रेहड़ी पटरी वालों की ओर से आम आदमी पार्टी का विरोध सफल। दिल्लीवालों को इसकी बधाई। अब भाजपा की भ्रष्ट एमसीडी का जो भी गलत फैसला आएगा दिल्ली के लोग उसके खिलाफ आवाज उठाएंगे।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विधायक आतिशी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, जैसा कि आप लोग जानते हैं कि कुछ समय पहले दिल्ली की तीनों नगर निगमों ने ट्रेड और फैक्ट्री लाइसेंस में भारी बढ़ोतरी की थी। जिसमें जो ए और बी श्रेणी के लाइसेंस हैं उन्हें 500 से बढ़ाकर 8625 रुपए कर दिया था। वहीं सी और डी श्रेणी के लाइसेंस को 500 रुपए प्रति मीटर से बढ़ाकर 5750 रुपए प्रति मीटर कर दिया था। मुझे नहीं

लगता है कि इतनी भारी बढ़ोतरी हमने पिछले कई सालों में कभी भी देखा है। उन्होंने कहा, आखिर वह लाइसेंस फीस क्यों बढ़ा रहे हैं? वह लाइसेंस फीस इसलिए बढ़ा रहे हैं क्योंकि अभी तक उनको जो पैसा मिलता था वह तो भाजपा की एमसीडी ने अपने पार्षदों की जेब में भर दिया है। पार्षद अमीर होते गए लेकिन जो सुविधाएं एमसीडी को देनी होती हैं और हम सब जानते हैं कि एमसीडी ने दिल्ली को कूड़ादान बनाने का काम किया है।

हम सब जानते हैं कि सभी कॉलोनियों की सड़को की मरम्मत कराना एमसीडी का काम है। लेकिन सभी सड़कें टूटी-फूटी हालत में हैं। हम सब जानते हैं की एमसीडी की सड़कों पर किस तरह से जलभराव होता है। क्यों होता है? यह इसीलिए होता है क्योंकि जो पैसा टैक्स, प्रॉपर्टी टैक्स में एमसीडी को मिलता था वह सब तो पार्षदों की जेब में जाता था। आप नेता ने कहा, यह जो लाइसेंस फीस बढ़ी उस पर दिल्ली के अनेकों व्यापारियों, फैक्ट्रियों के मालिक, दुकानदार हमारे पास आए और उन्होंने अपना विरोध व्यक्त किया। व्यापारियों की तरफ से आम आदमी पार्टी ने सिगनेचर कैंपेन की शुरुआत की और पूरी दिल्ली से 5 लाख लोगों ने इस सिगनेचर कैंपेन में हिस्सा लिया।

और आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि दिल्ली की जनता की जीत हुई है। दिल्ली के व्यापारियों, दुकानदारों, फैक्टरियों के मालिकों की जीत हुई है। उनके सिगनेचर कैंपेन के आधार पर और आम आदमी पार्टी द्वारा इस मुद्दे पर बुलंदी से आवाज़ उठाने के आधार पर कल नॉर्थ एमसीडी ने अपनी स्टैंडिंग कमेटी में ट्रेड लाइसेंस फीस और फैक्ट्री लाइसेंस फीस बढ़ाने का फैसला वापस ले लिया है। इसके साथ ही हम यह मांग कर रहे हैं कि जिस तरह से नॉर्थ एमसीडी ने यह फैसला वापस ले लिया है उसी तरह से साउथ एमसीडी और ईस्ट एमसीडी भी इस फैसले को वापस लें। दूसरी बात जिन दुकानदारों और व्यापारियों ने बढ़ी हुई फीस जमा कर दिया था उनको वह पैसा वापस हो। यह हमारी मांग है। लेकिन हम दिल्ली की जनता और दिल्ली के व्यापारियों को बधाई भी देते हैं। उनके द्वारा आवाज उठाने की वजह से एमसीडी में बैठी भ्रष्ट भाजपा की सरकार को बढ़े टैक्स के फैसले को वापस लेना पड़ा।

साप्ताहिक बाज़ारों को प्राइवेट ठेकेदारों को सौंपने के भाजपा के फैसले पर आतिशी ने कहा, उसी तरह से एक बहुत ही खतरनाक प्रस्ताव एमसीडी लेकर आई थी कि जो साप्ताहिक बाजार लगते हैं उनको प्राइवेट ठेकेदारों को दे दिया जाएगा। इसका भी आम आदमी पार्टी ने विरोध किया। दिल्ली की गरीब जनता, दिल्ली के रेहड़ी पटरी वालों और दुकानदारों की ओर से %आप% सरकार ने इस प्रस्ताव को लेकर विरोध किया। क्योंकि अभी तक यह जो साप्ताहिक बाजार लगते आए हैं उनका संचालन लोकल आरडब्ल्यूएस और लोकल एसोसिएशंस करते आए हैं। और जो वहां पर ठेला लगाते हैं वह कोई बड़े-बड़े उद्योगपति नहीं होते हैं।

वह बिल्कुल ही छोटे दुकानदार, ठेले वाले होते हैं जो वहां पर अपनी दुकान लगाते हैं। अगर आप उनका रोजगार छीन लेंगे और इन बाजारों को प्राइवेट ठेकेदारों को दे देंगे तो यह दुकान लगाने वाले कहां जाएंगे। इस पर भी आम आदमी पार्टी के विरोध की वजह से भाजपा को यह प्रस्ताव वापस लेना पड़ा है। उन्होंने कहा, अब दिल्ली के साप्ताहिक बाजारों को प्राइवेट ठेकेदारों को नहीं दिया जाएगा। यह दोनों फैसले जो भाजपा को वापस लेने पड़े, यह इस बात का बिगुल बजा रहे हैं कि अब निगम में भाजपा का बहुत ही कम समय बचा है।

एल्पस इन्डस्ट्रीज लिमिटेड

पंजी. व कॉरपोरेट कार्यालय और शेयर डिपार्ट.: 57/2, साईट IV, औद्यैद्योगिक क्षेत्र, साहिबाबाद, गाजियाबाद–201010, उत्तर प्रदेश

CIN: L51109UP1972PLC003544 वेबसाइटः Website: www.alpsindustries.com

ई–मेलः ajaygupta@alpsindustries.com

फोनः 0120–4161700, 4161716

वीसी/ओएवीएम और ई वोटिंग द्वारा 49वीं वार्षिक आमसभा के आयोजन संबंधी सूचना

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि एल्पस इन्डस्ट्रीज लिमिटेड (CIN:L51109UP1972PLC003544) के सदस्यों की उन्नचासवीं वार्षिक आमसभा (एजीएम) का आयोजन गुरुवार, 30 सितम्बर, 2021 को अप. 3:00 बजे होगी जोकि वीडियो कॉन्फ्रेन्स (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुवल माध्यमों (ओएवीएम) द्वारा जिसमें किसी भी सदस्य की उपस्थिति भौतिक रुप से नहीं होगी, कथित सभा की सूचना में सामान्य व विशेष व्यापार के प्रबंधन को सेट किया जाएगा जो कि कंपनी का पंजीकृत कार्यालय 57/2, साईट 4, औद्योगिक क्षेत्र, साहिबाबाद, गाजियाबाद–201010 (उ.प्र.) पर होगी। सोशल डिसटेन्सींग का पालन करते हुए कोविड–19 महामारी के प्रकोप के कारण कंपनीज (प्रबंध व प्रशासन) नियम 2014 के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय व नियम 20(4)(v) द्वारा जारी सर्कुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 18/2020 दिनांक 21.4.2020, 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020, 22/2020 दिनांक 15.6.2020 और अन्य सर्कुलर नं. 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 के आधार पर निर्धारित हैं।

वित्तीय वर्ष 2020–21 की वार्षिक रिपोर्ट की सूचना कंपनी के सभी सदस्यों को विद्युतीय माध्यमों से कंपनी में उनके पंजीकृत ई–मेल पतों पर या केवल जमा प्रतिभागियों को भेजें जाएंगे और उपरोक्त सर्कुलरों द्वारा नियमों को अपनाते हुए किसी भी प्रकार की भौतिक प्रतियों को नहीं भेजा जाएंगा। इसलिए सदस्य अपने चालू ई मेल आईडीज को अपने डीपी/आर एंड टी मैर्सस अलनकीत असाईनमेंटस लि. को अवश्य दें जोकि 18.08.2021 को या उससे पूर्व पहुंच जाने चाहिए, जिससे कंपनी निम्न दर्शाए तरीकों के अनुसार अधिक से अधिक कंपनी के सदस्यों को ई मेल भेज सके। कोविड–19 महामारी के कारण अन्य सेबी जिसके लिए देखें सर्कुलर नं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12.05.2020 और अन्य सर्कुलर नं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 15 जनवरी, 2021 की वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति को सूचीब(छूट भेजी गई हैं। कोरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) और समान को देखने के लिए सर्कुलर नं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 के अनुसार एजीएम के आमंत्रण की सूचना और कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट को कंपनी की वैबसाईट www.alpsindustreis.com और स्टॉक एक्सचैंजस जैसे बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वैबसाईट www.bseindia.com और www.nseindia.com से अपलोड्ड कर सकते हैं।

कंपनीज (प्रबंधन व प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 के साथ पढ़े कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के आधार पर, एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती हैं कि कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर और अंश हस्तांतरण पुस्तक 15 सितम्बर, 2021 बुधवार से 16 सितम्बर, 2021 गुरुवार (दोनों दिन शामिल होंगे) को बंद रहेंगी।

ई–वोटिंग को शामिल करते हुए वीसी/ओएवीएम द्वारा एजीएम से जुड़ने के लिए आवश्यकताओं के लॉग या/एजीएम, वार्षिक रिपोर्ट 2020–21 की सूचना प्राप्ति हेतु ईमेल पतों की अपटेडिंग के पंजीकरण के संबंध में :–

भौतिक रुप से भेजनाः सदस्य कंपनी को निम्नलिखित व्याख्याओं के साथ ajaygupta@alpsindustries.com और investorsgrievance@alpsindustries.com और आर एंड टी एजेंट जैसे मैर्सस. अलनकीत असाईनमेंट लि. को rta@alankit.com पर भेजें:

एक हस्ताक्षरित पत्र की स्कैन्ड प्रति जिसमें आपका नाम, पता, फोलीयो नं., अंशों की संख्या जिसे सदस्यों से प्राप्त की हो अंश प्रमाण पत्र नं., ईमेल पता और मोबाईल नं. के साथ स्वयं हस्ताक्षरित आधार कार्ड और पैन कार्ड की स्कैनड प्रति।

डीमेट होल्डींगः सदस्यों को अंशों के डीमेट माध्यम में पंजीकरण/अपने संबंधित जमा प्रतिभागी के साथ अपडेट की प्रार्थना।

समान प्रक्रिया की पूर्ण व्याख्या सभा की सूचना में उपलब्ध होगी। कंपनी के सदस्य अंशों की होल्डींग भौतिक रुप से या डीमेटेरियलाईज्ड रुप में 23 सितम्बर, 2021 गुरुवार को अपने विद्युतीय मत देने की कट–ऑफ तिथि पर दे सकते हैं।

कंपनीज (प्रबंधन व प्रशासन) संशोधित नियम, 2015 के नियम 20 के उप नियम 4 के क्लॉज (अ) के अंतर्गत आवश्यक संबंधित सूचनाएं निम्न अनुसार होगीः

क्र. सं.	विवरण	टिप्पणी
1.	विद्युतीय माध्यमों द्वारा वोटिंग व्यापार के उचित प्रबंध हेतु स्टेटमेंट।	वीसी/ओएवीएम चयन द्वारा एजीएम का आयोजन की सूचना के लिए निर्देशों के अनुसार विद्युतीय माध्यमों से वोटिंग के माध्यमों द्वारा ज्ञापन नं. 1 से 4 के लिए 49वीं एजीएम सूचना में साधारण व विशेष व्यापार।
2.	रिमोट ई–वोटिंग के प्रारंभ की तिथि व समय	रिमोट ई–वोटिंग का प्रारंभ 27 सितम्बर, 2021 सोमवार को प्रातः 10:00 बजे होगा।
3.	रिमोट ई–वोटिंग के समापन की तिथि व समय बुधवार को अप. 5:00 बजे होगा।	रिमोट ई–वोटिंग का समापन 29 सितम्बर, 2021
4.	कट–ऑफ तिथि	वीसी/ओएवीएम द्वारा एजीएम का आयोजन विद्युतीय माध्यमों द्वारा मतदान और रिमोट ई–वोटिंग के लिए योग्यता की डिटरमाईनिंग हेतु कट–ऑफ तिथि 23 सितम्बर, 21गुरुवार होगी।
5.	एजीएम की सूचना को भेजना	सूचना को 27.8.2021 शुक्रवार तक पूर्ण रुप से भेज दिया जाएगा।
6.	उन व्यक्तियों के लिए जिन्हें अंशों की प्राप्ति करनी हैं और कंपनी का सदस्य बनना हैं उन्हें लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त होने के पश्चात यह करना होगा	जिन व्यक्तियों को अंशों की आवश्यकता हैं और वे कंपनी का सदस्य बनना चाहते हैं सूचना के भेजे जाने के बाद और कट–ऑफ तिथि जैसे 23 सितम्बर, 201 गुरुवार तक अपने अंशों को होल्ड करना होगा और उन्हें वैबसाईट पर उपलब्ध सूचना में दर्शाए निर्देशों का पालन करना होगा, जिनके पैन नं. होल्ड हो और जिन्होंने किसी अन्य कारण से पासवर्ड प्राप्त कर लिया हो **helpdesk.evoting@cdslindia.com** या **ajaygupta@alpsindustries.com** या **rta@alankit.com** पर अपनी प्रार्थना भेजें। यद्यपि, वह व्यक्ति सीडीएसएल के साथ पंजीकृत हो तो ई–वोटिंग के लिए वर्तमान यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग मतदान के लिए कर सकता हैं।
7.	कथित तिथि व समय के पश्चात रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी	29 सितम्बर, 2021 बुधवार शाम 5:00 बजे के बाद सीएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग के मॉड्यूल को डिसेबल कर दिया जाएगा और किसी को भी इस समय के पश्चात रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
8.	वीसी/ओएवीएम द्वारा सभा पर मौजूद सदस्यों द्वारा मतदान के लिए प्रावधानित कंपनी का मैनर	एजीएम की सूचना में एनैक्चर 1 में दर्शाए रुप में वीसी/ओएवीएम द्वारा एजीएम पर मतदान का मैनर
9.	रिमोट ई–वोटिंग द्वारा मतदान के अधिकार के पश्चात सदस्य आमसभा में भाग ले सकता हैं परंतु उसे पुनः मतदान की अनुमति नहीं होगी।	सदस्य जिन्होंनंने एजीएम से पूवूर्व रिमोटेट ई–वोटिंग द्वारा अपन मतदान का उपयोगेग किया हो वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं परंतु उन्हें अपना मतदान दोबारा नहीं डालने दिया जाएगा।
10.	आमसभा में वोटिंग के साथ साथ रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा होगी जो उस व्यक्ति को दी जाएंगी जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या केवेवल कट–ऑफ तिथि पर जमा–कर्त्ताओं द्वारा अनुरक्षण किए लाभार्थियों के रजिस्टर में रिकॉर्ड होगा।	वार्षिक आमसभा में मतदान के साथ साथ रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी जो उन सदस्यों के लिए है जिनका नाम सदस्यों के रजिस्टर या कट–ऑफ तिथि जैसे 23 सितम्बर, 2021 गुरुवार को जमाकर्त्ताओं द्वारा अनुरक्षित लाभार्थिर्ययों के रजिस्टर या सदस्यों के रजिस्टर में रिकॉर्डर्ड हो।
11.	कंपनी का वैबसाईट पता, यदि कोई हो, और एजेंसी जहां बैठक की सूचना प्रदर्शित की गई हैं	www.alpsindustries.com, www.cdslindia.com
12.	विद्युतीय माध्यम द्वारा मतदान की सुविधा के संबंधित साथ अधिकारी का नाम, पद, पता, ईमेल आईडी और फोन नंबर जहां से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं	श्री अजय गुप्ता, कंपनी सचिव व कॉम्पलीएन्स ऑफीसर पताः पंजी. व कॉर. कार्यालय – 57/2, साईट 4, औद्यैद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद, गाजियाबाद, यू.पी.–201010 ई–मेलः ajaygupta@alpsindustries.com फोनः 0120–4161716

सोशल डिसटेन्सींग का पालन करते हुए कोविड–19 महामारी के प्रकोप के कारण कंपनीज (प्रबंध व प्रशासन) नियम 2014 के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय व नियम 20(4)(अ) द्वारा जारी सर्कुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 18/2020 दिनांक 21.4.2020, 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020, 22/2020 दिनांक 15.6.2020 और अन्य सर्कुलुलर नं. 02/2021 दिनांकंक 13 जनवरी, 2021 औरैर कंपंपनीज (प्रबंध व प्रशासन) संशोधित नियम 2015 के नियम 20 (4) (V) के साथ पढ़ा जाएं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और सेबी (लिस्टींग ऑबलीगेशन एंड डिशक्लॉजर रिक्वायरमेंटस) ज्ञापन, 2015 के रेग्यूलेशन 44 के आधार पर, कंपनी द्वारा 49वें एजीएम की सूचना में रेग्यूलेशन पर अपने मतदान को सदस्य वीसी/ओएवीएम द्वारा आयोजित वार्षिक आमसभा के समय पर रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग का प्रावधान किया हैं। कंपनी ने इसके लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस (इंडिया) लि. के साथ अनुबंध किया हैं जिससे मैसेर्स. अलनकीत असाईनमेंट लिं. के साथ वीसी/ओवीएएम द्वारा एजीएम के लिए और एजीएम से पूर्व ई–वोटिंग या एजीएम पर विद्युतीय माध्यमों द्वारा उनके मतदान के अधिकारों का सदस्यों को सुविधा दी गई हैं। इस एजीएम के लिए सदस्यों के लिए मतदान करने औरैर प्रॉक्सी को देखने के लिए किसी भी फैकल्टी को उपलब्ध नहीं किया गया हैं। यद्यपि, कोरपोरेट निकाय द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों को वीसी/ओएवीएम द्वारा एजीएम में उपस्थित और ई–वोटिंग द्वारा अपने मतदान देने और उसमें प्रतिभागिता के लिए नियुक्त किया हैं।

कंपनी के निदेशकों के बोडे ने वीसी/ओएवीएम द्वारा एजीएम में रिमोटेट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग में स्पष्ट और पारदर्शिता के लिए संवीक्षक के रुप में कंपनी सचिव राजीव खोसला, कार्यरत कंपनी सचिव (पीसीएस नं. 3927) की नियुक्ति की गई हैं।

एजीएम की सूचना में एनैक्चर। और।। में दर्शाए गए रिमोट ई–वोटिंग और वीसी/ओएवीएम द्वारा एजीएम में मतदान होगा।

सदस्य कंपनी में भौतिक रुप से एजीएम में मतदान के लिए निर्देशों का पालन करते हुए मतदान कर सकते हैं। यदि आपको एजीएम और सीडीएसएल ई–वोटिंग सिस्टम से ई–वोटिंग में प्रतिभागिता से संबंधित कोई भी पूछताछ या जानकारी प्राप्त करनी हो तो, आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल या 022–23058738 और 022–23058542/4 पर संपर्क कर सकते हैं।

विद्युतीय माध्यमों द्वारा मतदान के लिए सभी संबंधित सुविधाओं के लिए श्री राकेश दालवी, मुख्य प्रबंधक (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसस (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउन्डस, एन एम जोशी मार्ग, लोवर पारेल (पूर्व), मुंबई – 400013 संपर्क करें या अपने ईमेल को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर भेजें या 022–23058542/43 पर कॉल करें। यदि आपके पास ई–वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("FAQs") और ई–वोटिंग मैनुअल को सहायता अनुभाग के तहत देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल लिख सकते हैं या 1800225533 पर कॉल करें। कठिनाइयों के मामले में सदस्य अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 में स्थित आरटीए होने के नाते अधोहस्ताक्षरी या अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड से भी संपर्क कर सकते हैं या ईमेल आईडी rta@alankit.com पर संपर्क कर सकते हैं। ई–मेल/पोस्ट द्वारा।

बोर्ड के ओदशानुसार
कृते एल्पस इन्डस्ट्रीज लि.
हस्ता./–
(अजय गुप्ता)
कंपनी सचिव व महाप्रबंधक–कानून

स्थानः गाजियाबाद
दिनांकः 13 अगस्त, 2021

सम्पादकीय...

ओपन सर्च

मौत का कुआं

'जिसकी जेब खाली, उसका क्या कर लेगा मवाली?' गरीब आदमी के पास खोने को कुछ नहीं होता। लोग गरीबी को अभिशाप मानते हैं, पर गरीबी में छुपा हुआ वरदान अगर नजर आ जाए तो आदमी की किस्मत बदल जाती है। इसका और खुलासा करें, आइए इससे पहले परंपरागत भारतीय मेलों के एक लोकप्रिय दृश्य को याद करते हैं। दस मंजिले मकान की ऊंचाई जितना ऊंचे एक मचान पर एक व्यक्ति खड़ा है। उसने भारी-भरकम कपड़े पहन रखे हैं। नीचे जमीन पर एक कृत्रिम कुआं बना हुआ है जिसकी गहराई इतनी-सी है कि उसमें एक व्यक्ति खड़ा हो सके। कुएं में पानी भरा हुआ है। मचान पर खड़े व्यक्ति के कपड़ों में आग लगाई जाएगी और उसके बाद वह व्यक्ति छलांग लगाता है और तरह-तरह की कलाबाज़ियां खाता हुआ नीचे बने कुएं में गिरता है ताकि उसके कपड़ों में लगी आग बुझ सके।

स्टंटनुमा इस खेल को 'मौत का कुआं' के नाम से जाना जाता है। एक जरा सी चूक और परिणाम घातक भी हो सकता है। चोट कितनी भी गहरी हो सकती है, लंबी बेहोशी में बदल सकती है या राम-नाम सत्य करवा सकती है। सब कुछ जानते हुए भी ये स्टंटमैन हर रोज अपना जीवन दांव पर लगाते हैं। सोचने के दो तरीके हैं। पहला नजरिया है कि भूख से बचने के लिए आदमी जीवन भी दांव पर लगा देता है। संस्मरण राजाओं और रानियों के लिखे जाते हैं, सिपाही तो सिर्फ युद्ध में खेत होने के लिए होता है। अमीर आदमी का खिलौना गरीब की दिहाड़ी है। भूख का देवता उसकी प्लेट में यूं ही रोटी देता है। यह जीवन उसका चुनाव नहीं, उसकी जरूरत है। गरीबी के थपेड़ों में सुरक्षा, जीवन और तर्क कहीं गहरे खो जाते हैं। जो जोकर आपके बच्चों को हंसाता है, उसके अपने बच्चे घर में भूख से बिलख रहे होते हैं। कभी-कभार गरीबी ऐसे अपराध की सजा की तरह होती है जो अपराध उसने कभी किया ही नहीं। जब भी इच्छा हो, अमीर आदमी भोजन कर लेता है, गरीब आदमी भोजन तब करता है जब उसे नसीब हो जाए। सिपाही आपके लिए शहीद होता है।

> सर्कस में बारह शेरों से घिरे रिंग मास्टर की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। जो गरीब हैं, उन्हें ही पता है कि गरीबी की कीमत क्या है। इसमें कोई शक नहीं कि गरीबी एक सच्चाई है। गरीब आदमी की मजबूरी उससे हर रोज तरह-तरह के समझौते करवाती है। परंतु गरीबी में एक ऐसा वरदान छिपा है जिसकी तरफहमारी नजर अक्सर नहीं जाती। पहली बात तो यह कि गरीब आदमी के पास खोने के लिए कुछ है ही नहीं, इसलिए उसे चुनौतियों से डर नहीं लगता।

आपकी सुरक्षा के लिए वह अपना जीवन दांव पर लगा देता है। सर्कस में बारह शेरों से घिरे रिंग मास्टर की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। जो गरीब हैं, उन्हें ही पता है कि गरीबी की कीमत क्या है। इसमें कोई शक नहीं कि गरीबी एक सच्चाई है। गरीब आदमी की मजबूरी उससे हर रोज तरह-तरह के समझौते करवाती है। परंतु गरीबी में एक ऐसा वरदान छिपा है जिसकी तरफ हमारी नजर अक्सर नहीं जाती। पहली बात तो यह कि गरीब आदमी के पास खोने के लिए कुछ है ही नहीं, इसलिए उसे चुनौतियों से डर नहीं लगता। अपने कंफर्ट जोन का आदी सुविधासंपन्न व्यक्ति अक्सर ऐसे जोखिम लेने से कतरा जाता है जिन्हें एक गरीब व्यक्ति फटाफट लपक लेता है। दूसरी बात यह है कि साधनहीन होने के कारण उसे हर रोज इतनी तरह की चुनौतियां झेलनी पड़ जाती हैं कि उसका अनुभव बहुत विशद हो जाता है और नजरिए में परिपक्वता बहुत जल्दी आ जाती है, इसलिए अवसर मिलने पर गरीब आदमी की सफलता के अवसर कई गुना बढ़ जाते हैं। एक छोटी-सी कहानी इसे बहुत अच्छे ढंग से बयान करती है। जंगल में एक कुत्ते ने खरगोश को देखा तो वह उसे खाने के लिए उसके पीछे भागा। कुत्ते को आता देखकर खरगोश ने भी भागना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में उसने कुत्ते को काफी पीछे छोड़ दिया तो कुत्ते ने दूर से आवाज लगाई, 'रुक जाओ, अगर तुम मेरे एक सवाल का जवाब दे दो तो मैं तुम्हें नहीं मारूंगा।'

खरगोश रुका तो कुत्ते ने पूछा, 'मैं तुमसे बड़ा हूं, तेज दौड़ सकता हूं, फिर भी ऐसा क्या है कि मैं तुम्हें पकड़ नहीं पा रहा हूं?' इस पर खरगोश ने जवाब दिया कि तुम सिर्फ भूख मिटाने के लिए दौड़ रहे हो। मैं नहीं मिलूंगा तो तुम दूसरा शिकार ढूंढ लोगे, पर मैं तो जान बचाने के लिए दौड़ रहा हूं, तुम्हारे काबू आ गया तो मुझे कोई दूसरा चांस नहीं मिलेगा। गरीबी और अमीरी में भी यही फर्क है। अमीर आदमी के पास कई विकल्प हैं, पर गरीब आदमी अगर दिहाड़ी नहीं कमाएगा तो भूखा सोएगा। उसकी यह मजबूरी ही उसे बहुत कुछ सिखा देती है। आइए, एक बार फिर उसी स्टंटमैन की बात करते हैं जिसके कपड़ों पर कैरोसिन तेल छिड़क कर आग लगा दी गई थी ताकि वह सौ फुट की ऊंचाई से मौत के कुएं में कूदने का करतब दिखाकर लोगों का मनोरंजन कर सके। वह स्टंटमैन जानता है कि इस करतब को करने से पहले करतब करना सीखना होगा और उस वक्त उसे बहुत खतरा है क्योंकि वह अभी उस स्टंट के खतरों से बचने की पूरी ट्रेनिंग नहीं ले पाया है। उसके बावजूद वह ऐसा खतरनाक करतब सीखने का मन बनाता है, सीखने की जुगत करता है, खतरे मोल लेकर उसमें माहिर हो जाता है।

सशक्त राष्ट्र की बुनियाद युवा शक्ति

प्रताप सिंह पटियाल

अंतराष्ट्रीय स्तर पर 12 अगस्त का दिन प्रतिवर्ष 'युवा दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन् 2000 से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की है। हालांकि भारत में सन् 1985 से भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक व प्रखर चिंतक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी के दिन को भी राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मगर दोनों दिवस मनाने का मकसद एक ही है कि हमारी शासन व प्रशासन व्यवस्था युवावर्ग के महत्त्व को समझ कर उनके विकास के लिए भविष्य की योजनाओं पर गौर फरमाए। भारत दुनिया में सबसे युवा आबादी वाला देश है। सशक्त राष्ट्र निर्माण में खेल क्षेत्र, आर्थिक जगत, कृषि व्यवसाय, तकनीकी क्षेत्र या सैन्य महाशक्ति बनाने की गतिविधियों में युवा वर्ग का ही योगदान अहम होता है।

चीन व पाकिस्तान जैसे शातिर हमशाया मुल्कों से सटी हमारे देश की सरहदें युवा सैन्य शक्ति के दम पर ही महफूज हैं। युवा सैन्य शक्ति के शौर्य-पराक्रम के बल पर हम दुश्मन देशों का भूगोल तब्दील करने का दंभ भरते हैं। टोक्यो ओलंपिक खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने तिरंगा फहरा कर तस्दीक कर दी कि युवावेग ही राष्ट्र का सबसे बड़ा सरमाया होता है। इस वर्ष के शुरुआत में हिमाचल प्रदेश में संपन्न हुए पंचायत निकाय चुनावों में राज्य के लोगों ने चालीस वर्ष से कम उम्र के 72 प्रतिशत उम्मीदवारों को पंचायती राज सिस्टम की सदारद सौंपी है जिसमें 52.8 फीसदी प्रतिनिधित्व महिलाओं के पास है। कई पंचायतों ने युवाओं को निर्विरोध चुनकर भरोसा जताया है। राज्य की जनता ने युवाओं को खुद निर्णय लेने की प्रक्रिया में एक सक्रिय भूमिका निभाने का सुनहरा अवसर दिया है। मगर लोगों द्वारा चुने हुए नुमाइंदों को तय करना होगा कि वे अपनी नई सोच व उम्दा कार्य प्रणाली से कुशल नेतृत्व करके किस क्षेत्र में अहम फैसले लेकर समाज को प्रभावित करके मिसाल कायम कर सकते हैं। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण, सड़कों पर धूल फांक रहा हजारों की तादाद में गौवंश, खेत खलिहान के लिए खतरा बन चुके जंगली जानवर, परंपरागत पेयजल स्रोतों का संरक्षण व जीर्णोद्धार तथा ग्रामीण विकास ढांचे को सकारात्मक दिशा देने जैसे बुनियादी सामाजिक मुद्दों पर अपना किरदार निभाकर पंचायतों के युवा सदस्य अपनी काबिलियत का परिचय दे सकते हैं। हिमाचल धार्मिक स्थलों व पर्यटन के लिए विख्यात है, मगर पर्यटन व पिकनिक की आड़ में कई विदेशी व अन्य राज्यों के ड्रग तस्कर राज्य की हसीन वादियों को महफूज पनाहगाह बना रहे हैं। नशे में धुत बाहरी राज्यों के कई लोग यहां स्थानीय नागरिकों से बदसलूकी व लूटपाट तथा कई अन्य संगीन वारदातों को बेखौफहोकर अंजाम दे रहे हैं। हिमाचल की संस्कृति, सरोकारों व शांत वातावरण को दूषित करने वाली इन घटनाओं में मुल्लविश लोगों पर सख्त एक्शन की जरूरत है। मौजूदा दौर में नशा मुल्क के मुस्तकबिल युवा वर्ग को बर्बाद करके आर्थिक तौर पर भी खोखला कर रहा है। किसी भी क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की कूवत रखने वाली देश की नींव युवापीढ़ी यदि अपनी किशोरावस्था से ही नशे के जानलेवा शौक की गिरफ्त में आकर लक्ष्य से भटक जाए या मौत को दावत देने वाली नशे की अवैध तिजारत में अपना भविष्य तराशने लगे तो बर्बादी का मंजर तय है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से पैर पसार रहे नशा माफिया के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए 'ड्रग निवारण' जैसे अभियानों की मुहिम चलाकर तथा ड्रग माफिया को बेनकाब करने में सुरक्षा एजेंसियों का सहयोग जैसी समस्याओं पर नेतृत्व करके पंचायत सरवराह युवावर्ग के लिए आदर्श उदाहरण पेश कर सकते हैं। देश में बढ़ती जनसंख्या के साथ बढ़ती महंगाई तथा चरम पर बेरोजगारी युवावर्ग के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। हमारे देश की 138 करोड़ की आबादी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, मगर बेहतर भविष्य के लिए अच्छे रोजगार की तलाश में हर वर्ष अत्यधिक कुशल युवा दूसरे देशों का रुख कर लेते हैं। विश्व के कई देशों में भारतीय युवा डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक तथा व्यवसायी के तौर पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि कई देशों की राजनीति व प्रशासन में भी भारतीय लोग सक्रिय हैं। विश्व की सबसे प्रतिष्ठित संस्था अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' में भारतीय युवा वैज्ञानिक के रूप में कई सालों से अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। प्रतिभा सम्पन्न युवाओं की विदेशों में ज्यादा कद्र होती है। इससे भारत का मान जरूर बढ़ता है, मगर देश की प्रतिभाओं का इस कदर पलायन राष्ट्रहित में नहीं है। इसके कारणों पर मंथन व सियासी रायशुमारी होनी चाहिए। देश में नौकरशाही, प्रशासनिक सेवाओं, शिक्षा, चिकित्सा व तकनीकी क्षेत्र तथा सुरक्षा एंजेसियों को हमेशा क्षमताशील युवाओं की जरूरत रहती है, मगर सरकारी संस्थानों में आरक्षण प्रणाली के चलते 'डिजर्व' उम्मीदवार पर 'रिजर्व' भारी पड़ जाते हैं। नतीजतन ज्यादातर कुशल युवा विदेशों या निजी क्षेत्रों में सेवाएं देने को मजबूर होते हैं। आरक्षण देश की उत्कृष्ट पात्रता के भविष्य पर कुठाराघात है जिससे योग्य प्रतिभागियों के जहन में आक्रोश की भावना बढ़ती है।

कड़ी मेहनत के बलबूते योग्यता के शिखर पर पहुंचे मेधावी यदि आरक्षण व्यवस्था की वजह से उपेक्षित हो जाएं तो देश उन्नति के मुकाम पर नहीं पहुंच सकता। देश में जातिवाद, आरक्षण व मुफ्तखोरी की हिमायत हुक्मरानों की सियासी जमीन या वोट बैंक को मजबूत कर सकते हैं। मगर यह नीतियां देश के वर्तमान व भविष्य की बुनियाद प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नुकसानदायक हैं। बहरहाल रहनुमाई व्यवस्था को प्रतिभावान युवावर्ग के जज्बातों की कद्र का मिजाज पैदा करना होगा। शारीरिक व मानसिक तौर पर ऊर्जावान तथा जोश से लबरेज युवावर्ग हर क्षेत्र में देश की तकदीर व तस्वीर बदलने की हैसियत रखता है, बशर्ते हमारी सियासी व्यवस्था उभरती युवा प्रतिभाओं के भविष्य को कुचलने वाली नीतियों को रुखसत करके उनकी काबिलियत व क्षमता को अहमियत देकर युवावेग को राष्ट्र निर्माण व विकास कार्यों में उपयोगी बनाने पर तवज्जो दे। यही देशहित में लाभकर होगा।

जिंदगी से निराष ठीक होकर खुषी से लौटते अपने घर

डॉ. भरत मिश्र प्राची

भारत की राजधानी दिल्ली राज्य के पालम अंतर्राश्ट्रीय हवाई अड्डा के पास स्थित रियाइसी इलाका बसंत कुंज में स्पाइन का प्रमुख चिकित्सालय इंडियन स्पाइन इंजूरिज सेंटर स्पाइन के मामले में विष्वविख्यात प्रमुख चिकित्सा केन्द्र बन चुका है जहां भारत ही नहीं विष्व के अन्य देषों से दुर्घटना ग्रस्त, लकवा , रीढ़ की हड्डी की चोट, स्लीप डिस्क, घुटना दर्दश् गर्दन दर्द, कंधा जाम,

गठिया, मांसपेंसियों में जकडन, एम्पूटेषन, बच्चों एवं बुजुर्गो से जुड़ी अन्य बीमारी के षिकार जिंदगीं से निराष हो चुके मरीज इलाज के लिये आते है एवं कुषल अनुभवी चिकित्सक के बेहतर इलाज एवं यहां स्थित विषाल फिजियोथेरेपी केन्द्र रिहैविलीटेषन में कुषल फिजियोथेरेपिस्ट की देखरेख में चल रहे एक्सरसाइज के चलते ठीक होकर खुषी- खुषी आत्म निर्भर होकर अपने घर को लौटते है एवं अपनी दिनचर्या आसानी से कर पाते है। इस तरह के मरीजों में से कुछ ने अंतर्राश्ट्रीय खेल, पारा ओलंपिक खेल जगत में अपनी प्रतिभा प्रदर्षन के बल पदक पाकर देष एवं परिवार का नाम रोषन भी किये है। भारतीय सेना में युद्ध के दौरान दुर्घटना ग्रस्त मेजर एच.पी.एस. अहलुवालिया के सपनों को साकार करने वाला इस मानव हितकारी चिकित्सालय की आधारषिला सनृ 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने रखी । जिसके लिये भूमि सरकार ने आवंटित की।

आज विस्तृत क्षेत्र में फैला 200 बेड का चिकित्सालय चिकित्सा के हर क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहा है जहां सरकार की अनुज्ञा का पालन करते हुये 25 प्रतिषत आर्थिक रूप से कमजोर मरीज को निःषुल्क इलाज के साथ - साथ राज्य एवं भारत सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों को सी. जी. एच. एस मुल्य पर इलाज की विषेश सुविधा का भी प्रावधान है। इस चिकित्सालय का मुख्य आकर्शण एवं विषेश रूप से जनोपयोगी केन्द्र रिहैबिलीटेषन है जहां दुर्घटना ग्रस्त इलाज के लिये आये मरीज को ऑपरेषन के बाद इस केन्द्र में भेज दिया जाता है। जिसकी प्रभारी चित्रा कटारिया की देख रेख में कुषल एवं अनुभवी ओटी के लिये ऑकुपेषनल थेरेपिस्ट वरिश्ठ काऑर्डिनेटर रणधीर लाल रंजन, वरिश्ठ ऑकुपेषनल थेरेपिस्ट मनीश भारद्वाज एवं अन्य ऑकुपेषनल थेरेपिस्ट तथा पीटी के लिये फिजियोथेरेपिस्ट कोऑर्डिनेटर टीम नीना धीर, अल्पना, निखिल गर्ग, वरिश्ठ फिजियोथेरेपिस्ट रमेष चंद्रा एवं अन्य फिजियोथेरेपिस्ट निरंतर अपनी सेवायें दे रहे है। इनके सहयोगी टीम में वरिश्ठ वार्ड ब्याय नवल कंडारिया एवं उसके साथियों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। मरीजों को वहील चेयर से लेकर बेड पर उठाने बैठाने एवं एक्सरसाइज उपकरण तक ले जाने के साथ - साथ फिजियोथिरेपिस्ट को पूर्णरूप से हर तरह के सहयोग देने में अपनी महत्वपुर्ण भूमिका निभाते है। जिनके सहयोग के बिना रिहैबिलीटेषन का उदेष्य कभी पुरा नहीं हो सकता।

ये वार्डब्याय एक तरह से रिहैबिलीटेषन की रीढ़ है। इनके साथ सफाई कर्मचारियों का भी सहयोग अद्वितीय है जिनके सहयोग से हर जगह साफसुथरा वातावरण बना रहता है जो किसी भी चिकित्सा केन्द्र के लिये अति आवष्यक है। चिकित्सालय के वरिश्ठ स्पाइन सर्जन एवं चिकित्सा निदेषक डॉ एच एस छाबड़ा, स्पाइन सर्जन अंकुर नंदा, एम एस बंसल, बी. महापात्रा एवं विकास टंडन के षल्य चिकित्सा के बाद रिहैबिलीटेषन विभाग में आये मरीज को जिनके दोनों हाथों एवं पैरों में खड़े होने की षक्ति चली गई है फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा ओटी एवं पीटी से रिहेबिलिटेषन की प्रक्रिया आधुनिक उपकरण के मदद से की जाती है। जब मरीज अपने पैरों के बल चलने लगता है एवं हाथ व पैर से पूर्णतः ठीक हो जाता है तब उसे आवष्यक निर्देष के साथ अपने घर जाने की इजाज्त दे दी जाती हे।

मरीज को ठीक करने में रिहैबिलीटेषन में आधुनिक गेंट प्रषिक्षण, आधुनिक स्टेटिक एवं डायनेमिक यंत्र के माध्यम से बैलेंष प्रषिक्षण, जीम, हाइडरोथेरेपी आदि की भी व्यवस्था है। जिसके सहारे वह अपनी वास्तविक जिंदगी में फिर से लौटकर खुषी - खुषी अपनी दिनचर्या करने लगता है। कोरोना काल का प्रतिकूल प्रभाव इस तरह के आये मरीजों पर भी पड़ा जिनकी रिहैबिलीटेषन प्रक्रिया अवधि बढ़ गई। पर वे निराष नहीं हुये।

सच्ची स्वतंत्रता पाएं

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

संपूर्ण भारत में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाता है। कई अन्य देश भी विभिन्न तिथियों पर स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। जहाँ सांसारिक अर्थ में स्वतंत्रता का मतलब होता है वह दिन जब एक देश किसी दूसरे देश के नियंत्रण से आज़ाद हुआ था, वहीं आध्यात्मिक अर्थ में स्वतंत्रता हमारी आत्मा की आज़ादी की ओर भी संकेत करता है। हमारे अंतर की गहराई में है हमारी आत्मा, जोकि प्रकाश, प्रेम, और शांति से भरपूर है। हमारे ये आत्मिक ख़ज़ाने मन, माया, और भ्रम की पर्तों के नीचे छुपे रहते हैं। हमारा ध्यान अंदरूनी संसार के बजाय हर वक़्त बाहरी संसार में ही लगा रहता है। हम अपने मन की इच्छाओं के ज़रिये अपने ऊपर पड़े पर्दे बढ़ाते रहते हैं, जिससे हमारे अंदर काम, क्रोध, लोभ, मोह, और अहंकार में भी बढ़ोतरी होती चली जाती है। क्या इन बाधाओं को तोड़कर अपनी आत्मा का अनुभव करने का कोई तरीक़ा है? इसके लिए हमें धरती के चारों कोनों में तलाष करने की ज़रूरत नहीं है। सौभाग्य से, युगों-युगों से संत-महापुरुष आत्मा के क्षेत्र में तरक़्क़ी करते रहे हैं। वे ऐसा करने में सफल रहे हैं, अपने ध्यान को अंतर में टिकाकर। जिसे मेडिटेशन, मौन प्रार्थना, या अंतर्मुख होना भी कहा जाता है। वे हमें बताते हैं कि सच्ची आज़ादी हमें तभी मिलती है, जब हम शांत अवस्था में बैठते हैं, अपनी आँखें बंद करते हैं, और अपने ध्यान को अंतर में केंद्रित कर प्रभु की ज्योति का अनुभव प्राप्त करते हैं। यदि हम अपनी आत्मा को ढकने वाली पर्तों को हटाने में सफल हो जाएं, तो हम अपने सच्चे आत्मिक स्वरूप को अवष्य देख पाएंगे जोकि प्रभु की दिव्य-ज्योति से प्रकाशमान है। जब हमारी आत्मा शरीर और मन की क़ैद से मुक्त हो जाती है, तो वो स्वतंत्र और ख़ुश होकर ऊपर उठने लगती है। इस बाहरी संसार की समय व स्थान की सीमाओं से ऊपर उठकर वो अपने सच्चे अनंत अस्तित्व को पहचानने लगती है, तथा इस भौतिक मंडल से परे के आध्यात्मिक मंडलों की ख़ुशियों व आनंद का अनुभव करने लगती है। यह आध्यात्मिक यात्रा आरंभ होती है आंतरिक प्रकाश को देखने व आंतरिक ध्वनि को सुनने के साथ। इनमें अधिक से अधिक डूबते जाने से हमारी आत्मा शारीरिक चेतनता से ऊपर उठ जाती है, तथा धीरे-धीरे अंड, ब्रह्मंड, और पारब्रह्म के रूहानी मंडलों से गुज़रते हुए अपने निजधाम सचखंड वापिस पहुँच जाती है। वहाँ हम अपनी आत्मा को उसकी निरोल अवस्था में देख पाते हैं और अनुभव करते हैं कि वो परमात्मा का ही अंष है। वहाँ हमारी आत्मा फिर से अपने स्रोत परमात्मा में लीन हो जाती है तथा अंतहीन ख़ुशियों, परमानंद, और प्रेम से भरपूर हो जाती है।

'जय जवान' -'जय किसान' ही नहीं 'ओलम्पिक पदकों का सिरताज' भी बना हरियाणा

निर्मल रानी

ओलम्पिक के इतिहास में भारत अब तक कुल दस स्वर्ण पदक जीत चुका है जिसमें आठ स्वर्ण पदक भारतीय हॉकी टीम को उसके 1920-1950 मध्य के स्वर्णिम युग के दौरान प्राप्त हुए हैं जबकि दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक में से एक 11 अगस्त 2008 को बीजिंग में आयोजित शूटिंग में अभिनव बिंद्रा को पुरुषों की दस मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में हासिल हुआ था जबकि दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पिछले दिनों नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलिंपिक में भारत के लिए ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता में भाला फेंकने की प्रतिस्पर्धा में जीता। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक को ओलंपिक के एथलेटिक्स वर्ग में 121 वर्षो के इतिहास में भारत को मिले सबसे पहले स्वर्ण पदक के रूप में भी देखा जा रहा है।

निःसंदेह टोक्यो में पहला एथिलीट ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने से पूरा देश खुशी से झूम रहा है परन्तु चूँकि नीरज चोपड़ा उस हरियाणा का बेटा है जिसके बारे में कहावत मशहूर है कि -'म्हारा देस हरियाणा -जहाँ दूध दही का खाना ',इसलिए हरियाणा के लोगों का उत्साह कुछ अधिक है। वैसे भी टोक्यो ओलम्पिक में जो कुल 7 पदक प्राप्त हुए हैं उनमें स्वर्ण सहित 3 पदक अकेले हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते, शेष 4 पदक पूरे देश के खिलाड़ियों ने मिलकर जीते। सातवां पदक हॉकी टीम का कांस्य पदक है जिसमें हरियाणा सहित पूरे देश के खिलाड़ी शामिल हैं। हरियाणा के सपूत व भारतीय सेना में राजपूताना रेजिमेंट में सूबेदार नीरज चोपड़ा ने भाला फेंकने में स्वर्ण पदक जीता तो पहलवान बजरंग पूनिया ने कुश्ती में भारत को कांस्य पदक दिलाया। हरियाणा के ही पहलवान रवि दहिया ने कुश्ती में ही रजत पदक अपने नाम किया था और इसी राज्य के दूसरे पहलवान दीपक पूनिया पदक के बिल्कुल करीब पहुंचकर हार गए। दुर्भाग्यवश हरियाणा के और भी कई खिलाड़ी पदक के करीब पहुंचकर हार गए अन्यथा यदि यह खिलाड़ी भी पदक जीत लाते तो देश के पदकों की संख्या लगभग दोगुनी हो सकती थी।

पदक से चूकने वाले खिलाड़ियों में हरियाणा के ही युवा निशानेबाज मनु भाकर, सौरभ चौधरी, पहलवान विनेश फोगाट जैसे नाम शामिल हैं। महिला हॉकी टीम जो पदक से बाल बाल चूक गयी उसमें भी अकेले हरियाणा राज्य की 9 बेटियां शामिल थीं। इनमें में कप्तान रानी रामपाल तो इस राज्य की थी हीं साथ ही सविता पूनिया जो 'हॉकी की दीवार' के नाम से प्रसिद्ध हो चुकी हैं वह भी हरियाणा की ही बेटी हैं । हरियाणा के ही साक्षी मलिक, सुशील कुमार, विजेंद्र कुमार, गीता व बबीता फोगाट जैसे अनेक खिलाड़ी इससे पूर्व भी अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाकर राष्ट्र का नाम रोशन कर चुके हैं। अब टोक्यो ओलम्पिक में एक बार फिर हरियाणा के खिलाड़ियों के शानदार व

> **ओलिंपिक में भारत के लिए ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता में भाला फेंकने की प्रतिस्पर्धा में जीता। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक को ओलंपिक के एथलेटिक्स वर्ग में 121 वर्षो के इतिहास में भारत को मिले सबसे पहले स्वर्ण पदक के रूप में भी देखा जा रहा है। निःसंदेह टोक्यो में पहला एथिलीट ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने से पूरा देश खुशी से झूम रहा है परन्तु चूँकि नीरज चोपड़ा उस हरियाणा का बेटा है जिसके बारे में कहावत मशहूर है कि -'म्हारा देस हरियाणा -जहाँ दूध दही का खाना ',इसलिए हरियाणा के लोगों का उत्साह कुछ अधिक है। वैसे भी टोक्यो ओलम्पिक में जो कुल 7 पदक प्राप्त हुए हैं उनमें स्वर्ण सहित 3 पदक अकेले हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते, शेष 4 पदक पूरे देश के खिलाड़ियों ने मिलकर जीते। सातवां पदक हॉकी टीम का कांस्य पदक है जिसमें हरियाणा सहित पूरे देश के खिलाड़ी शामिल हैं। हरियाणा के सपूत व भारतीय सेना में राजपूताना रेजिमेंट में सूबेदार नीरज चोपड़ा ने भाला फेंकने में स्वर्ण पदक जीता**

गौरवपूर्ण प्रदर्शन के बाद यह चर्चा होने लगी है कि जब देश के सबसे छोटे राज्यों में गिना जाने वाला हरियाणा जैसा अकेला राज्य ओलम्पिक में इतना शानदार प्रदर्शन कर सकता है फिर आखिर उत्तर प्रदेश,बिहार,मध्य प्रदेश,महाराष्ट्र जैसे और भी कई बड़े राज्य अंतर्राष्ट्रीय खेलों व एथलीट प्रतियोगिताओं में क्यों पीछे रह जाते हैं ? हरियाणा की गिनती अन्न उत्पादन के क्षेत्र में भी पंजाब के बाद दूसरे नंबर पर होती है। इतना ही नहीं बल्कि यह देश का वह गौरवशाली राज्य भी है जिसके अधिकांश किसानों के बच्चे देश की सरहद के प्रहरी के रूप में भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दिया करते हैं और जरूरत पड़ने पर अपनी शहादत भी पेश करते हैं । दरअसल जिन राज्यों के बच्चे व युवा अंतर्राष्ट्रीय खेल व एथलीट प्रतियोगिताओं में आगे नहीं निकल पाते उसके पीछे का मुख्य कारण इन राज्यों के सत्ताधीशों की अकर्मण्यता व खेलों के प्रति उनकी निष्क्रियता व निकम्मापन मुख्य कारण है। शायद यह शातिर राजनेता जानते कि चूँकि खिलाड़ी उनके वोट बैंक नहीं हैं इसलिये चतुर व शातिर राजनीतिज्ञ इनको प्रोत्साहित करने पर समुचित ध्यान नहीं देते। जनता का जितना पैसा यह सियासतदां अपनी वाहवाही के अपने बड़े बड़े सचित्र विज्ञापनों पर खर्च करते हैं वह भी प्रायः झूठे तथ्य पेश कर अपनी वाहवाही कराने वाले विज्ञापनों पर, उसका मात्र दस प्रतिशत हिस्सा भी यदि खिलाड़ियों की सुविधा उनके प्रशिक्षण उनके प्रोटीनयुक्त आहार पर खर्च किया जाये तो इसमें कोई संदेह नहीं कि पदक तालिका में भारत का नाम भी पदक तालिका की सूची में शीर्ष पर आ सकता है। परन्तु हमारे देश में नेताओं को अपनी सत्ता अपनी शोहरत आपने बहुसंख्य वोट बैंक की अधिक चिंता रहती है न कि दुनिया में देश का नाम रौशन करने की आशाओं से परिपूर्ण युवाओं व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन की।

मिसाल के तौर पर अभी पिछले दिनों जब 7 भारतीय पदक विजेता टोक्यो ओलम्पिक समापन के पश्चात् भारत लौटे तो दिल्ली स्थित अशोका 5 सितारा होटल में उनका स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में सबसे बड़ा चित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का था जबकि सातों पदक विजेताओं के चित्र एक परिधि में इतने छोटे छपे थे की दूर से उन्हें पहचाना भी नहीं जा सकता था। जबकि होना यही चाहिये था कि जिन पदक विजेताओं के स्वागत में यह समारोह था उनके चित्र सबसे बड़े लगाए जाएं। प्रधानमंत्री के चित्र की तो आवश्यकता ही नहीं थी। परन्तु यहाँ तो देश के करदाताओं के पैसों से गरीबों को राशन वितरित करने वाले विशेष थैलों पर प्रधानमंत्री का चित्र तो वैक्सीन सर्टीफिकेट पर प्रधानमंत्री का चित्र। गोया देश की सारी राजनीति नेताओं के चित्र व उनकी शोहरत व विज्ञापन पर ही आधारित है ऐसे में युवा खेल कौशल की ओर ध्यान देने की फुर्सत ही कहां ? लगभग मृत प्राय हो चुकी भारतीय हॉकी की वह टीम जिसके प्रदर्शन से दुनिया घबराती थी उसे प्रोत्साहित करने का 'जोखिम' उठाने के लिये कोई राज्य तैयार नहीं। जबकि हरियाणा में हॉकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण की पूरी सुविधा उपलब्ध है।

उधर इस बार उड़ीसा के मुख्य मंत्री नवीन पटनायक ने भी भारतीय हॉकी टीम को प्रायोजित करने का बीड़ा उठाया इसका परिणाम सामने है कि भारतीय महिला हॉकी टीम को जहां हरियाणा ने 9 खिलाड़ी दिये वहीं पुरुष हॉकी टीम ने भी गत वर्षों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। हरियाणा के खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनके सांस्कारिक खान पान का भी योगदान है। यहाँ गरीब से गरीब किसान परिवार का व्यक्ति अपने घरों में दुधारू पशु पालने की कोशिश अवश्य करता है। व्यवसाय के लिये कम परिवार के खान पान के लिये अधिक। हरियाण-पंजाब में शहरों में भी दूध-घी-दही-लस्सी-मट्ठा आदि खाने पीने का खूब चलन है। यही वजह है कि भारत में हरियाणा राज्य 'जय जवान' -'जय किसान' ही नहीं 'ओलम्पिक पदकों का भी सिरताज' भी बना है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक विजय कुमार द्वारा आदित्य ग्राफिक्स, प्रताप भवन 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, आई.टी.ओ. नई दिल्ली-110002 से मुद्रित कराकर 1536/108 गणेशपुरा रोड, त्रीनगर दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : विजय कुमार RNI No. : DELHIN/2015/66886
अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542 फ़ोन :- 011-46696546 E-mail : opensearchdelhi@gmail.com
सम्पादकीय कार्यालय :- 15&16 सिंधिया हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

कैबिनेट फेरबदल के संकेत से बेचैन सिद्धू खेमे की नई रणनीति, पंजाब में सीएम कैप्टन अमरिंदर को बदलने की मुहिम की तैयारी

पंजाब की कैप्टन अमरिंदर सिंह कैबिनेट में बदलाव की आहट से नवजोत सिंह सिद्धू के खेमे में खलबली मच गई है। माना जा रहा है कि कैबिनेट से सिद्धू के करीबी मंत्रियों की छुट्टी होगी। सिद्धू ने आज अपने करीबी मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक की।

चंडीगढ़ (एजेंसी)
मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को कैबिनेट फेरबदल की मंजूरी मिलने के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू के खेमे में खलबली मच गई है। सिद्धू ने अपने करीबी मंत्रियों व विधायकों के साथ बैठक की।

इस बैठक में यह फैसला किया गया कि पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर विधायकों की बैठक बुलाई जाए। बताया जा रहा है कि सिद्धू खेमा अब कैप्टन अमरिंदर पर सीधा हमले की तैयारी में है और राज्य में मुख्यमंत्री बदलने की मांग भी उठा सकता है। कैबिनेट मंत्री तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा के यहां हुई इस बैठक में यह भी चर्चा उठी कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुख्यमंत्री को बदलने की मांग भी की जाए। अहम बात यह है कि एक तरफ सिद्धू मंत्रियों के साथ बैठ कर रहे थे, उसी समय दिल्ली में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह सोनिया गांधी के साथ मुलाकात करके यह बता रहे थे कि सिद्धू द्वारा अपनी ही सरकार के खिलाफ बोलने से पार्टी को कितना नुकसान हो रहा है।

पार्टी के उच्चस्तरीय सूत्र बताते हैं कि कैप्टन द्वारा सिद्धू को लेकर दिए गए फीडबैक के बाद सोनिया गांधी ने प्रदेश प्रभारी हरीश रावत को निर्देश दिए कि वह पंजाब जाकर इन सारी समस्याओं का समाधान करके आए। जानकारी के अनुसार कैप्टन ने सोनिया गांधी को बताया कि सिद्धू द्वारा अपनी ही सरकार के प्रति दिए जा रहे बयानों से कांग्रेस विपक्ष के सामने मजाक का पात्र बनती जा रही है।

वहीं, कैबिनेट में फेरबदल करने पर सोनिया गांधी की सहमति से सिद्धू कैंप में खासी बेचैनी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सिद्धू द्वारा कांग्रेस भवन में ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद बाजवा के सरकारी आवास पर एक बैठक हुई। इस बैठक में बदलते राजनीतिक

हालातों पर चर्चा हुई। जानकारी के अनुसार बैठक में सिद्धू समेत तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, सुखजिंदर रंधावा, रजिया सुल्ताना, संगत सिंह गिलजियां, कुलजीत नागरा, बरिंदरमीत सिंह पाहड़ा, कुलबीर जीरा, कुशलदीप सिंह ढिल्लों समेत करीब एक दर्जन से अधिक नेता मौजूद थे। बताया जाता है बैठक में यह चर्चा हुई कि पार्टी की अंतरिम राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के समक्ष राज्य में मुख्यमंत्री को बदलने की मांग उठाई जाए। लेकिन, यह भी चर्चा में आया कि अपने स्तर पर इस तरह की मांग उठाई जाएगी तो उसमें वजन नहीं आएगा।

इसके लिए कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलानी जरूरी है। बताया जाता है कि पार्टी के प्रावधान के अनुसार प्रदेश प्रधान विधायक दल की बैठक बुला सकता है लेकिन अगर एजेंडा यह हो कि मुख्यमंत्री को बदलने की मांग करनी है तो संभव है कि विधायक न आएं। इसका हल निकाला गया कि विधायकों की बैठक बुलाई जाए लेकिन एजेंडा हो विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर चर्चा।

सूत्र बताते हैं कि विधायक दल की बैठक के दौरान सिद्धू कैंप का कोई विधायक इस मुद्दे को उठा सकता है। बता दें कि पहले ही पांच कैबिनेट मंत्री तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, सुखजिंदर सिंह रंधावा, चरणजीत सिंह चन्नी और रजिया सुल्ताना समेत कुछेक विधायकों ने सोनिया गांधी को पत्र लिख कर मिलने का समय मांगा हुआ है।

वहीं, कैबिनेट फेरबदल को लेकर सबसे ज्यादा बेचैनी माझा एक्सप्रेस (तृप्त बाजवा, सुखबिंदर सरकारिया और सुखजिंदर रंधावा) कहे जाने वाले मंत्रियों में है। क्योंकि, माना जा रहा है कि पंजाब विधानसभा के स्पीकर राणा केपी सिंह को मुख्यमंत्री कैबिनेट में लाना चाहते हैं। ऐसे में माझा एक्सप्रेस के एक मंत्री को स्पीकर बनाया जा सकता है।

बैंक से प्रापर्टी लोन दिलाने का झांसा देकर 35 हजार की ठगी

लुधियाना (एजेंसी) बैंक से प्रापर्टी लोन दिलाने का झांसा देकर नौसरबाज ने महिला से 35 लाख रुपये की ठगी मार ली। इतना ही नहीं, उसने महिला से 1-1 हजार रुपये के 8 स्टांप पेपर तथा साइन किए हुए 25 चेक भी ले लिए। अब थाना डिवीजन नंबर 8 पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी तथा अमानत में ख्यानत के आरोप में केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की है। एएसआइ जसविंदर सिंह ने बताया कि उसकी पहचाना दोराहा के मधु मांगट स्ट्रीट निवासी करण कांगड़ा के रूप में हुई।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली एकल पैकेट पद्धति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमत्रित करते हैं।

1.	कार्य का नाम व स्थल	उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के आधिन चिपियाना बुजुर्ग–दादरी स्टेशन के मध्य प्रस्तावित चोथी लाइन के निर्माण लिए, चिपियाना स्टेशन पर रीटेनिंग वाल /बाउंड्री वाल बनाने, एम एस फैंसिंग लगाने, छोटे पुलों के विस्तार के लिए, मिट्टी डालने के कार्य के लिए नये फॉर्मेशन पर ब्लैंकेटिंग की सप्लाइ व उसमे फैलाने हेतु, पहुच मार्ग बनाने हेतु पुरानी लाइन की आवश्यक डिसमैंटलिंग तथा नई लाइन जो उत्तर रेलवे के नियंत्रण में है, प्रस्तावित काटो के साथ बिछाने हेतु, 65 मिली. नाप के मशीन बालस्ट की सप्लाइ तथा अन्य संबंदित कार्यों के लिए के साथ साथ नये किए गये लाइन के विदुतकरण कार्य 25 के.वी. 50 एच.जड. सिंगल फेज ए.सी. ओ.एच.ई. व विधुत विभाग के सामान्य कार्य करने हेतु।
2.	कार्य पूरा होने की अवधि	12 माह
3.	कार्य की अनुमानित लागत	सिविल = रू0 610.99 लाख ईलेक्ट्रिकल/टी आर डी = रू0 212.87 लाख इलेक्ट्रिकल जनरल = रू0 10.05 लाख टोटल = रू0 833.91 लाख
4.	धरोहर राशि	शून्य (हालांकि बोली सुरक्षा घोषणा अनुबंध–T के अनुसार अनिवार्य है
5.	ई–निविदा जमा करने व खोलने की तारीख एवं समय	निविदाएं 03.09.2021 को 11:30 बजे तक IREPS वेबसाईट जो कि www.ireps.gov.in है, पर अपलोड की जा सकती है। निविदाकर्ता ई–निविदा जोकि 03.09.2021 को 11:30 बजे खोले जाएंगे, में भाग ले सकते हैं।
6.	विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज	विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज दिनांक 13.08.2021 से 03.09.2021 तक रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे। उपरोक्त निविदा के दस्तावेज IREPS वेबसाईट जोकि www.ireps.gov.in है, पर 20.08.2021 से 03.09.2021 तक अपलोड के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य नियम व शर्ते उपरोक्त निविदा के संबंध में निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना कार्यालय के सूचना–पट्ट पर भी देखी जा सकती है।

No. 489-Acs-Chipiyana-4th line CPYZ-DER-CSB Dated -08-2021 1797/2021

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सरकार को किसान अब मर्जी से बेचेंगे जमीन, हरियाणा में नहीं होगी कोई जबरदस्ती, बनेगा भूमि बैंक

हरियाणा में किसानों से अब सरकार जबरदस्ती उनकी जमीन नहीं लेगी। किसान अब अपनी मर्जी से राज्य सरकार को जमीन बेच सकेंगे। इसके साथ ही विकास परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार भूमि बैंक भी बनाने जा रही है। इसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

चंडीगढ़ (एजेंसी)
हरियाणा में भूमि अधिग्रहण से जुड़े झगड़े खत्म होंगे। न किसान अपनी जमीन बेचने के लिए मजबूर किए जाएंगे और न विकास परियोजनाओं के लिए जमीन की कमी आड़े आएगी। नई व्यवस्था में जमीन बेचने के लिए भू-मालिक सरकार को अपने रेट बताएंगे। दाम वाजिब हुए तो सरकार इसे खरीद लेगी और फिर इसे भूमि बैंक में शामिल कर सार्वजनिक हित से जुड़ी परियोजनाओं में इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने लैंड बैंक बनाने की नीति को अधिसूचित किया है। राजस्व विभाग विभिन्न विभागों द्वारा अधिग्रहीत की गई ऐसी भूमि को भी अपने बैंक में शामिल करेगा, जिसकी उन्हें अभी आवश्यकता नहीं है। यह जमीन जरूरतमंद महकमों को दी जाएगी।

वित्तायुक्त राजस्व तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि कई बार भूमि स्वामियों, विशेषकर विदेश में रहने वाले लोगों को बाजार में मंदी या महामारी, बिचौलियों के दबाव या विभिन्न कारणों से अपनी जमीन मजबूरी में बेचनी पड़ती है। लैंड बैंक विभागों, भूमि मालिकों, किसानों और प्रदेश सरकार के लिए फायदे की स्थिति की पेशकश करेगा। भूमि बैंक विभागों को आवश्यक सेवाओं यथा जलघर, बिजली सब-स्टेशन, कालेज और विश्वविद्यालय, मेडिकल कालेज, अस्पताल एवं पालिटेक्निक सहित अन्य विशिष्ट संस्थानों की स्थापना के लिए भूमि प्रदान करेगा।

भू-स्वामियों या किसानों को अपनी भूमि की बिक्री की पेशकश करने के लिए भू अभिलेख निदेशक के आनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसमें मोलभाव करने लायक मूल्य सहित भूमि का पूरा विवरण देना होगा। वेब-हैलरिस पोर्टल की मदद से महकमे के अधिकारी स्वामित्व, खसरा संख्या सहित संपत्ति का शीर्षक आनलाइन सत्यापित करेंगे। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रशासनिक सचिव की अगुवाई में गठित भूमि एवं दर जांच समिति भू अभिलेख निदेशक कार्यालय द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट की जांच करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि बेची जा रही भूमि पर कोई अदालती मामला लंबित नहीं है।

भूमि मालिक को अधिकतम छह महीने के भीतर निर्णय से अवगत करा दिया जाएगा। वित्तायुक्त राजस्व की अध्यक्षता वाली समिति लैंड बैंक बनाने के लिए किसानों द्वारा दिए गए भूमि प्रस्तावों को सैद्धांतिक रूप से अंतिम रूप देगी और मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त लैंड बैंक कमेटी को सिफारिश करेगी। लैंड बैंक समिति से मंजूरी मिलने पर भूमि मालिकों द्वारा दिए गए प्रस्ताव को उच्चाधिकार प्राप्त लैंड बैंक समिति के समक्ष रखा जाएगा। भूमि क्रय को अंतिम रूप देने के तुरंत बाद संबंधित उपायुक्त द्वारा जमीन पर एक साथ कब्जा लेकर इसे लैंड बैंक में शामिल कर लिया जाएगा। अगर किसी जमीन की लंबे समय तक जरूरत नहीं पड़ती तो उसकी ई-नीलामी भी की जा सकेगी।

लुधियाना में फैक्ट्री वर्कर का कारनामा, मालिक की अलमारी से 4.55 लाख चुरा अपने अकाउंट में कराए जमा

लुधियाना (एजेंसी)
फैक्ट्री में काम करने वाले वर्कर ने अलमारी में रखी 4.55 लाख रुपये की नगदी चोरी कर ली। मगर पड़ताल के दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि चोरी की रकम वो अपने बैंक अकाउंट में जमा करा चुका है। पुलिस अब उस रकम को बरामद करने की प्रक्रिया में जुट गई है। एएसआइ जगमीत सिंह ने बताया कि आरोपित की पहचान सलेम टाबरी के खजूर चौक निवासी सूरज के रूप में हुई। श्पुलिस ने न्यू अशोक नगर निवासी रीना शर्मा की शिकायत पर उसके खिलाफ केस दर्ज किया।

भरभरा कर गिरी जर्जर मिल की इमारत

लुधियाना (एजेंसी) दिल्ली नेशनल हाईवे के पास आरके रोड पर वीरवार सुबह पुरानी जर्जर हो चुकी फैक्ट्री की इमारत भरभरा कर गिर गई। इमारत का मलवा उसके बगल वाले बेहड़े में जा गिरा। यहां करीब 80 क्वार्टर हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार मलबे में 9 लोग दब गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन की राहत टीमों ने मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू कर दिया। मलबे के नीचे दबे हुए लोगों को बाहर निकाल कर मोहनदेई ओस्वाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों में 2 बच्चे भी हैं। हादसे के बाद हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि इंडस्ट्रियल एरिया ए स्थित गिरने वाली इमारत पहले आरटी वूलेन मिल थी, जिसमें तीन साल पहले भीषण आग लगी थी।

SITAL LEASING AND FINANCE LTD

CIN: L65910HR1983PLC050169
Regd.Office No. 322, 3rd Floor,SS Plaza Commercial Complex, Mayfield Garden, Sector-47 Gurgaon-122001
Corp. Off : 16/121-122, Jain Bhawan, Faiz Road, Karol Bagh, New Delhi-110005
Email Id : sitalleasing83@gmail.com, Website: www.sitalleasingfinance.com Ph: 9891709895

Unaudited Financial Result for the Quarter Ended 30.06.2021

S.N	Particulars	Quarter Ended			Year Ended
		CURRENT QUARTER 01.04.2021 to 30.06.2021 (₹)	PREVIOUS QUARTER 01.01.2021 to 31.03.2021 (₹)	CORRESPONDING QUARTER 01.04.2020 to 30.06.2020 (₹)	YEAR TO DATE FIGURES 01.04.2020 to 31.03.2021 (₹)
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1	Total Income from operation	48.432	51.739	38.291	166.769
2	Net Profit / Loss for the period before tax and exception items	42.178	(24.777)	34.225	81.133
3	Net Profit/ Loss for the period before tax (after exception itmes)	42.178	(24.777)	34.225	81.133
4	Net Profit/ Loss for the period after tax (after exception itmes)	42.178	(24.777)	34.225	81.133
5	Total [Comprehensive income/ loss for the period [comprising profit/ loss for the period (after tax) and other comprehensive income/ loss (after tax)]	42.178	(24.777)	34.225	81.133
6	Paid up equity share capital	6,125.740	6,125.740	6,125.740	6,125.740
7	Reserve (excluding revaluation reserve) as shown in the balance sheet for previous years	-	-	-	-
8	Earning per share (of Rs. 10/- each) not Annualised-Basic & Diluted	0.007	(0.004)	0.006	0.013

Note 1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Result filed with the stock exchange under Regualtion 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly Financial Result are available on the company's website www.sunshinecapital.in and also available on the website of BSE Limited on www.bseindia.com

For and on behalf of board of directors of
Sital Leasing and Finance Limited

Date : 12/08/2021
Place : New Delhi

SURENDRA KUMAR JAIN
Managing Director
DIN: 00530035

SHRI NIWAS LEASING AND FINANCE LIMITED

CIN: L65993DL1984PLC019141
Regd. Off:47/18, RAJENDRA PLACE METRO STATION NEW DELHI-110060
Email Id: shriniwas.limited@gmail.com, Website: www.shriniwasleasingfinance.com
Ph: +91-9891709895, +91-11-47476071

Unaudited Financial Result for the Quarter Ended 30.06.2021

S.N	Particulars	Quarter Ended			Year Ended
		CURRENT QUARTER 01.04.2021 to 30.06.2021 (₹)	PREVIOUS QUARTER 01.01.2021 to 31.03.2021 (₹)	CORRESPONDING QUARTER 01.04.2020 to 30.06.2020 (₹)	YEAR TO DATE FIGURES 01.04.2020 to 31.03.2021 (₹)
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1	Total Income from operation	7.24	5.49	7.76	28.71
2	Net Profit / Loss for the period before tax and exception items	1.64	(3.82)	7.41	16.58
3	Net Profit/ Loss for the period before tax (after exception itmes)	1.64	(14.99)	7.41	5.42
4	Net Profit/ Loss for the period after tax (after exception itmes)	1.64	19.21	7.41	1.19
5	Total [Comprehensive income/ loss for the period [comprising profit/ loss for the period (after tax) and other comprehensive income/ loss (after tax)]	1.64	19.21	7.41	1.19
6	Paid up equity share capital	399.70	399.70	399.70	399.70
7	Earning per share (of Rs. 10/- each) not Annualised-Basic & Diluted	0.19	0.04	(0.09)	(1.88)

Note 1.The above unaudited standalone financial results for the quarter ended June 30, 2021 were reviewed by the Audit Committee meeting and approved by the Board of Directors and taken on record at the meeting held on 12/08/2021.

Note 2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Result filed with the stock exchange under Regualtion 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly Financial Result are available on the company's website www.shriniwasleasingfinance.com and also available on the website of BSE Limited on

For and on behalf of board of directors of
Shri Niwas Leasing & Finance Limited

Date: 12.08.2021
Place: New Delhi

RAJNI TANWAR
Managing Director
DIN: 08201251

SITAL LEASING AND FINANCE LTD

CIN: L65910HR1983PLC050169
Regd.Office No. 322, 3rd Floor,SS Plaza Commercial Complex, Mayfield Garden, Sector-47 Gurgaon-122001
Corp. Off: 16/121-122, Jain Bhawan, Faiz Road, Karol Bagh, New Delhi-110005
Email Id: sitalleasing83@gmail.com, Website: www.sitalleasingfinance.com Ph: 9891709895

Unaudited Financial Result for the Quarter Ended 30.06.2021

S.N	Particulars	Quarter Ended			Year Ended
		CURRENT QUARTER 01.04.2021 to 30.06.2021 (₹)	PREVIOUS QUARTER 01.01.2021 to 31.03.2021 (₹)	CORRESPONDING QUARTER 01.04.2020 to 30.06.2020 (₹)	YEAR TO DATE FIGURES 01.04.2020 to 31.03.2021 (₹)
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1	Total Income from operation	48.43	51.74	38.29	166.77
2	Net Profit / Loss for the period before tax and exception items	43.07	10.90	34.23	110.27
3	Net Profit/ Loss for the period before tax (after exception itmes)	43.07	6.11	34.23	112.02
4	Net Profit/ Loss for the period after tax (after exception itmes)	43.07	(22.19)	34.23	83.72
5	Total [Comprehensive income/ loss for the period [comprising profit/ loss for the period (after tax) and other comprehensive income/ loss (after tax)]	43.07	(22.19)	34.23	83.72
6	Paid up equity share capital	6,125.74	6,125.74	6,125.74	6,125.74
7	Reserve (excluding revaluation reserve) as shown in the balance sheet for previous years	91,021.82	91,021.82	91,021.82	91,021.82
8	Earning per share (of Rs. 10/- each) not Annualised-Basic & Diluted	0.007	(0.004)	0.006	0.014

Note 1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Result filed with the stock exchange under Regualtion 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly Financial Result are available on the company's website www.sunshinecapital.in and also available on the website of BSE Limited on www.bseindia.com

For and on behalf of board of directors of
Sital Leasing and Finance Limited

Date: 12.08.2021
Place: New Delhi

SURENDRA KUMAR JAIN
Managing Director
DIN: 00530035

एक नज़र

देर रात पटना में ड्राइविंग पर निकले तेजस्वी यादव, आरजेडी में उथल-पुथल का चेहरे पर नहीं दिखा असर

पटना (एजेंसी) । तेजप्रताप यादव से राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के मनमुटाव और पोस्टर विवाद के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बुधवार रात पटना पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस मामले पर वे गुरुवार को विस्तार से बात करेंगे। इस बीच रात में तेजस्वी यादव खुद गाड़ी ड्राइव करते हुए पटना की सड़कों पर निकले। भले पार्टी में विवाद हो लेकिन उनके चेहरे पर कोई टेंशन नहीं दिख रहा था। गाड़ी चलाते हुए वे कई इलाकों से गुजरे। बताया जाता है कि उन्होंने दीघा की ओर जाकर बाढ़ के हालात देखे। गौरतलब है कि राजद में अभी सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह नाराज हैं। पोस्टर से तेजस्वी का फोटो

गायब होने और पोस्टर पर कालिख पोते की घटना से उथल-पुथल मची है। राजद के एक कार्यक्रम में तेजप्रताप यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को हिटलर तक कह डाला था। उससे पहले पांच जुलाई को राजद के स्थापना दिवस पर भी तेजप्रताप के बयान से प्रदेश अध्यक्ष खिन्न हो गए थे। उन्होंने इस्तीफे की पेशकश कर दी थी। हालांकि राजद सुप्रीमो के समझाने पर वे मान गए थे। लेकिन इस बार वे काफी नाराज हैं। किसी से मिल नहीं रहे। यहां तक कि पार्टी कार्यालय नहीं आ रहे। बुधवार रात पटना पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा कि इन मामलों पर वे प्रेस कांफ्रेंस कर विस्तार से अपनी बात रखेंगे। इस क्रम में उन्होंने एससी-एसटी का स्टाइपेंड बंद करने पर राज्य सरकार पर निशाना साधा। एयरपोर्ट से निकलने के बाद रात में तेजस्वी यादव कार से शहर का भ्रमण करने निकले। वे खुद गाड़ी चला रहे थे। सूत्रों का कहना है कि उन्होंने बाढ़ प्रभावित दीघा इलाके का जायजा लिया। वे इस दौरान पूरी तरह से टेंशन फ्री नजर आ रहे थे। चेहरे पर किसी तरह का तनाव का भाव नहीं था।

मधुबनी सदर अस्पताल में ओपीडी सेवा शुरू, सर्दी, बुखार जैसे मौसमी रोग के मरीजों की संख्या बढ़ी

मधुबनी (एजेंसी) । कोरोना की दूसरी लहर कम होने के बाद सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा शुरू हो गई है। ओपीडी में मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। वर्तमान समय में ओपीडी में सर्दी, बुखार जैसे मौसमी रोग के मरीजों की संख्या अधिक देखी जा रही है । गुरुवार को सदर अस्पताल का ओपीडी शुरू होने के साथ ही इसके मुख्य द्वार पर बाइक का बेतरतीब ठहराव नजर आने लगा । जिससे इलाज को आने वाले रोगियों को आवाजाही में परेशानी होती रही। ओपीडी के गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी इन बाइकों को हटाने से कतराते रहे । क्योंकि यहां लगी अधिकांश बाइक ओपीडी आने वाले चिकित्सकों व कर्मियों की थी । वहीं, इसी बीच एक रोगी के स्वजन गणेश यादव को यहां बाइक से आने पर यहां तैनात सुरक्षाकर्मी दूर से ही बाइक हटाने की नसीहत देने लगे । बुधवार को ओपीडी का संचालन चल रहा था । चिकित्सक अपने-अपने कक्ष में रोगियों को देख रहे थे। दवा काउंटर पर रोगियों

की भीड़ लगी थी। एक रोगी निशा खातून ने बताया कि सर्दी खांसी के इलाज को पहुंचे हैं । चिकित्सक ने कई दवा लिखी है। कुछ दवा सदर अस्पताल से मिला है । कुछ दवा बाहर से भी खरीदना होगा । दूसरे रोगी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि बुखार से पीड़ित बच्चे का इलाज कराने आए हैं । चिकित्सक द्वारा ढंग से इलाज नहीं करने से परेशानी हो रही है। एक रोगी के स्वजन ममता कुमारी ने बताया कि ओपीडी में शौचालय व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने से परेशानी हो रही है। ओपीडी के सामने जलजमाव से इलाज को आने वालो को परेशानी होती है । इधर , सिविल सर्जन डॉ. सुनील कुमार झा ने बताया कि ओपीडी के सामने बाइक के ठहराव की वस्तुस्थिति से अवगत होकर समुचित कार्रवाई की जाएगी। बाइक लगाने के प्रति उदासीन सुरक्षा गार्ड से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा ।

मुजफ्फरपुर के प्रभारी महापौर का निर्देश जलजमाव से निदान को हरसंभव उपाय करें अधिकारी

मुजफ्फरपुर (एजेंसी) । प्रभारी महापौर मानमर्दन शुक्ला ने शहर में जलजमाव से उत्पन्न हालात पर चिंता जताते हुए निगम के अधिकारियों को निदान के लिए हरसंभव उपाय करने को कहा। साथ ही पानी की निकासी में किसी प्रकार का अवरोध नहीं हो, इसके लिए नाले पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। वे

बुधवार को निगम कार्यालय में अंचल निरीक्षकों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने जलजमाव से निजात को लेकर चल रहे कार्यों की समीक्षा की। कहा कि जिन मोहल्लों में लंबे समय से पानी लगा है वहां पंपिंग सेट से पानी निकाला जाए। शहर के सभी आउटलेट की निगरानी की जाए ताकि कहीं अवरोध नहीं हो। जिन नालों की उड़ाही नहीं हो पाई है उनकी उड़ाही की जाए। उन्होंने पार्षदों से अपने-अपने वार्ड के जलजमाव प्रभावित गली-मोहल्लों की सूची मांगी ताकि वहां जमा पानी को निकालने का उपाय किया जा सके। प्रभारी महापौर ने कहा कि जमा पानी निकालने के लिए यदि अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत हो तो उसे भी लगाया जाए। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान की योजना बनाने को कहा। बैठक में नगर आयुक्त विवेक रंजन मैत्रेय, सिटी मैनेजर ओम प्रकाश, सफाई प्रभारी कौशल किशोर एवं सभी अंचल निरीक्षकों ने भाग लिया।

चिराग पासवान को फिर चौंका सकते हैं पशुपति पारस, नीतीश को कोसना पड़ सकता है महंगा

पटना (एजेंसी) । पिछले साल 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने तेवर बदल लिए थे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ रहकर भी अचानक जमुई सांसद चिराग नीतीश कुमार के विरोध में उतर आए थे। विधानसभा चुनाव के दौरान हर रैली में नीतीश का समर्थन न करने की बात करते हुए जनता से जनता दल यूनाइडेट (जेडीयू) से पांच साल के कार्यों का हिसाब मांगने की बात कर रहे थे। हाल ही में चिराग के चाचा पशुपति कुमार पारस ने पलटी मारकर पांच सांसदों को अलग कर लिया था। अब पारस केंद्र में खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री हैं। पशुपति कुमार पारस पटना आने वाले हैं। यह भी संभव है कि वह नीतीश कुमार से मिलकर सरकार में अपने गुट की हिस्सेदारी की मांग कर सकते हैं। मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस 19 अगस्त को बिहार की राजधानी पटना आ रहे हैं। इस दौरान वे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात करेंगे। कहा जा रहा है कि पशुपति पारस नीतीश से बिहार सरकार में अपने गुट (लोजपा) की हिस्सेदारी की मांग कर सकते हैं। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) का मात्र एक ही प्रत्याशी विधायक बन सका था।

रेल यात्रियों के लिए काम की खबर, अब पटना में लोकल ट्रेनों के लिए बनेगा अलग स्टेशन

पटना (एजेंसी) । पटना में अब जल्दी ही एक और रेलवे स्टेशन बनने जा रहा है। जी हां, अब लोकल ट्रेनों के लिए अलग से हार्डिंग पार्क में स्टेशन बनाने का रास्ता साफ हो गया है। पटना उच्च न्यायालय ने हार्डिंग पार्क के दक्षिण में 4.8 एकड़ जमीन रेलवे को देने के निर्णय पर राज्य सरकार को सहमति दे दी है। अब राज्य सरकार शीघ्र ही हार्डिंग पार्क की जमीन रेलवे को स्थानांतरित करेगी। जमीन मिलते ही स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। दो साल के अंदर हार्डिंग पार्क स्टेशन बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद यहां से पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ राजेश कुमार ने बताया कि हार्डिंग पार्क में जमीन स्थानांतरण की जो अड़चनें आ रही थीं, वे दूर कर ली गई हैं। सबकुछ ठीकठाक रहा तो शीघ्र ही यहां स्टेशन का

निर्माण शुरू हो जाएगा। यहां से दो साल के अंदर ट्रेनें चलने लगेंगी। हार्डिंग पार्क स्टेशन पर चार प्लेटफार्म का निर्माण होना है। इन पर एक साथ तीन पैसेंजर ट्रेनें आकर रुक सकती हैं। अभी मुख्य स्टेशनों पर ट्रेनों से यात्रियों के उतरने या चढ़ने के लिए एक ही प्लेटफार्म होता है। इस स्टेशन से यात्रियों के चढ़ने-उतरने के लिए दोनों ओर प्लेटफार्म बनाए जाएंगे, जिससे यात्रियों को सहूलियत होगी। हार्डिंग पार्क स्टेशन से केवल मेमू ट्रेनों को चलाई जाएंगी। इनमें वापस लौटने के लिए इंजन बदलना अनिवार्य नहीं होता है। यहां जो भी ट्रेन जिस रूट से आएगी, जरूरत पड़ने पर फिर से उसी रूट में वापस लौट जाएगी। इससे ट्रेनों को रवाना करने में विलंब नहीं होगा। हार्डिंग पार्क स्टेशन से पटना-बक्सर, पटना-इस्लामपुर, पटना-बख्तियारपुर-तिलैया, पटना-किउल, पटना-झाझा, पटना-राजगीर, पटना-हाजीपुर, पटना-बरौनी, पटना-मुजफ्फरपुर, पटना-छपरा, पटना-रक्सौल, पटना-जयनगर आदि शहरों के लिए लगभग 100 से अधिक पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। केवल पटना-गया रेलखंड का परिचालन इस स्टेशन से नहीं किया जाएगा। हार्डिंग पार्क स्टेशन को सीधे पटना जंक्शन से जोड़ने की योजना है। कोई भी यात्री लंबी दूरी की ट्रेनों से पटना जंक्शन उतरने के बाद सीधे हार्डिंग पार्क स्टेशन आ सकता है। अभी डाक विभाग के कुछ आवासीय परिसर व खेल ग्राउंड मिलना बाकी है। इसकी प्रक्रिया भी फाइलों में ही कैद है। हार्डिंग पार्क में स्टेशन बन जाने के बाद पटना जंक्शन से लोकल ट्रेनों का लोड लगभग समाप्त हो जाएगा। 100 ट्रेनें इस स्टेशन से खुलने लगेंगी। पटना जंक्शन का लोड घटने के बाद यहां से लंबी दूरी की कई ट्रेनों के परिचालन का रास्ता साफ हो जाएगा। रेलवे की ओर से हार्डिंग पार्क स्टेशन की 4.8 एकड़ जमीन के बदले बिहार सरकार को पटना घाट स्टेशन की 18.54 एकड़ जमीन पहले ही दी जा चुकी है। इतना ही नहीं, दानापुर स्टेशन के समीप 9.6 एकड़ जमीन बिहटा-खगौल एलीवेटेड रोड के लिए जमीन देने की घोषणा रेलवे की ओर से की जा चुकी है।

भागलपुर नगर निगम में फर्जी ट्रेड लाइसेंस के मामला, जांच में घिरी दिव्या और गौतम

भागलपुर (एजेंसी) । नगर निगम में फर्जी ट्रेड लाइसेंस के मामले ने शहरी क्षेत्र के व्यवसायियों का विश्वास खोता जा रहा है। बिचौलिए और कुछ सरकारी कर्मियों के मेलजोल से व्यवसायी ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। इस समस्या के निदान के लिए नगर आयुक्त ने जांच समिति को 10 अगस्त तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। लेकिन, बुधवार को जांच समिति ने ट्रेड लाइसेंस की अनियमितता मामले में ट्रेड लाइसेंस शाखा तत्कालीन प्रभारी दिव्या स्मृति, कंप्यूटर आपरेटर गौतम कुमार साह को घेरे में लिया है। समिति के समक्ष गुरुवार को सुबह 11.30 बजे दोनों को अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगा। इसके लिए समिति ने कई बिंदुओं पर जवाब मांगा है। ट्रेड लाइसेंस फर्जीवाड़ा के जांच तथ्यों के आधार पर दोनों अपना पक्ष रखेंगे। इनसे जवाब में मांगा गया है कि जो लाइसेंस नवीकरण के लिए जारी हुआ है उसमें उनके द्वारा द्वारा हस्ताक्षर किया गया है या नहीं। इसके साथ एमआर रशीद पर हस्ताक्षर की मिलान पर जवाब मांगा जाएगा। पूर्व में निर्गत (ट्रेड लाइसेस), दिव्या के कार्यकाल का है। इस दौरान के लाइसेंस पर अंकित राशि और एमआर की राशि में भिन्नता पाई गई है। लाइसेंस पर अंकित राशि से अलग न्यूनतम राशि निगम कोष में जमा की गई है जो एमआर के कार्बन प्रति से स्पष्ट दर्ज है। प्रस्तुत ट्रेड लाइसेंस में पूर्व में नवीकरण कर जारी किये गए लाइसेंस के साथ रशीद निगम अभिलेखों व पंजी में कहीं भी दर्ज नहीं है। जबकि पहली

बार निर्गत प्रमाण पत्र पंजी में दर्ज पाया गया। समिति के समक्ष नवीकरण हेतु प्रस्तुत ट्रेड लाइसेंस की कंप्यूटर से जारी प्रतियों में पूर्व के वर्षों में नवीकरण तिथि, वर्ष, राशि तथा लाइसेंस नंबर अंकित है। लेकिन पंजियों से मिलान के क्रम में समिति ने पाया कि निर्गत लाइसेंस नंबर और नवीकरण से प्राप्त लाइसेंस का नंबर एक ही है। लेकिन पंजी मे उक्त नंबर अन्य व्यक्तियों फर्म के नाम पर दर्ज है। इसका भी जवाब मांगा गया है। इधर, डिप्टी मेयर राजेश वर्मा ने कहा कि जो भी कर्मी इसमें संलिप्त है उनके नाम सार्वजनिक होना चाहिए। नगर निगम में कर्मचारी व पदाधिकारी द्वारा ट्रेड लाइसेंस में जनता के साथ धोखाधड़ी की गई। जो भी जवाबदेह है सलाखों के पीछे होना चाहिए। जब तक दोषी सलाखों के पीछे नहीं होंगे तब तक विरोध जारी रहेगा। अब तो आरोप तय होने की संभावना देख कर्मी मामले में पर्दा डालने का प्रयास भी कर रहे हैं।

अब जातीय जनगणना के पक्ष में बीजेपी से उठी मांग

सीएम नीतीश के मंत्री ने कह दी बड़ी बात

पटना (एजेंसी) । जाति आधारित जनगणना को लेकर राजनीति गर्म है। भारतीय जनता पार्टी इसके खिलाफ है। जबकि, बिहार में उसके साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल जनता दल यूनाइटेड व हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा विपक्षी दलों की तरह जाति आधारित जनगणना का समर्थन कर रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने तो जाति आधारित जनगणना नहीं कराए जाने की स्थिति में पूरे देश में जनगणना के बहिष्कार का ही आह्वान कर दिया है। इस बीच बड़ी खबर यह है कि बीजेपी के अंदर से भी जातियों की जनगणना के पक्ष में स्वर उभरा है।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में बीजेपी कोटे के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय ने कहा है कि जाति आधारित जनगणना भी हो और जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून भी बने। रामसूरत राय बिहार में बीजेपी कोटा के पहले मंत्री हैं, जिन्होंने कुछ शर्तों के साथ ही सही, जाति आधारित जनगणना की मांग का समर्थन किया है। बिहार में अब तक एनडीए में जेडीयू, व हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा तथा विपक्ष में

आरजेडी, कांग्रेस व वाम दल इस मांग का समर्थन कर रहे हैं। बीजेपी नेता व मंत्री रामसूरत राय ने कहा कि जाति आधारित जनगणना और जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून, दोनों जरूरी हैं, लेकिन यह उनके अधिकार क्षेत्र का विषय नहीं है। उन्होंने बीजेपी कोटे के ही दूसरे मंत्री नीरज कुमार बबलू की मांग पर टिप्पणी करने से इनकार किया, जिसमें जातीय जनगणना से पहले जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने की राय दी गई थी। रामसूरत राय ने जातीय गणना के बारे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र के बारे में कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री सक्षम हैं। रामसूरत राय ने कहा कि जाति आधारित जनगणना पर निर्णय करने का अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है। केंद्रीय नेतृत्व सही समय पर सही निर्णय लेगा।

बिहार के नालंदा में लंबे समय से चल रहा था उम्र कम करने का खेल, रैकेट में ऐसे लोग भी हैं शामिल

बिहारशरीफ (एजेंसी) । जिले में पहली बार एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश हुआ है, जो बीते कई वर्षों से जघन्य अपराध के आरोपितों को नाबालिग दर्शा कर उन्हें सजा से बचाने की साजिश करता आ रहा था। इस गैंग में कोर्ट के मुंशी से लेकर सरकारी स्कूल के शिक्षक व प्रिंटिंग प्रेस के संचालक तक शामिल हैं। बिहार थानाध्यक्ष ने स्वयं 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। अभी इनमें से कोई गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। परंतु थानाध्यक्ष का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपित सलाखों के पीछे होंगे। इस गैंग की कारगुजारी किशोर न्याय परिषद में पिछले दिनों राजगीर के चर्चित ठेकेदार कुंदन सिंह हत्याकांड की सुनवाई के दौरान सामने आई थी। हत्या के मुख्य आरोपित कुंदन कुमार की ओर से आदर्श मध्य विद्यालय सरमेरा का विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। इस प्रमाण पत्र पर प्राथमिक विद्यालय तकिया पर, बिहारशरीफ की मुहर थी। इसके जरिए आरोपित को नाबालिग साबित करने की कोशिश की गई थी। कोर्ट को संदेह हुआ तो इस संबंध में जज मानवेंद्र मिश्र ने एसपी को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की जांच कराने को कहा था। एसपी के आदेश पर बिहार थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने कोर्ट में पेश विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र की जांच शुरू की तो परत दर परत खुलती चली गई।

सरमेरा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने साफ कहा कि यह प्रमाण पत्र जाली है। तब थानाध्यक्ष ने सारा ध्यान फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले गैंग की ओर लगा दिया। पता चला कि एक लंबा चौड़ा रैकेट फर्जी सर्टिफिकेट बनाने के खेल में लगा है। जिसमें कोर्ट के मुंशी से लेकर स्कूल के शिक्षक और प्रिंटिंग प्रेस वालों की भी संलिप्तता है। पुख्ता सबूत के आधार पर बिहार थानाध्यक्ष ने कुल 10 लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। अगर इनके खिलाफ आरोप साबित हो गए तो इन सभी को उम्र कैद तक की सजा हो सकती है। याद दिला दें कि दो साल पहले राजगीर में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में भी आरोपितों को नाबालिग साबित कर सजा से बचने की कोशिश की गई थी। बाद में इन सभी के भी उम्र प्रमाण पत्र जाली पाए गए थे। मेडिकल जांच में भी सभी बालिग पाए गए थे। इस आधार पर उन्हें सजा सुनाई गई थी। बहरहाल ताजा मामले में फर्जीवाड़ा करने वाले रैकेट के पर्दाफाश के बाद इतना तय हो चला है कि अब नाबालिगों से अपराध कराने वाले अथवा बालिग को नाबालिग साबित कर सजा से बचाने की साजिश करने वाले बच नहीं सकेंगे। कोर्ट का मुंशी नागेन्द्र सिंह किशोर उम्र का फर्जी सर्टिफिकेट बनाने का मास्टर माइंड है। वह वरिष्ठ अधिवक्ता दिवंगत सत्यदेव सिंह का साला है। एक अन्य अभियुक्त उपेन्द्र पिता गनौरी यादव भी कोर्ट का मुंशी ही है। उपेन्द्र अधिवक्ता राकेश का मुंशी है।

आजादी के संघर्ष के दौरान नेताओं ने धारण की थी गांधी टोपी, गया के खादी ग्रामोद्योग में हो रही तैयार

मानपुर (गया) (एजेंसी) । आजादी के संघर्ष के दौरान नेता लोग गांधी टोपी धारण कर अंग्रेजों से लोहा लेने रणभूमि में जाते थे। स्वाधीनता संघर्ष के दौरान हाथ से काते गए सूत से बनी टोपी आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की प्रतिक थी। ब्रिटिश सोलर हैट के समक्ष यह टोपी स्वदेशी जवाब था। आजादी के बाद जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री और मोरारजी देसाई गांधी टोपी नियमित पहने हैं। ऐसी टोपी पुराने सभी कांग्रेस नेता पहनते थे। जगजीवन राम, वायबी चहाण चंद्रभूषण गुप्त, चौधरी चरण सिंह, डीपी मिश्र आदि स्वाधीनता संग्राम के सेनानी रह चुके कदावर और प्रभावी नेताओं की वेशभूषा के तो अंग ही गांधी टोपी थी। आज भी गांधी टोपी की महता काफी है। स्वतंत्रता दिवस के दिन सरकारी एवं गैर सरकारी

शिक्षण-संस्थानों में तिरंगा फहराने के दरम्यान गांधी टोपी अवश्य पहना करते हैं। देश की आजादी पर आधारित शहर एवं ग्रामीण इलाका में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा गांधी टोपी का प्रयोग किया जाता। इसलिए इसकी मांग मगध प्रमंडल में काफी है। गांधी टोपी आत्म निर्भरता का प्रतिक है। इससे काफी संख्या में बेरोजगार महिला-पुरूष को रोजगार मिली । महिलाओं के द्वारा हाथ से चरखा पर पूनी से सूत की कताई की गई। उसके बाद सूत को बेहतर तरीके से सरिआया गया। फिर करघा पर हाथ से सूत की बुनाई कर थान तैयार की गई। उसके बाद हाथ से संचालित मशीन में थान को सफेद रंग से रंगाई किया गया। उसके बाद कुशल कारिगरों के द्वारा कटिंग कर टोपी तैयार की गई। सभी टोपी में आयरन देकर बंडल बनाया गया।

बिहार के कई जिलों में गहराया बाढ़ का कहर, पटना में भी डराने लगी बेकाबू होती गंगा

पटना (एजेंसी) । गंगा के बढ़ते जलस्तर और इससे बाढ़ की आशंका के मद्देनजर सरकार अलर्ट मोड में है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सड़क मार्ग से पटना और इसके आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पटना के दीघा से मोकामा तक, राघोपुर, बख्तियारपुर, पंडारक, बाढ़ से सटे दियारा के इलाकों, मोकामा के टाल क्षेत्रों, समस्तीपुर के मोहिउद्दीनगर, बेगूसराय के बछवाड़ा एवं अन्य प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। इसके बाद देर रात 12 जिलों के जिलाधिकारियों के साथ बाढ़ के हालात की समीक्षा की। पटना के सोन और गंगा के दियारा में 14 क्षेत्र बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिए गए हैं। पटना के कई घाटों पर बेकाबू दिख रही गंगा साल 2016 की उफान का रिकार्ड तोड़ने जा रही है। स्थिति नहीं संभली तो पटना शहर में बाढ़ की आशंका है। गंडक, कोसी, घाघरा व सोन नदियों में उफान के कारण हालांत के लगातार गंभीर होने की आशंका है। इन नदियों का पानी भी अंततः गंगा के जल-स्तर को बढ़ाएगा। उधर, बाढ़ प्रभावित उत्तर बिहार में भी नदियों में चढ़ाव जारी है। पटना जिले में सोन और गंगा के दियारा में 14 क्षेत्र बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिए गए हैं। जिले में बचाव-राहत कार्य के लिए 18 जगहों पर राहत शिविर बनाए गए हैं। पटना सदर के बिंदटोली और गोसाई टोला के बाढ़ पीड़ितों के लिए अलग-अलग सामुदायिक रसोई प्रारंभ की गई है। बाढ़ अनुमंडल में भी दो जगह राहत शिविर में पीड़ितों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। दानापुर और मनेर में चार राहत शिविर बनाए गए हैं। पटना सदर प्रखंड में दो तथा बाढ़ अनुमंडल में 12 राहत शिविर बनाए गए हैं। राहत शिविरों में सौ फीसद कोरोना जांच और टीकाकरण की व्यवस्था कराई

गई है। अनुमंडल और अंचल अधिकारियों को आवश्यकता के अनुसार शिविर बढ़ाने के निर्देश दे दिए गए हैं। जिलाधिकारी डा. चंद्रशेखर सिंह ने दीघा से पटना सिटी तक गंगा सुरक्षा तटबंध के निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के अभियंता को अलर्ट रहने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि मनेर से मोकामा तक कुल 14 दियारा क्षेत्र में लगभग 1.25 लाख आबादी व 30 हजार से अधिक परिवार बाढ़ से प्रभावित है। पटना में गंगा का उफान लगातार बढ़ रहा है। नदी कई घाटों पर साल 2016 का रिकॉर्ड तोड़ देने पर आमादा दिख रही है। अगर गंगा के जल-स्तर में वृद्धि की हालात ऐसी ही रही तो पटना शहर में भी बाढ़ का पानी घुस जाएगा। हालांकि, जिला प्रशासन तमाम एहतियाती उपाय करने में जुट गया है। बाढ़ से बचाव के लिए पटना की सुरक्षा दीवार के गेटों को बंद करने की व्यवस्था की गई है। गंगा में उफान के अभी और बढ़ने की आशंका यूं ही नहीं है। हाथीदह में गंगा 24 से 48 घंटे में रिकार्ड जलस्तर को पार कर रही है। यहां 2016 में गंगा 43.17 मीटर पर पहुंची थी। बुधवार की रात 11 बजे यहां का जल-स्तर अपने रिकार्ड जल-स्तर से केवल 17 सेमी कम 43 मीटर पर था। गुरुवार तक यह 43.22 मीटर को पार कर जाएगा। गंगा ने साल 2016 में साल 1971 का रिकार्ड तोड़ा था। तब हाथीदह में 43.15 मीटर का रिकार्ड था। बक्सर में बुधवार की रात 9.40 लाख क्यूसेक पानी का बहाव हो रहा था। पटना के दीघा व गांधी घाट पर भी गंगा अपने पुराने रिकार्ड को छेने को बढ़ रही है। जल-स्तर बारिश से भी बढ़ेगा, यह तय है। मौसम विभाग ने पटना समेत बिहार के अधिकांश जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। उधर, गंडक, कोसी, घाघरा व सोन के जल-स्तर में भी वृद्धि जारी है। गंडक वैशाली के लालगंज में खतरे के निशान को पार कर गई है। बागमती, अधवारा, कमला बलान, भूतही, खिरोई नदियां भी खतरे के निशान के पार चली गई हैं। वीरपुर बराज पर कोसी, वाल्मीकिनगर बराज पर गंडक और इन्द्रपुरी बराज पर सोन के जलस्तर में बढ़ोतरी चिंता बढ़ा रही है। यह पानी भी अंततः गंगा में भी गिरेगा।

टेनिसः टियाफो ने टोरंटो में शापोवालोव को हराया

टोरंटो (एजेंसी) । अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने कनाडा के टोरंटो में जारी नेशनल बैंक ओपन में स्थानीय स्टार डेनिस शापोवालोव को सीधे सेटों में हराकर अपना विजयक्रम जारी रखा है। 23 वर्षीय अमेरिकी ने बुधवार शाम को अपने दूसरे दौर के मैच में शापोवालोव को 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया में 52वें स्थान पर काबिज टियाफो ने अच्छा प्रदर्शन किया और इस मैच में ब्रेकप्वाइंट का सामना नहीं किया। शापोवालोव ने हवा की परिस्थितियों में संघर्ष किया और टियाफो को अपनी सर्विस के साथ संघर्ष करते हुए मैच को अपने नियंत्रण लेने की अनुमति दी। फ्रांस के गेल मोनफिल्स ने ऑस्ट्रेलिया के जॉन मिलमैन को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया जबकि रूस के एंड्री रुबलेव ने इटली के फैबियो फोगनिनी को 7-6 (4), 6-3 से हराया। इसी तरह पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काक्स जापान के केई निशिकोरी के अपने मुकाबले से हटने के बाद आगे बढ़े। एक अन्य मैच में अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन ने फ्रांस के बेनोइट पायर को 7-5, 6-1 से हराया जबकि अमेरिका के जॉन इस्नर ने चिली के क्रिस्टियन कैरिन को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

मेरा सपना है एक बार फिर चौंपियंस लीग जीतने काः मेसी

पेरिस (एजेंसी) । अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने बुधवार को कहा कि वह अपनी नई टीम पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के साथ चौंपियंस लीग जीतने का सपना देख रहें हैं। 34 वर्षीय मेसी ने अपनी पूर्व टीम बार्सिलोना के साथ चार चौंपियंस लीग खिताब जीते हैं। मेसी ने बार्सिलोना के साथ आखिरी चौंपियंस लीग खिताब 2015 में जीता था। पीएसजी अभी भी अपने पहले खिताब के खोज में है। 2020 के उसे फाइनल में बायर्न म्यूनिख से हार का सामना करना पड़ा था। पार्क दे प्रिंसेस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए मेसी ने कहा, मेरा लक्ष्य और मेरा सपना है कि मैं एक बार फिर चौंपियंस लीग जीतूं। मुझे लगता है कि हमारे पास इसे करने के लिए टीम है। मेसी ने पीएसजी के साथ दो साल का करार किया है, और अगर वे चाहें तो एक साल और बढ़ा सकते हैं। मेसी जल्द ही पीएसजी के लिए पहला मैच खेलते नजर आ सकते हैं। लीग 1 में इस रविवार को पीएसजी अपने घरेलू मैदान पर स्ट्रासबर्ग से खेल रहा है। मेस्सी ने एक बार फिर नेमार के साथ टीम बनाने के मौके के बारे में भी बताया। यह जोड़ी 2013 और 2017 के बीच बार्सिलोना के लिए एक साथ दिखाई दी थी। पीएसजी में इस जोड़ी के साथ फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे भी शामिल हैं, जिनका क्लब के साथ एक साल का अनुबंध शेष है। मेसी ने कहा, एमबाप्पे और नेमार के साथ खेलने के लिए मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं। नेमार और मैं एक दूसरे को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम एक साथ और अपने सभी साथियों के साथ टीम को और मजबूत करेंगे।

भारत के खिलाफ हुई हालिया सीरीज से श्रीलंका क्रिकेट को हुई मोटी कमाई

कोलंबो (एजेंसी) । भारत और श्रीलंका के बीच हाल ही में हुई सीमित ओवरों की सीरीज से श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को बड़ी रकम मिली है। कुणाल पांड्या के कोरोना की चपेट में आने के बाद भी टी20 मैचों के साथ दौरा पूरा हुआ। भारत ने वनडे सीरी 2-1 से जीती जबकि श्रीलंका ने समान अंतर से टी20 सीरीज जीती। इसके सचिव मोहन डी सिल्वा ने कहा कि तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने से एसएलसी को 1.45 करोड़ डॉलर (107 करोड़ रुपये) का राजस्व प्राप्त हुआ है। डेली एफ्टी द्वारा डी सिल्वा के हवाले से कहा है, एफ्टीपी (भविष्य के दौरे कार्यक्रम) के अनुसार यह दौरा केवल तीन वनडे मैचों के लिए था, लेकिन हमारे अध्यक्ष शम्मी सिल्वा बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को हमें अतिरिक्त तीन टी20 देने के लिए मनाने में कामयाब रहे, जिसके परिणामस्वरूप हमें फायदा हुआ। यह भारतीय क्रिकेट बोर्ड के साथ हमारे संबंधों के कारण संभव हुआ। हमें प्रसारण और अन्य अधिकारों जैसे मैदान, आदि से 1.45 करोड़ डॉलर मिले। डी सिल्वा ने कोविड -19 मामले के बावजूद दौरे को पूरा करने के लिए बीसीसीआई और भारतीय टीम को भी धन्यवाद दिया। श्रीलंका अब तीन वनडे और तीन टी20 मैचों के लिए 2-14 सितंबर तक दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा।

बोउमोस और कौको क्लब में अहम भूमिका निभाएंगेः एटीके मुख्य कोच हबास

कोलकाता (एजेंसी) । एटीके मोहन बागान के मुख्य कोच एंटोनियो लोपेज हबास को लगता है कि उनके दो नए विदेशी खिलाड़ी- ह्यूगो बोउमोस और जोनी कौको, आगामी एएफसी कप के साथ-साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में उनके के लिए कारगर साबित हो सकते हैं। पिछले सीजन में मुंबई सिटी एफसी के लिए आईएसएल ट्रॉफी जीतने के बाद अब बोउमोस एटीके मोहन बागान से जुड़ गए हैं और फिनलैंड के यूरो कप 2020 के बाहर हो जाने के बाद कौको ने क्लब के साथ करार किया है। हबास ने कहा कि, वे अच्छे खिलाड़ी हैं। बोउमोस आईएसएल में हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित होंगे। जोनी कौको भी हमारे लिए अहम खिलाड़ी हैं क्योंकि उनके पास डिफेंस और अटैक के बीच अच्छा का संतुलन है। ये दोनों विदेशी खिलाड़ी अगले सीजन के लिए हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। एटीके मोहन बागान ने इस साल की शुरूआत में मार्च में मुंबई सिटी एफसी से 2020/21 आईएसएल फाइनल हारने के बाद से सात नए खिलाड़ियों को क्लब में शामिल किया हैं - बोउमोस, कौको, लिस्टन कोलाको, अमरिंदर सिंह, दीपक टांगरी, आशुतोष मेहता और विद्यानंद सिंह, और अब कोच को आने वाले मैचों के लिए एक नई टीम बनानी होगी। हबास ने आगे कहा कि, मेरा यही मानना है कि अब हमें हर दिन मेहनत करना होगा और प्रतियोगिता के लिए टीम तैयार करनी होगी। हमें एक नई टीम बनानी होगी क्योंकि हमने टीम में बहुत सारे बदलाव किए हैं। मैदान पर सर्वश्रेष्ठ प्र्दशन करने के लिए हर दिन हम हर दिन प्रैक्टिस कर रहें हैं। एटीके मोहन बागान 18 अगस्त को अपने पहले मैच में, बेंगलुरु एफसी और क्लब ईगल्स (मालदीव) के बीच प्ले-ऑफ टाई के विजेता से भिड़ेंगे। अपने बाकी के दो ग्रुप मैचों में, वे 21 अगस्त को माज़िया स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन (मालदीव) और 24 अगस्त को बशुंधरा किंग्स (बांग्लादेश) के खिलाफ खेलेंगे।

ओलम्पिक चौम्पियन चोपड़ा विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

मुंबई (एजेंसी) । टोक्यो ओलंपिक भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक ने भारत के नीरज चोपड़ा को हर बुधवार को अपडेट होने वाली नवीनतम विश्व एथलेटिक्स रैंकिंग में 14 स्थान की बढ़त के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। चोपड़ा, जिन्होंने शनिवार को टोक्यो में 87.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था, जर्मनी के जोहान्स वेटर से 1395 अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। 1396 अंकों के साथ शीर्ष क्रम के जर्मन वेटर टोक्यो में फाइनल में विफल रहे और नौवें स्थान पर रहे।

पोलैंड के मार्सिन क्रुकोवस्की 1302 अंकों के साथ तीसरे जबकि टोक्यो में रजत पदक जीतने वाले चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज 1298 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर 1291 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। चोपड़ा एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं और निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। ओलंपिक की शुरूआत से पहले, चोपड़ा ने कहा था कि यह उस दिन का प्रदर्शन है जो विश्व रैंकिंग से अधिक मायने रखता है। वह रैंकिंग में उच्च पदों पर काबिज लोगों से आगे स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित करने गए।

चोपड़ा फिलहाल ब्रेक पर हैं और वापसी पर डायमंड लीग के फाइनल में पहुंचने की उम्मीद करेंगे। उन्होंने ओलंपिक से पहले विदेश में चार स्पर्धाओं में हिस्सा लिया थाष इस साल मार्च में पटियाला में 88.07 मीटर की दूरी के साथ उन्होंने अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए अपने सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया था।

चोपड़ा के लिए अब लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में भाला फेंक में प्रमुख बल के रूप में अपनी जगह पक्की करने के लिए 90 मीटर का आंकड़ा पार करना है।

सिराज का बेयरस्टो को आउट करने के बाद 'चुप होने' का इशारा करना गैर जरूरी थाः दिनेश कार्तिक

लंदन (एजेंसी)। दिनेश कार्तिक को लगता है कि मोहम्मद सिराज का पहले टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को आउट करने के बाद 'चुप होने' का इशारा करना गैर जरूरी था। उनका हालांकि मानना है कि यह भारतीय तेज गेंदबाज अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में आगे इन चीजों को समझ जायेगा। बेयरस्टो को आउट करने के बाद सिराज अपने जश्न मनाने के दौरान आक्रामक थे और उनका इस ड्रा हुए टेस्ट में कई बार इस बल्लेबाज से शब्दों का आदान प्रदान भी हुआ।

कार्तिक श्रृंखला के दौरान कमेंटरी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, उन्होंने 'द टेलीग्राफ' में लिखा, ''मुझे यह लगता है कि सिराज ने जब बल्लेबाज को आउट करने के बाद चुप रहने का इशारा किया तो यह अनावश्यक था। आप पहले ही आउट कर चुके हो तो इसकी जरूरत क्यों? सिराज के अंतरराष्ट्रीय करियर में यही पहली सीख है।'' उन्होंने कहा, ''हममें से कितनों ने यह सोचा होगा कि विराट कोहली आकर टीम के उत्साहित साथी को शांत करायेंगे? लेकिन भारतीय कप्तान को ट्रेंट ब्रिज पर सुनिश्चित करना पड़ा कि सिराज हद से आगे नहीं बढ़े।''

कार्तिक ने कहा, ''इस टीम ने जिस तरह का क्रिकेट खेला, मुझे यह बहुत पसंद है। खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वियों से शाब्दिक बहस में उलझने में झिझकते नहीं हैं जैसा सिराज और केएल राहुल ने किया। यह नये जमाने का भारत है।'' कार्तिक अगले महीने इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राउडर्स के लिये खेलेंगे, उन्होंने कहा कि आक्रामक होने के विभिन्न तरीके हैं। उन्होंने कहा, ''आक्रामकता विभिन्न तरीकों से दिखायी जाती है। कुछ खिलाड़ी जैसे विराट, सिराज और राहुल के लिये यह खुलम खुल्ला आपको मुंह पर जवाब देकर हो सकती है। लेकिन मैंने सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को इसी तरह से आक्रामक होते हुए नहीं देखा लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे आक्रामक नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन भारत के ज्यादातर तेज गेंदबाज शारीरिक आक्रामकता से दूर रहते हैं। वे गेंद से ही अपना काम करने को तरजीह देते हैं, जो ठीक भी है। भारत ने मुख्यतः विराट की तेज गेंदबाजी इकाई की वजह से विदेशों में अच्छा करना शुरू किया है। भारत ने लगातार आस्ट्रेलिया में फतह हासिल की है, इंग्लैंड से अब मुकाबला हो रहा है और साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका से होगा जिससे विदेशी टीम पर दबदबा बनाने के मौके मिलेंगे।'' कार्तिक ने कहा, ''यह श्रृंखला इसलिये दिलचस्प हो जाती है क्योंकि भारत ने अपने हाव भाव और आक्रामकता से स्पष्ट कर दिया है कि वे यहां जीतने आये हैं। लेकिन इंग्लैंड को सभी कमजोरियों के बावजूद उसकी सरजमीं पर हराना बहुत मुश्किल है।''

वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफपहले टेस्ट के लिए 13 सदस्यीय टीम घोषित की

किंग्स्टन (एजेंसी)। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के चयन पैनल ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए 13 सदस्यीय टीम में ऑफस्पिनर रोस्टन चेज को चुना है। . चेस ने अब तक 35 टेस्ट मैचों में 69 विकेट लिए हैं। दो मैचों की टेस्ट सीरीज गुरुवार से 16 अगस्त और 20-24 अगस्त तक सबीना पार्क में खेली जाएगी। इससे पहले सोमवार को वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। उन 17 सदस्यों में से शामरा ब्रूक्स, राखीम कॉर्नवाल, जहमार हैमिल्टन और केमर होल्डर को ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में नामित किया गया है। यह सीरीज वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के लिए नए आईसीसी विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरूआत है। दोनों टीमें पिछले डब्ल्यूटीसी चक्र में क्रमशः 8वें और छठे स्थान पर रहीं। मौजूदा फॉर्म में पाकिस्तान ने अपने आखिरी चार टेस्ट जीते हैं। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज को अभी तक अपने पिछले चार टेस्ट मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं की है।

केविन पीटरसन ने इंग्लैंड के इस बल्लेबाज की लगाई क्लास, कहा- अपना टैलेंट मत बर्बाद करो और विराट कोहली से कुछ सीखो

नई दिल्ली (एजेंसी) । इंग्लैंड के ओपनर टॉम बेंटन ने एक विस्फोटक बल्लेबाज के रूप में अपने इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत की थी। जब वह इंग्लैंड के लिमिटेड ओवरों के क्रिकेट में आए थे तब भी उन्होंने अपनी निडर बल्लेबाजी के अलावा पॉजिटिव क्रिकेट से फैन्स का ध्यान अपनी ओर खिंचा था। इंग्लैंड में इस समय भारत के साथ जारी टेस्ट क्रिकेट के अलावा द हंड्रेड टूर्नामेंट भी खेला जा रहा है और बेंटन क्रिकेट के इस नए और अनोखे टूर्नामेंट का हिस्सा हैं। द हंड्रेड टूर्नामेंट में बेंटन वेल्श फायर के लिए खेल रहे हैं। हालांकि बेंटन के द हंड्रेड में जारी प्रदर्शन से इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन खुश नहीं दिखाई दे रहे हैं। पीटरसन ने कहा है कि बेंटन अच्छी शुरुआत के बाद खराब शॉट खेल अपने विकेट गंवा रहे हैं और ऐसे में उन्हें भारतीय कप्तान विराट कोहली से कुछ सीखना चाहिए। पीटरसन का कहना है कि बेंटन तेजी से 30 के आसपास रन बनाते हैं और फिर वह खराब शॉट खेलकर तोहफे में अपना विकेट दे देते हैं। 22 साल के बेंटन ने द हंड्रेड में पिछली पांच पारियों में केवल 36, 0, 5, 2, और 15 रन ही बनाए हैं। पीटरसन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, उनमें बहुत टैलेंट है। लेकिन इस समय वह अपने टैलेंट को बर्बाद कर रहे हैं। वह काफी गेंदों को हवा में खेलते हैं। उन्हें जमीन के सहारे गेंद को खेलने की जरूरत है। उन्हें एक्स्ट्रा कवर पर और मिड विकेट पर तेजी से शॉट खेलना होगा। आपको पता होना चाहिए की फील्डरों के बीच गैप कहां हैं। पीटरसन ने बेंटन से कहा है कि उन्हें विराट कोहली और डेविड वॉर्नर जैसे बल्लेबाजों से सीखना चाहिए। पूर्व कप्तान का मानना है कि बेंटन अपनी टैलेंट का सही इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आपको वर्ल्ड में बेस्ट प्लेयर्स को देखना होता है। कितनी बार वो सोचते हैं कि मुझे हवा में शॉट खेलना है, और छक्का मारना चाहिए। विराट कोहली और डेविड वॉर्नर उन बल्लेबाजों को देखिए जो अपनी पारी की शुरुआत में वह एक्स्ट्रा कवर पर ग्राउंड के सहारे बाउंड्री बटोरते हैं। आप कितनी बार देखते हैं कि कोहली अपनी पारी की शुरुआत में छक्का मारते हैं? बेंटन को उनसे सीखने की जरूरत है और गेंद को नीचे जमीन पर रखने की जरूरत है।

ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के सम्मान में डाकघर का अनोखा कदम, लेटर बाक्स को बनाया स्वर्णिम

पानीपत (एजेंसी) । टोक्यो ओलिंपिक में जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल विजेता पानीपत के खंडरा गांव के नीरज चोपड़ा के सम्मान में भारतीय डाक विभाग ने सोने के रंग का विशेष लेटर बाक्स स्थापित किया है। यह लेटरबाक्स पानीपत के मुख्य डाकघर के गेट के बाहर लगाया है। नीरज चोपड़ा के सम्मान में ढेर सारे बधाई संदेश पहुंच रहे हैं। डाक विभाग के अधिकारियों का कहना हैं कि जल्द इन इन बधाई संदेशों को नीरज तक पहुंचाया जाएगा। बता दें कि डाकघर के लेटरबाक्स लाल रंग के ही होते हैं, लेकिन नीरज के सम्मान में डाकघर ने उस नियम को बदल दिया। लेटरबाक्स को सुनहरे रंग में रंग दिया है। मुख्य पोस्टमास्टर रंजू प्रसाद ने कहा कि नीरज की उपलब्धि बहुत बड़ी है। देशभर से बधाइयां आ रही हैं। डाकघर ने भी उनके सम्मान में विशेष स्टैंप बनाई है। यह उन्हें भेंट की जाएगी। जिस तरह पानीपत के डाकघर के बाहर सुनहरे रंग का लेटर बाक्स रखा गया है, ठीक वैसा ही लेटर बाक्स नीरज के गांव में रखा जाएगा। डाकघर में देशभर से पोस्ट पहुंच रही हैं। इंटरनेट मीडिया के दौर में चिट्ठियों का अकाल रहता है। लेकिन नीरज के लिए देश के कोने-कोने से बधाई संदेश आ रहे हैं। उनका सम्मान किया जा रहा है। इन सभी को नीरज तक पहुंचाया जाएगा। डाकघर की तरफ से नीरज का विशेष सम्मान किया जाएगा। मुख्य पोस्टमास्टर रंजू प्रसाद ने बताया कि आजादी की वर्षगांठ पर विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। पौधे लगाए जा रहे हैं। पंचकूला में पदयात्रा निकाली जाएगी। सेक्टर आठ से चरखा चौक तक पदयात्रा निकाली जाएगी। वहां पर स्वतंत्रता संग्राम के बारे में बताया जाएगा। निबंध लेखन प्रतियोगिता कराई जाएगी। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत एक महीने तक अभियान चलाया। ज्यादा से ज्यादा खाते खोलने के लिए जागरूक किया। नीरज के बारे में रंजू ने कहा कि यह अभूतपूर्व उपलब्धि है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया की वेबसाइट पर बांग्लादेश के जश्न का वीडियो देखकर भड़के जस्टिन लैंगर, मचा बवाल



सिडनी (एजेंसी) । आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर की कथित तौर पर बोर्ड की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो को लेकर क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक कर्मचारी के साथ बहस हो गई । इस वीडियो में बांग्लादेश के खिलाड़ी पिछले हफ्ते कंगारू टीम के खिलाफ पहली बार सीरीज जीतने का जश्न मनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार लैंगर और आस्ट्रेलिया टीम के मैनेजर गेविन डोवी के बीच सीरीज के तीसरे मैच के बाद क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू वेबसाइट पर डाले गए एक वीडियो को लेकर बहस हो गई। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को मेजबान बांग्लादेश की टीम 4-1 से जीती। रिपोर्ट के अनुसार इस मामले को शुरू में डोवी ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के डिजिटल कर्मचारी के साथ उठाया था, लेकिन जब वह नहीं माना, तो मामला बढ़ गया और लैंगर स्टाफ के सदस्य पर भड़क गए। डोवी ने तर्क दिया था कि बांग्लादेश टीम के गाने को सीए के वेबसाइट पर पोस्ट करना अनुचित था। इस घटना को कम से कम एक दर्जन लोगों ने देखा और कुछ खिलाड़ी इससे असहज थे। लैंगर ने इस मुद्दे पर किसी भी तरह की टिप्पणी करने से परहेज किया, पर डोवी ने कहा, टीम के स्वस्थ माहौल में ईमानदार और स्पष्ट चर्चा भी शामिल है। फिर चाहे वो खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ या टीम से जुड़े अन्य लोगों के बीच हो, जैसा इस मामले में हुआ। यहां नजरिए का अंतर था और हम किसी मामले को लेकर असहमत थे। हालांकि, ऐसा सबके बीच नहीं होना चाहिए थे। मैं इसका पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। सीए के बांग्लादेश में दो डिजिटल मीडिया आपरेटर थे। पांचवें और अंतिम टी-20 में आस्ट्रेलिया अपने अब तक के सबसे न्यूनतम टी-20 स्कोर पर सिमट गई। बांग्लादेश को 60 रनों जीत मिली। आस्ट्रेलिया को पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। आस्ट्रेलिया अब लगातार पांच टी20 सीरीज गंवा चुका है। उसने 21 में से सिर्फ छह मैच जीते हैं।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे पहलवान सनी जाधव को मिली रेलवे में नौकरी

इंदौर (एजेंसी) । ग्रीको रोमन पहलवान सनी जाधव, जो कि आजीविका चलाने के लिए कार धोने सहित कई अजीबोगरीब काम कर रहे थे, को आखिरकार भारतीय रेलवे में खेल कोटे से नौकरी मिल गई। 60 किलोग्राम भारवर्ग में राष्ट्रीय रजत पदक विजेता ने कहा, एक नियमित सरकारी नौकरी मुझे और मेरे परिवार को बड़ी वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। इससे मुझे केवल प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। पश्चिम रेलवे ने इंदौर के राष्ट्रीय पहलवान सनी जाधव को टिकट कलेक्टर (टीसी) पद पर इंदौर मे नियुक्ति दी है। सनी ने आज अपना पदभार भी ग्रहण कर लिया है। इंदौर में तैनात मुख्य टिकट निरीक्षक और अर्जुन अवार्डी कृपाशंकर पटेल उन्हें अपना काम और जिम्मेदारियां सिखा रहे हैं। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होने कठोर परिश्रम किया और इसका श्रेय उन्होने विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित अपने कोच वेद प्रकाश जावला, सरवर मंसूरी और अर्जुन अवॉर्डी कृपाशंकर पटेल के साथ-साथ पश्चिम रेलवे के स्पोर्ट्स अधिकारी ओलंपियन पप्पू यादव को दिया है। रेलवे कुश्ती टीम के कोच कृपाशंकर पटेल ने बताया कि जाधव को प्रतिभा खेल कोटा योजना के तहत चुना गया है जिसका उद्देश्य भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना व भारतीय रेलवे का नाम रोशन करना है। सनी जाधव ने मल्हार आश्रम इंदौर के कुश्ती केंद्र में भारतीय खेल प्राधिकरण के कुश्ती कोच एवं विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित माननीय वेद प्रकाश जावला सरवर मंसूरी और रेलवे के अर्जुन अवॉर्डी कृपाशंकर पटेल से कुश्ती प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

शहरी भारतीयों को लगता है कि सिंधु, मैरी कॉम और पीटी उषा ने भारत को गौरवान्वित किया हैः सर्वेक्षण

नई दिल्ली (एजेंसी) । हाल ही में संपन्न टोक्यो ओलंपिक 2020 ने चार दशकों में भारत की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग देखी और इसे अपना व्यक्तिगत दूसरा स्वर्ण पदक दिया। भारत के 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, कराए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु, मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और दिग्गज धाविका पीटी उषा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरवान्वित किया है।

3 से 6 अगस्त के बीच 1135 उत्तरदाताओं के बीच किए गए यूगॉव सर्वेक्षण के आंकड़ों से पता चलता है कि दो-तिहाई शहरी भारतीयों यानी कि 76 फीसदी को लगता है कि सिंधु ने एक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में देश को गौरवान्वित किया है। प्रमुख बैडमिंटन खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक 2020 में अपनी हालिया सफलता के बाद भारत की पहली महिला डबल ओलंपिक पदक विजेता बनीं। इसके अलावा, सिंधु के नाम पांच विश्व चौम्पियनशिप पदक भी हैं और पद्म श्री तथा पद्म भूषण और जैसे कुछ सर्वोच्च सम्माननीय पुरस्कारों की प्राप्तकर्ता हैं।

पीवी सिंधु के बाद, आधे से अधिक छह बार की विश्व चौंपियन मैरी कॉम (53 फीसदी) और भारतीय ट्रैक और फील्ड की रानी- पीटी उषा (52 फीसदी) ने देश को गौरवान्वित किया है। ये दोनों ही अलंकृत ओलंपियन हैं जिन्होंने देश के लिए वाहवाही बटोरी और कई लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बने। सानिया मिर्जा (45 फीसदी), साइना नेहवाल (44 फीसदी), गीता फोगट (35 फीसदी) और साक्षी मलिक (34 फीसदी) जैसी मेगा अचीवर्स सहित इस सूची में खिलाड़ियों का दबदबा है। हाल ही में टोक्यो ओलंपिक 2020 ने महिला शक्ति की ताकत दिखाई और इन नामों को सूची में देखना कोई आश्चर्य की बात

नहीं है। पांच में से दो शहरी भारतीयों (40 फीसदी) को लगता है कि इस साल की ओलंपिक विजेता मीराबाई चानू ने एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में देश को गौरवान्वित किया है, जबकि कर्णम मल्लेश्वरी- ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला भारोत्तोलन चौंपियन कर्णण मल्लेश्वरी को पांच में से एक से अधिक के लिए प्रेरणा माना जाता है। इन उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं में से एक भारत की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं- मिल्खा सिंह। द फ्लाइंग सिख के नाम से लोकप्रिय, देश की अत्यधिक सम्मानित खेल किंवदंती को लगभग आधे शहरी भारतीयों (46 फीसदी) द्वारा प्रेरक माना जाता है। पद्म श्री पुरस्कार विजेता ने ओलंपिक सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में देश को गौरवान्वित किया है। ओलंपिक के बारे में बात करते हुए, हाल ही में टोक्यो ओलंपिक 2020 के प्रतिभागियों और विजेताओं की सूची में स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा शामिल हैं।

लगभग एक चौथाई शहरी भारतीयों (24 फीसदी) को लगता है कि स्टार एथलीट ने देश को गौरवान्वित किया है। खेलों में उनकी शानदार जीत के बाद अब परिणाम भिन्न हो सकते हैं (सर्वेक्षण उनकी जीत से पहले किया गया था)। बहरहाल, उन्हें शहरी भारतीयों के एक उल्लेखनीय अनुपात से प्रेरक माना जाता है। भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण विजेता अभिनव बिंद्रा भी रैंकिंग (35 फीसदी) का हिस्सा हैं। बाकी सूची में अन्य ओलंपिक विजेता और प्रतिभागी शामिल हैं, जैसे लवलीना बोरगोहेन (23 फीसदी), बजरंग पुनिया (20 फीसदी), दीपिका कुमारी (26 फीसदी), विनेश फोगट (19 फीसदी), दुती चंद (18 फीसदी), रानी रामपाल (17 फीसदी) और मनिका बत्रा (15 फीसदी)। इन युवा एथलीटों के अलावा, देश कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों को मनाता है जिन्होंने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व किया और हमें गौरवान्वित किया। इस सूची में भारतीय हॉकी जादूगर- ध्यानचंद (33 फीसदी), भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान- धनराज पिल्ले (22 फीसदी), ओलंपिक रजत पदक विजेता- राज्यवर्धन सिंह राठौर (18 फीसदी) और पूर्व ओलंपियन निशानेबाज- रणधीर सिंह (9 फीसदी) शामिल हैं।

गुस्से से फट पड़ीं अक्षरा, कहा- एंग्जाइटी अटैक आया तो बीच से फाड़ देंगे

'बिग बॉस ओटीटी' में हंगामा मच गया है और अक्षरा सिंह ने तांडव कर दिया है। दरअसल अक्षरा सिंह और प्रतीक सहजपाल इस हफ्ते घर के कैप्टन बने हैं। कैप्टन होने के नाते अक्षरा, उर्फी जावेद को कुछ काम के बारे में बता रही थीं। तभी निशांत भट्ट बीच में बोल पड़े और अक्षरा को कुछ ऐसा कह दिया, जिससे उनका पारा चढ़ गया और वह आपे से बाहर हो गईं। 12 अगस्त को 'बिग बॉस ओटीटी' की लाइव फीड के मुताबिक, अक्षरा सिंह, निशांत भट्ट पर खूब बरसीं और आगबबूला हो गईं। स्थिति इतनी आगे बढ़ गई कि अक्षरा को संभालना मुश्किल हो गया और उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। अक्षरा बोलीं, 'चार दिन के आए हैं सब। आपने अपना नाम बनाया है तो मैंने भी काम करके नाम बनाया है। सब क्या मुझे सुनाएंगे? सड़कछाप समझा है। पहले दिन से सब मुझे पर चढ़े जा रहे हैं। सिर पर चढ़ोंगे क्या? अभी माथा खराब है मेरा। मेरा बीपी बढ़ा है। हाथ-पैर कांप रहे हैं दूर रहिए सब। हम भी दोस्ती मेनटेन कर रहे हैं। कोई भी मेरे सिर पर चढ़कर बात नहीं कर सकता है। हम बता रहे हैं।' इस दौरान प्रतीक सहजपाल, अक्षरा को समझाने की कोशिश करते रहे और उन्हें शांत रहने के लिए कहने लगे। शमिता शेट्टी से लेकर नेहा भसीन तक ने अक्षरा को शांत करवाने की कोशिश की, पर अक्षरा किसी के भी काबू में नहीं आईं। अक्षरा आगे बोलीं, 'एंग्जाइटी अटैक आया तो बीच से फाड़ देंगे सबको। समझा ना? बहुत ताकत लेकर आई हूं मैं। हम तमीज से बात कर रहे हैं तो कम से कम हमसे तमीज से बात करो सब। नहीं तो तुम कितने भी बड़े तोप हो, हम नहीं जानते हैं। मेरा बाप कोई नहीं है यहां। मुझे क्या करना है और क्या नहीं करना है, कोई नहीं बताएगा।' अक्षरा और निशांत की लड़ाई हो ही रही थी कि इसी दौरान उर्फी जावेद और जीशान खान भी आपस में भिड़ गए। प्रतीक, शमिता और नेहा भसीन उनके बीच में सुलह करवाती रह गईं। अब देखना होगा कि इस लड़ाई का क्या अंजाम होगा। क्या अक्षरा और निशांत के बीच सुलह हो पाएगी? इससे पहले अक्षरा का खाने को लेकर शमिता शेट्टी के साथ झगड़ा हो गया और उन्होंने शमिता को डॉमिनेटिंग बताया।

धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी और उनकी मां से यूपी और मुंबई पुलिस ने की पूछताछ

आयोसिस वेलनेस सेंटर की फ्रेंचाइजी के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनकी मां सुनंदा शेट्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक तरफ लखनऊ पुलिस ने शिल्पा और उनकी मां पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। वही दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश और मुंबई पुलिस अब पूछताछ के लिए ऐक्ट्रेस के घर पर पहुंच गई है। एक न्यूज पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक सुनंदा और शिल्पा के नाम पर दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। शिल्पा और उनकी मां पर आरोप है कि उन्होंने वेलनेस सेंटर की ब्रांच खोलने के नाम पर दो लोगों से करोड़ों रुपये लिए, लेकिन ब्रांच नहीं खोला गया। हालांकि, इस सब के बीच कंपनी की चेयरपर्सन किरण बावा ने इस मामले में स्पष्टीकरण देने के लिए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उनके मुताबिक शिल्पा शेट्टी और उनकी मां सुनंदा शेट्टी ने फ्रै से काफी समय पहले ही खुद को अलग कर लिया था।। मैं एक सिंगल पेरेंट और मेहनती बिजनसमैन हूं। फ्रै मेरे लिए एक ब्रांड नहीं बल्कि मेरे बच्चे की तरह है। जिसे काफी मेहनत के बाद मैंने खड़ा किया है। इस तरह की अफवाह उनकी कंपनी की ईमेज को नुकसान पहुंच रही है। शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को 19 जुलाई को पोर्नोग्राफी केस में मुंबई की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से ही ऐक्ट्रेस आए दिन किसी न किसी नए विवादों में घिरी नजर आ रही हैं।

वर्तमान पीढ़ी उन फिल्मों को पसंद करती है, जो स्क्रीन पर त्रुटिपूर्ण लोगों को चित्रित करती हैं: अली फैजल

अभिनेता अली फजल का मानना है कि आज त्रुटिपूर्ण लोगों की कहानियों ने सुर्खियां बटोर ली हैं और दर्शकों की इस पीढ़ी द्वारा इसका भरपूर आनंद लिया जा रहा है। उनका कहना है कि वर्तमान पीढ़ी उन फिल्मों के साथ प्रतिध्वनित होती है जो वास्तविक, त्रुटिपूर्ण, कमजोर लोगों को पर्दे पर चित्रित करती हैं क्योंकि यह एक मानवीय संबंध बनाती है। अली ने कहा कि कला का निर्माण करने का यह एक अच्छा समय है क्योंकि विभिन्न शैलियों के बीच कोई बारीक रेखा नहीं है और आज के दर्शक सिनेमा को स्वीकार कर रहे हैं जो समकालीन दुनिया की कठोर वास्तविकताओं को प्रदर्शित करता है। अभिनेता के लिए, सिनेमा का हिस्सा बनना जरूरी है जो अपने दर्शकों से बात करे और बिल्कुल काला या सफेद न हो। उनकी नवीनतम, फॉरगेट मी नॉट, संकलन रे की चार कहानियों में से एक में इसी भावना को समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को अपने पूर्ववर्तियों से सहानुभूति और अनुकूलन क्षमता के गुण विरासत में मिले हैं और साथ ही वे उदार, सबसे विविध और जुड़े हुए हैं। वे ऐसी फिल्मों के साथ प्रतिध्वनित होते हैं जो वास्तविक, त्रुटिपूर्ण, कमजोर लोगों को स्क्रीन पर चित्रित करती हैं क्योंकि यह एक मानवीय संबंध बनाती है। अली ने आगे कहा कि सिनेमा वर्तमान पीढ़ी की सामूहिक चेतना का एक अमिट हिस्सा बन गया है और कहानियों को जब न्याय के साथ पेश किया जाता है, तो स्क्रीन पर आकर्षक कंटेंट बनता है।

ऐक्टर प्रकाश राज का हुआ एक्सीडेंट, हैदराबाद में होगी सर्जरी, कहा- दुआओं में याद रखना

बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने ऐक्टर प्रकाश राज का एक्सीडेंट हो गया है। ऐक्टर ने इस बात की जानकारी अपने ट्विटर हैंडल के जरिए दी। ऐक्टर ने ट्वीट करते हुए लिखा, '10 अगस्त को मेरा एक्सीडेंट हो गया है। जिसमें छोटा सा फ्रैक्चर हुआ है। इसकी सर्जरी करवाने के लिए मैं हैदराबाद जाऊंगा। दुआओं में याद रखना।'

उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा,'गिरने की वजह से छोटा सा फ्रैक्चर आया है। जिसकी सर्जरी के लिए मुझे हैदराबाद मेरे दोस्त डॉ गुरुवरेड्डी के पास जाना होगा। जहां मेरे दोस्त सर्जरी करेंगे जिसके बाद मैं पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगा। चिंता की कोई बात नहीं है। दुआओं में याद रखें।' प्रकाश राज के खबर के सामने आने बाद प्रकाश राज के फैंस उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। एक ट्विटर यूजर ने लिखा,'आप जल्दी ठीक हो जाओ। एक दूसरे यूजर ने लिखा, अच्छे से आपकी सर्जरी हो जाए और आप जल्दी ही ठीक हो जाए। एक तीसरे यूजर ने लिखा, जल्दी ठीक हो जाओ सर। हम आपको हॉस्पिटल के बेड पर नहीं बल्कि जल्द से जल्द स्क्रीन पर देखना चाहते हैं।' प्रकाश राज के दोस्त तेलुगु ऐक्टर-निर्माता बंदला गणेश और निर्देशक नवीन मोहम्मदाली ने भी उनके जल्द ठीक होने की कामना की। गब्बर सिंह जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले बंदला गणेश ने ट्विटर पर लिखा, 'ध्यान रखना अन्ना कुछ भी जरूरी हो तो प्लीज फोन करना। हम आपके साथ हैं।' नवीन ने कहा,'आपके जल्द ठीक होने की कामना।

कृति सेनन

ज्यादा फिल्में होने पर दवाब महसूस नहीं करती है

कृति सैनन हिंदी फिल्म उद्योग में इस समय अपने सुनहरे करियर के पीक प्वाइंट पर हैं। ज्यादा फिल्में होने के बावजूद इससे अभिनेत्री कोई दबाव महसूस नहीं करती है और इसके बजाय प्रेरित होती है। कृति की ताजा रिलीज मिमी है। उनकी डायरियां भरी हुई हैं क्योंकि उनकी लाइन-अप में हम दो हमारे दो, बच्चन पांडे, भेदिया और आदिपुरुष शामिल हैं। कृति के पास इतना अधिक काम है, क्या वह दबाव महसूस कर रही है? जवाब आया, नहीं, कोई दबाव नहीं है। फोर्ब्स की 2019 की भारत की सेलिब्रिटी 100 सूची में दिखाई देने वाली अभिनेत्री ने कहा, मैं उत्साहित, प्रेरित और रोमांचित महसूस करती हूं क्योंकि मैं यही करना चाहती थी। यही वह जगह है जहां मैं पहुंचना चाहती थी और जब मैं वहां पहुंच गई हूं तो मेरे सामने इस तरह के अवसर है।

कृति अपने रास्ते में आने वाले काम से खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैं ऐसी फिल्में कर रही हूं जो किसी भी शैली या स्वाद में बिल्कुल भी समान नहीं हैं। मुझे कई तरह के किरदार निभाने को मिल रहे हैं, ऐसे अद्भुत निर्देशकों और कहानियों के साथ काम करने का मौका मिल रहा है जिसका मैं हिस्सा बनना चाहती हूं। कृति ने कहा, प्यार और मान्यता एक बार जब यह बरसना शुरू हो जाता है तो आप अधिक संतुष्ट और प्रेरित महसूस करते हैं। मैं रोमांचित हूं और इस खूबसूरत चरण का आनंद ले रही हूं और मैं अपनी हर फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रही हूं।

अक्षय कुमार ने बताया, कब रिलीज होंगी उनकी फिल्में 'अतरंगी रे', 'रक्षा बंधन' और 'राम सेतु'

बॉलिवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार साल में सबसे ज्यादा फिल्में देने वाले ऐक्टर माने जाते हैं। हालांकि कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन में अक्षय की फिल्मों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया। पिछले साल हुए लॉकडाउन के बाद से अक्षय कुमार की केवल एक फिल्म 'लक्ष्मी' ऑनलाइन रिलीज की गई थी। अब एक बार फिर थिएटर्स खुलने के बाद अक्षय कुमार की फिल्म 'बेल बॉटम' 19 अगस्त को रिलीज होने जा रही है। अब लग रहा है कि एक बार फिर अक्षय कुमार की फिल्में धड़ाधड़ रिलीज होंगी। हाल में 'बॉलिवुड लाइफ' से बात करते हुए अक्षय कुमार ने बताया कि उनकी आने वाली तीन फिल्मों की शूटिंग खत्म हो चुकी है। इन फिल्मों में 'रक्षा बंधन', 'अतरंगी रे' और 'राम सेतु' शामिल हैं। अक्षय ने बताया कि इस साल उनकी 4 फिल्में आनी चाहिए। अभी तक ऐसा लग रहा है कि 'बेल बॉटम' के बाद ये तीनो ही फिल्में इस साल रिलीज हो सकती हैं। इन तीनों फिल्मों में से 'अतरंगी रे' और 'रक्षा बंधन' का डायरेक्शन आनंद एल राय ने किया है। 'अतरंगी रे' में अक्षय के साथ धनुष और सारा अली खान हैं जबकि 'रक्षा बंधन' में उनके साथ भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। अक्षय की फिल्म 'राम सेतु' का डायरेक्शन अभिषेक शर्मा ने किया है जो इससे पहले 'तेरे बिन लादेन', 'परमाणु' और 'सूरज पे मंगल भारी' जैसी फिल्में बना चुके हैं। इस फिल्म में



अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिस और नुसरत भरूचा नजर आएंगी। वैसे इन फिल्मों के अलावा अक्षय की फिल्म 'सूर्यवंशी' भी रिलीज के लिए तैयार है जो पिछले साल लॉकडाउन के कारण रिलीज नहीं हो पाई थी। रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में लंबे समय बाद अक्षय के साथ कटरीना कैफ नजर आने वाली हैं। साथ ही अक्षय कुमार फिल्म 'बच्चन पांडे' में भी काम कर रहे हैं जिसमें उनके साथ कृति सैनन नजर आने वाली हैं।

आर माधवन ने दिखाया हैरान करने वाला फ्लाइट के अंदर का नजारा, कहा- लग रहा भूत बंगले में हूं

आर. माधवन ने इंस्टाग्राम पर कुछ ऐसे वीडियोज शेयर किए हैं, जिन्हें देखकर आपको भी अपनी आंखों पर शायद यकीन न हो। माधवन ने इस वीडियो को शेयर करते हुए इसे दिलचस्प के साथ-साथ दुखद भी बताया है। चारों वीडियो को देखकर फैन्स हैरान हैं और यह सब देखकर उन्हें वाकई अजीब लग रहा। माधवन ने पिछले महीने (26 जुलाई 2021) को शूट किया यह वीडियो अब शेयर किया है। वह शूटिंग के सिलसिले में दुबई जा रहे थे, जब उन्होंने कई वीडियोज अलग-अलग शूट किए। आर माधवन ने इस ट्रैवल के दौरान वाले एक साथ 4 वीडियो शेयर किए हैं और इसपर दुख और हैरानी जताई है। पहला वीडियो उड़ती फ्लाइट के अंदर का है, जिसमें उनके अलावा कोई और पैसेंजर नहीं नजर आ रहा है। इसके अलावा एयरपोर्ट की भी झलक शेयर की है, जिसमें केवल वही नजर आ रहे हैं। कॉमन एरिया की जो झलक दिखाई है वह भी सूना पड़ा है और इसके बाद आखिरी वीडियो में उन्होंने बिजनेस क्लास लाउन्ज की झलक दिखाई है। वह कहते नजर आ रहे हैं, 'जरा बिजनस क्लास लाउन्ज का साइलेंस देखिए, कोई नहीं और न ही कोई आवाज है, ऐसा लग रहा है जैसे भूत बंगले में हूं मैं।' माधवन के इस वीडियो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स भी हैरान हैं। लोग पूछ रहे हैं, 'यह इतना खाली कैसे? यह काफी डरावना सा है।' कुछ को यह डरावना लग रहा तो कुछ को फनी, एक यूडर ने लिखा- आप जितनी चाहे उतनी सीट ले सकते हो। एक यूजर ने कहा है- ऐसा लग रहा है किसी फिल्म का सीन हो, प्लेन में अकेले और एयरपोर्ट पर भी अकेले। एक ने कहा- कुछ सेकंड देखकर तो मुझे लगा कि आपने पूरा फ्लाइट के लिए कितने रुपए दिए होंगे, मैं बेवकूफ था। उम्मीद है कि यह पेंडेमिक जल्द खत्म हो।

समय आ गया है कि हम दलित महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाएं: रिंकू राजगुरु

सैराट फेम अभिनेत्री रिंकू राजगुरु, जो आगामी फिल्म 200 हल्ला हो में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, उनका कहना है कि जब तक नई पीढ़ी दलित समुदाय, खासकर महिलाओं पर सदियों पुरानी क्रूरता के खिलाफ जागरूकता और

विरोध नहीं शुरू करेगी, तब तक बदलाव नहीं आएगा। उन्हें लगता है कि सिनेमा और लगातार बातचीत इस मामले में बदलाव का कारक हो सकती है। रिंकू ने बताया, मुझे लगता है कि पहली बार जब सार्थक सर (फिल्म के निर्देशक) ने कहानी सुनाई, तो मैं हिल गई, लेकिन वास्तविकता की तीव्रता इस बात की है कि कैसे दलित महिलाओं के साथ हर दिन क्रूरता की जाती है, और कोई भी इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाता है। एक युवा के रूप में, मेरा खून बस उबल गया! कैसे? ऐसा कैसे हो सकता है, दलित लड़कियों के साथ दिन के उजाले में बलात्कार होता है और कोई भी नहीं इसके बारे में बात करता है। 20 वर्षीय अभिनेत्री ने विराम लिया और अपना गुस्सा जाहिर किया। फिर उन्होंने आगे कहा, मुझे उम्मीद है, एक बार जब फिल्म रिलीज हो जाए और हर कोई इसे देख ले, तो असली पीड़ितों को पीड़ित महसूस करने के बजाय विरोध करना चाहिए और न्याय की मांग करनी चाहिए। जब तक हम जागरूकता पैदा नहीं करते, तब तक इस लिंग और जाति के आधार पर यह सदियों पुरानी क्रूरता को कभी नहीं रोका जाएगा। फिल्म में, रिंकु आशा नाम की एक युवा दलित लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो समुदाय के लोगों को इकट्ठा करती है और एक दलित लड़की के बलात्कार और हत्या का विरोध करती है और कैसे पुलिस से लेकर अदालत तक हर कोई मामले पर विचार करने और अपराधी को दंडित करने से इनकार करता है। फिल्म 200 हल्ला हो, जिसमें अमोल पालेकर, बरुण सोबती, साहिल खट्टर, सलोनी बत्रा, इंद्रनील सेनगुप्ता और उपेंद्र लिमये भी हैं, 20 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

द एम्पायर की महिलाओं के बारे में बोले निखिल आडवाणी

ऐतिहासिक और पीरियड ड्रामा के बारे में सोचते ही सबसे पहले दिमाग में राजा के सभी घोड़े और सभी राजा के आदमी आते हैं। हालांकि, द एम्पायर के श्रोता निखिल आडवाणी ने खुलासा किया है कि आगामी श्रृंखला महिलाओं के बारे में भी है और वे राजाओं और सम्राटों की नियति में कैसे हेरफेर करती हैं। द एम्पायर एक योद्धा से राजा बनने की एक काल्पनिक गाथा है, जो एलेक्स रदरफोर्ड की किताबों पर आधारित है, जो दो लेखकों डायना प्रेस्टन और उनके पति माइकल प्रेस्टन के उपनाम हैं। वे 6-पुस्तक ऐतिहासिक कथा सीरीज एम्पायर ऑफ द मोगुल के लिए जाने जाते हैं। 1526-1530 ईस्वी के बीच शासन करने वाले भारत के पहले मुगल सम्राट के ईर्द-गिर्द एक शो बनाने के बारे में बात करते हुए, निखिल ने कहा, एलेक्स रदरफोर्ड की पहली किताब बाबर के बारे में है और फिर यह 6 किताबों में पूरे साम्राज्य के बारे में पता लगाती है। हम अभी किताब से चिपके हुए हैं। विचार और अवधारणा पुस्तक के बारे में एक कहानी करना और संकलन के लिए सच होना था। उम्मीद है कि जैसे-जैसे मौसम आगे बढ़ेगा आप सभी सम्राटों को आते देखेंगे। लेकिन ज्यादा महत्वपूर्ण .. शो को सम्राट नहीं कहा जाता, इसे साम्राज्य कहा जाता है। यह अभिनेता कुणाल कपूर के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो सीरीज के राजा के रूप में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उनके साथ अभिनेत्री शबाना आजमी, दृष्टि धामी सहित कई अन्य लोग शामिल हैं, जिनमें डिनो मोरिया भी हैं। जो बात शो को और दिलचस्प बनाती है वह यह है कि यह केवल राजाओं और राज्यों तक ही सीमित नहीं है। निखिल ने जोर देकर कहा, शो में महिला किरदार बेहद महत्वपूर्ण हैं। अनुभवी अभिनेत्री शबाना आजमी, कुणाल के बाबर के नाममात्र चरित्र की दादी एसन दौलत की भूमिका निभाती नजर आएंगी। उनके चरित्र को एक शाही परिवार के सर्वशक्तिमान मुखिया के रूप में वर्णित किया जाएगा। दृष्टि ने एक योद्धा राजकुमारी खानजादा और बाबर की बहन की भूमिका निभाई है। सबसे पहले बाबर की दादी की कहानी बुनती है। इसके बारे में बात करते हुए, श्रोता ने कहा, जब मैंने किताब पढ़ी तो वे चीजें वास्तव में मुझे पसंद आईं। किंगमेकर और महिलाएं और जिस तरह का बलिदान उन्होंने किया है और वे खेल जो वे पृष्ठभूमि में रहते हुए खेल रहे थे।



उन्होंने आगे कहा, कैसे वे इन राजाओं और सम्राटों की नियति में हेरफेर करते हैं, जिसके बारे में हमने केवल पढ़ा है लेकिन यह उनकी अनकही कहानी है। यह सब तब आकर्षक हो गया जब हम सभी ने किताब पढ़ना शुरू किया। 8-एपिसोड की सीरीज को भारत और उज्बेकिस्तान के कई स्थानों पर शूट किया गया है। एम्मे एंटरटेनमेंट के निखिल आडवाणी द्वारा निर्मित, द एम्पायर एक राजवंश की शुरूआत का पता लगाती है। मिताक्षरा कुमार द्वारा सह-निर्देशित और मोनिशा आडवाणी और मधु भोजवानी द्वारा निर्मित, द एम्पायर जल्द ही केवल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

श्याम बेनेगल फिल्मों का विश्वकोश हैं: श्रेयस तलपड़े

अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने बॉलीवुड में अपने शुरूआती दिनों से ही अपनी काबिलियत साबित कर दी थी। उनकी शुरूआती फिल्मों में से एक वेलकम टू सज्जनपुर को दर्शकों ने खूब सराहा। 2008 में इक्का-दुक्का फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित, व्यंग्यपूर्ण कॉमेडी ने 1975 में चरणदास चोर फिल्माने के बाद शैली में उनकी वापसी को चिह्नित किया। फिल्म में काम करने की यादों को याद करते हुए श्रेयस ने बताया, सज्जनपुर में आपका स्वागत है मेरी निजी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। मैंने फिल्म की शूटिंग के लिए बहुत अच्छा समय बिताया। हम 30 दिनों के लिए हैदराबाद में शूटिंग कर रहे थे। श्रेयस ने अपने गांव के अशिक्षित लोगों के लिए एक पेशेवर पत्र लेखक की भूमिका निभाई, क्योंकि वह एक उपन्यास लेखक बनना चाहते थे। श्याम बेनेगल ने फिल्म के कथानक में अपनी कहानी कहने की कला को खूबसूरती से बुना है। महान निर्देशक के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए, श्रेयस ने कहा, श्याम बेनेगल फिल्मों के एक विश्वकोश की तरह हैं। मैंने उनसे सीखा, कि कोई भी कभी भी सीखना बंद नहीं करता है। वह बहुत जिज्ञासु थे, सवाल पूछ रहे थे और चीजों के बारे में उत्सुक थे। वह हमारे साथ अलग-अलग कहानियां साझा करते थे। वह बहुत पढ़ते थे और उस ज्ञान को दूसरों के साथ साझा करते थे। यह कुछ ऐसा है जो मैंने वास्तव में उनके बारे में प्रशंसा की और उनसे सीखा है। श्रेयस ने श्याम बेनेगल के निर्देशन के तरीके और उनके अभिनेताओं के साथ उनके समीकरण पर विचार किया। वह अपने अभिनेताओं पर बहुत भरोसा करते हैं। उन्होंने हमें कुछ

नया करने या कुछ नया करने की स्वतंत्रता दी। वह हमें सहज महसूस कराते थे। उन्होंने कहा, वह अपने अभिनेताओं से कहते थे, आप जो चाहें करें। चरित्र और परिदृश्य में रहकर हमने कुछ चीजें जोड़ी हैं। अगर संपादन तालिका में, उन्हें लगा कि दृश्य की आवश्यकता नहीं है, तो उन्होंने इसे काट दिया। लेकिन उन्होंने कहा, कुछ नया बनाने से खुद को न रोकें। आखिरकार, हम सपने सजा रहे हैं। हमें इसे अपने दर्शकों के लिए अच्छा बनाने की जरूरत है। श्रेयस ने क्रू और निर्देशक के साथ शूट के बाद साझा किए गए स्पष्ट पलों को याद किया। वो कहते हैं, शूटिंग के बाद भी बहुत मजा आता था। हर दिन यह एक बहुत ही आराम से मजेदार शूट हुआ करता था और शाम को हम सभी जिम में वर्कआउट करते थे। रात 8 बजे हम रेस्तरां में मिलते थे। अगर कोई कुछ शराब लेना चाहता था, हम उसे ऑर्डर करते और आराम करते। उन्होंने बताया कि कैसे बेनेगल फिल्म की शूटिंग के बाद अपने खाने को लेकर खास थे। श्याम बाबू हम सभी के लिए खाना मंगवाते थे और हर दिन वह पहले से ही शेफको बता देते थे कि उन्हें रात के खाने में क्या चाहिए। चाहे वह चिकन हो या मटन। वह अपने भोजन को पकाने के तरीके के बारे में बहुत विशिष्ट था। और हम सभी खाने की मेज पर बैठकर बात करते थे। ऐसी कई कहानियां थीं जो उन्होंने हमारे साथ साझा कीं। यह एक अद्भुत अनुभव था। श्याम बेनेगल के साथ श्रेयस के लिए यह एक अलग तरह के सिनेमा में काम कर रहा था।

शक्ति अरोड़ा ने किया खुलासा, क्यों है इश्क निभावा उनके लिए खास

लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेता शक्ति अरोड़ा, जिन्होंने नवीनतम पंजाबी एकल इश्क निभावा में अभिनय किया है, उन्होंने खुलासा किया है कि यह गाना उनके दिल के करीब क्यों है। इश्क निभावा को नितिन गुप्ता और रूपाली जग्गा ने गाया है। यह गीत उनके लिए क्यों खास है, इस बारे में बात करते हुए, शक्ति अरोड़ा ने कहा, इस संगीत वीडियो की मेरे दिल में एक खास जगह है, क्योंकि यह पंजाबी उद्योग में मेरा पहला संगीत वीडियो है और संगीत बेहद आकर्षक, रोमांटिक और सुखदायक है।

उन्होंने आगे कहा, जिस बात ने मुझे इस गाने की ओर आकर्षित किया वह बगल में खड़ा एक साधारण लड़का, एक निम्न मध्यम वर्गीय परिवार, जिसके छोटे-छोटे सपने हैं और लड़की के लिए उसके मन में प्रेम है। कहानी एक छोटे शहर के रोमांस के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो इसे दर्शकों के लिए और ज्यादा आकर्षक बनाती है। वीडियो में शक्ति अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल के साथ हैं। चंडीगढ़ में वीडियो की शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा, माहौल, पेशेवर क्रू और दिव्या जैसी अच्छी तरह से वाकिफ अभिनेत्री के साथ काम करने से काम का माहौल और मजेदार हो गया। दिव्या एक बहुत ही खुशमिजाज और मस्ती करने वाली लड़की है। अभिनेता ने कहा, चंडीगढ़ में पहली बार शूटिंग करना मेरे लिए एक शानदार अनुभव था। यह धाराप्रवाह पंजाबी बोलने वाले लोगों से घिरा होना काफी आकर्षक था। मुझे उनके आतिथ्य का अनुभव हुआ, वे बहुत गर्मजोशी और स्वागत करने वाले थे। इश्क निभावा के बोल मन्नू और शुभम शर्मा ने लिखे हैं जबकि संगीत नितिन गुप्ता और मन्नू ने दिया है।